दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶ 3 राजधानी बैकफुट में निगम प्रशासन,.... | 4 अभिव्यक्ति कहीं भारी न पड़ जाए .... | 9 मनोरंजन/खेल सुष्मिता सेन से 15 साल छोटे..... | 11 व्यापार जीएसटी काउंसील की बैठक...

www.navpradesh.com रायपुर, शनिवार 13 जून 2020, आषाण कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-123 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश की राजधानी दिल्ली में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों की कोरोना ने पोल खोल दी है। वहां के सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थान ऊंची दुकान और फीके पकवान वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। सरकार ने दर्जनों निजी अस्पतालों को कोरोना अस्पताल घोषित कर रखा है लेकिन वहां कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए माकूल इंतजाम ही नहीं है। जहां ऐसी व्यवस्था है वो मरीजों को दोनों हाथों से लूटने में लगे है। पैसा फेंको तमाशा देखों वाला खेल चल रहा है। निजी अस्पतालों में वाकई आपदा को अपने लिए अवसर में बदल लिया है।

पीक पर पहुंचना बाकी है और अभी से फूलने लगी स्वास्थ्य विभाग की सांस

देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 3 लाख के करीब, सर्वाधिक प्रभावित देशों में चौथे नंबर पर पहुंचा भारत

■ जुलाई मध्य या अगस्त की शुरुआत में संख्या तेजी से बढ़ेगी

■ वैक्सीन भी अगले साल की पहली तिमाही में आने की उम्मीद

नई दिल्ली(ए.)। देश में कोरोना वायरस के मामले अब तेजी से बढ़ रहे हैं और हाल फिलहाल इसमें कमी आने की संभावना नहीं है। भारत में कोरोना संक्रमितों की संख्या 3 लाख के करीब पहुंच चुकी है और आने वाले दिनों में इसके और विकराल होने की आशंका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रोज करीब 10 हजार मामले

देश में अब रोजाना कोरोना के करीब 10 हजार नए मामले आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक आज सुबह 8 बजे तक देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10956 नए मामले सामने आए। देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 297535 पहुंच चुकी है। अच्छी बात यह है कि इनमें से 147195 लोग इस महामारी से उबर चुके हैं। कोरोना से देश में 8498 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में अब अमेरिका, ब्राजील और रूस के बाद चौथे स्थान पर पहुंच चुका है।

चरमराने लगी है स्वास्थ्य व्यवस्था

इतने ही मामलों में दिल्ली सरकार के हाथपैर फूलने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि दिल्ली में कोरोना मरीजों की हालत जानवरों से भी बदतर है। लेकिन इसके पीछे की डरावनी जमीनी हकीकत दिल्लीवाले पिछले कई दिनों से देख रहे हैं। हॉस्पिटलों में बेड नहीं है, मरीज जहां-तहां पड़े हैं। कोई कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट्स पर सवाल उठा रहा है, कोई हॉस्पिटल पर राजनीति करने का आरोप लगा रहा है तो कहीं मौत के आंकड़े पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच आम दिल्लीवाला परेशान है कि आखिर वो कहां जाए।

भारत में कोरोना के मामले 3 लाख के पार, टॉप 4 संक्रमित राज्यों में 65% केस

भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मरीजों की संख्या तीन लाख के पार पहुंच गई है। कोरोना के वैश्विक आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर्स के मुताबिक शुक्रवार को शाम 7 बजे तक देश में कोरोना से अब तक 8.531 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कुल मरीजों की तादाद 300,821 है। वहीं 149,035 लोग ऐसे हैं जो कि स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट चुके हैं। गुरुवार को कोरोना वायरस के मरीजों के मामले में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत छह जून की सुबह ही इटली को पीछे छोड़ छठवें स्थान पर पहुंचा था और रात होते-होते स्पेन को भी पीछे धकेलते हुए वह पांचवें स्थान पर आ गया था।

महाराष्ट्र नंबर 1 पर

भारत के चार राज्यों में ही कोरोना के करीब 65 प्रतिशत मामले रिकॉर्ड किए गए हैं। सबसे अधिक महाराष्ट्र में करीब 97,648 केस हैं, जबकि तमिलनाडु में 40,698, दिल्ली में 34,687 और गुजरात में 22,032 मामले अब तक सामने आए हैं।

11 दिनों में एक लाख से ज्यादा केस

देश में 31 मई तक 190609 मामले सामने आए थे और वर्ल्डोमीटर के मुताबिक, 11 जून तक यह आंकड़ा 297001 तक पहुंच गया था। इस हिसाब से 11 दिनों में एक लाख छह हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

शहरी स्लम में और ज्यादा संक्रमण

शहरी क्षेत्रों में संक्रमण ज्यादा पाया गया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 1.09 गुना ज्यादा है। जबकि शहरी स्लम में यह थोड़ा और ज्यादा 1.89 गुना ज्यादा है। संक्रमण के चलते मृत्यु दर बहुत कम महज 0.08 फीसदी पाई गई।

सीएम भूपेश केबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

जुलाई में स्कूल खुलेंगे, पढ़ाई नहीं होगी बस एडमिशन मिलेगा

■ लॉकडाउनभर मास्क पहनना जरुरी, नहीं तो देना होगा जुर्माना

■ 20 अगस्त को मिलेगी किसान न्याय योजना की दूसरी किश्त

■ खरीफ सीजन में खाद, बीज और काम दिलाने पर भी विचार

■ बैठक में केंद्र से मिलने वाली राशि को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

नवप्रदेश वादाता

रायपुर। जुलाई महीने में छत्तीसगढ़ में स्कूल खुल सकते हैं, हालांकि स्कूल बच्चों की पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि एडमिशन के लिए खुलेंगे। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी मंत्रियों की बैठक ली। कोरोना संकट के बीच हुई इस बैठक में मंत्रियों से विभागवार चर्चा हुई। इस दौरान स्कूलों के खोलने, कोरोना संकट की तैयारी, क्वारंटीन सेंटर की स्थिति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी।

बैठक में किसानों के लिए खरीफ सीजन में सौगात देने पर भी चर्चा हुई है। सरकार ने तय किया है कि न्याय योजना की दूसरी किश्त अगस्त महीने में दी जायेगी। इससे पहले राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर न्याय योजना की शुरुआत हुई थी और किसानों को उनकी पहली किश्त जारी की गयी थी, अब 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती पर दूसरी किश्त जारी की जायेगी। बैठक में जुलाई से स्कूल में कक्षा संचालन की स्थिति नहीं बन पाने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि प्रदेश में जुलाई महीने से स्कूल-कालेज के संचालन की स्थिति नहीं है, जुलाई से सिर्फ एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी, प्रदेश में मास्क को अनिवार्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लॉकडाउन अभी जारी रहेगा

कोरोना को लेकर प्रदेश के हालात की विस्तृत समीक्षा की गयी। वहीं क्वारंटीन सेंटर की स्थिति और कैसे बेहतर हो, इस पर चर्चा की गयी। रविंद्र चौबे ने कहा कि लॉकडाउन की स्थिति को लेकर भी आज बैठक में चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक स्थिति में काफी हद तक प्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण रखा गया है, लिहाजा लॉकडाउन को अभी यथास्थिति बनाये रखा जायेगा।

जरूरतमंदों को काम दिलाने के साथ अन्य विषयों पर चर्चा

बैठक में केंद्र से देय राशि को लेकर भी चर्चा की गयी, वहीं जरूरतमदों को काम दिलाने और खरीफ के सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता को लेकर भी आज की बैठक में चर्चा की गयी। आर्थिक गतिविधियों के संचालन, जरूरतमंदों को काम दिलाने सहित विभिन्न विषयों पर मंत्रीमंडल के सहयोगियों के साथ विचार विमर्श किया।

सीएम योगी के बाद अब सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ(ए.)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी के बाद शुक्रवार को सीएम आवास को भी बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। यह धमकी यूपी पुलिस के 112 कंट्रोल रूम में मिली। इसके बाद एहतियात के तौर पर सीएम आवास के आस-पास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जैसे ही अधिकारियों को इस धमकी की जानकारी हुई हड़कंप मच गया, क्योंकि कुछ दिन पहले ही इसी तरह मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी मिली थी। उस मामले में एटीएस ने आरोपी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और सेना के तीनों प्रमुखों के साथ की बैठक

■ लद्दाख में भारत चीन सीमा तनाव

नई दिल्ली (ए.)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों के साथ बैठक की और लद्दाख में स्थिति की समीक्षा की। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है एक तरफ चीन तनाव को खत्म करने की बातें कर रहा है तो दूसरी तरफ सिक्किम से लद्दाख तक उसने सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों में बातचीत चलने के बावजूद, भारत ने लद्दाख, उत्तर सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सटे लगभग सभी संवेदनशील इलाकों में और सैनिकों की तैनाती की है जो चीन के समान सैन्य ताकत को बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि दोनों पक्षों का पैंगोंग और पूर्वी लद्दाख के कई इलाकों में आमने सामने का टकराव जारी है। सैन्य सूत्रों ने मंगलवार को दावा किया था कि दोनों देशों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गृह मंत्रालय ने फिर समझाया नाइट कर्फ्यू का सहीं मतलब

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते केसों के बीच गृह मंत्रालय ने अनलॉक 1.0 में रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू नाइट कर्फ्यू को लेकर एक बार फिर स्थिति स्पष्ट की है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस जरूरी सेवाओं को छोड़कर अन्य लोगों के घरों से बाहर जाने पर रोक रहनी चाहिए। हालांकि, हाईवे पर गाड़ियों को नहीं रोकने का आदेश दिया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने शुक्रवार को कहा, ''रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक लोगों के बाहर जाने पर पूरे देश में सख्ती से रोक है। हालांकि, जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को इससे छूट है। कुछ राज्य हाईवे से गुजर रहे लोगों, बस और ट्रकों को भी रोक रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि राज्यों से ऐसा नहीं करने को कहा गया है। गृह मंत्रालयन ने कहा है कि रात 9 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाईवे पर गाड़ियों को ना रोकने का आदेश

आदेश, अब सुबह 5 से रात 9 बजे तक खुलेंगी दुकानें

■ सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया फरमान

■ पूर्व आदेश में सुबह 7 से देर शाम 7 बजे ता वक्त

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। अभी-अभी बड़ी राहत भरी खबर सामने आ रही है। अब सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक दुकानें खुल सकेंगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। पूर्व में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक दुकान खोलने की अनुमति मिली थी। अनुमति प्राप्त दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिली छूट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कारोबारियों की मांग और आमजन की सहुलित को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अनुमति प्राप्त दुकानों, व्यावसायिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों को अब सवेरे 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। पूर्व में राज्य सरकार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

इस साल सेना को अफसर देने में यूपी सबसे आगे, छत्तीसगढ़ ने भी दिए चार अफसर

देहरादून (ए.)। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पास आउट होकर शनिवार को 333 युवा भारतीय थल सेना में अफसर बन जाएंगे। सबसे ज्यादा कैडेट देने में बीते वर्षों की तरह इस बार यूपी ने अपनी बादशाहत कायम रखी है। यूपी से सबसे ज्यादा 66 कैडेट पास आउट होंगे। हालांकि उत्तराखंड ने भी शीर्ष में जगह बनाई है। उत्तराखंड से इस बार 31 कैडेट सेना में अफसर बन रहे हैं। उत्तराखंड-बिहार के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर है। दूसरे नंबर पर 39 कैडेट के साथ हरियाणा है।

किस राज्य से कितने कैडेट:

*उत्तर प्रदेश 66, हरियाणा 39, उत्तराखंड 31, बिहार 31, पंजाब 25, महाराष्ट्र 18, हिमाचल प्रदेश 14, जम्मू कश्मीर 14, राजस्थान 13, मध्य प्रदेश 13, केरल 8, गुजरात 8, दिल्ली 7, कर्नाटका 7, पश्चिम बंगाल 6, आंध्र प्रदेश 4, **छत्तीसगढ़ 4**, झारखंड 4, मणीपुर 4, चंडीगढ़ 3, नेपाल 3, असोम 2, उड़ीसा 2, तमिलनाडु 2, तेलंगाना 2, मेघालय 1, मिजोरम 1 और लद्दाख 1 इन राज्यों से कैडेट नहींअंडमान निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, नागालैंड, पंडुचेरी, सिक्किम, त्रिपुरा।*

तीन कैडेट नेपाल के

एक तरह जहां नेपाल सीमा पर इन दिनों तल्खी चल रही है, वहीं आईएमए से तीन नेपाली कैडेट पास आउट होकर भारतीय सेना में अफसर बनेंगे। भारतीय सेना में नेपाली नागरिकों को मौका दिया जाता है। इसके तहत ही इनका चयन हुआ और शनिवार को यह अफसर बन जाएंगे।



चोरों को पकड़ने में मुंबई के 10 पुलिसकर्मियों को हुआ कोरोना, 15 होम क्वारंटीन

-चोंरों के दो गैंग को पकड़ने वाले मुंबई के 10 पुलिसकर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए

-गिरोह को पकड़ने वाले नेहरू नगर पुलिस थाने के जो 10 पुलिसकर्मी संक्रमित हैं उनमें दो अधिकारी भी

-आरोपियों को पुलिस की निगरानी में जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, सभी पुलिसकर्मी क्वारंटीन में

मुंबई (ए.)। कोरोना संकट के बीच पुलिसकर्मियों को अपराधी या गैंग को पकड़ने में नया खतरा मोल लेना पड़ रहा है। चोरों के दो गैंग को पकड़ने वाले मुंबई के 10 पुलिसकर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए। वहीं नवी मुंबई के 15 पुलिसकर्मी क्वारंटीन किए गए हैं। एक आरोपी का वकील भी क्वारंटीन में है। 7 चोरों के गिरोह को पकड़ने वाले नेहरू नगर पुलिस थाने के जो 10 पुलिसकर्मी संक्रमित हैं उनमें दो अधिकारी भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि चोरों के गिरोह में कोरोना संक्रमित शामिल थे। आरोपियों को पुलिस की निगरानी में जेजे अस्पताल में भर्ती

कराया गया है। पुलिसकर्मी क्वारंटीन में हैं। पुलिस ने बताया कि गैंग के खिलाफएक इलेक्ट्रॉनिक गुड्स स्टोर को तोड़कर घुसने और करीब साढ़े पांच लाख का सामान और नकद लूटने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद सभी का कोविड-19 टेस्ट हुआ। रिजल्ट आने तक पुलिसकर्मी भी संक्रमित हो चुके थे।

नवी मुंबई में आरोपी को कोरोना

एक दूसरे केस में एक 30 साल के शख्स को तलोजा स्थित घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कोरोना पॉजिटिव निकलने के बाद तलोजा पुलिस थाने के 15 पुलिसकर्मी और एक वकील होम क्वारंटीन में हैं। ये सभी चोरों के संपर्क में आए थे।

जमानत देकर अस्पताल में भर्ती कराया गया

तलोजा पुलिस थाने के सीनियर इंस्पेक्टर काशीनाथ चव्हाण ने बताया, 'गिरफ्तार हुए आरोपी में कोविड-19 के लक्षण थे, इसलिए टेस्ट किया गया रिजल्ट कोरोना पॉजिटिव आया। आरोपी को पुलिस थाने से जमानत देकर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। 15 पुलिसकर्मियों को घर पर होम क्वारंटीन किया गया है।'

कोविड-19 से मरीज की तंत्रिका तंत्र को खतरा: अध्ययन

__वाशिंगटन।__ विभिन्न अध्ययनों की समीक्षा के आधार पर वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कोविड-19 से पूरी तंत्रिका तंत्र को खतरा है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस जानकारी से सिरदर्द, मिर्गी और स्ट्रोक जैसे तंत्रिका तंत्र में विकार के लक्षणों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। जर्नल 'एन्नल्स ऑफ न्यूरोलॉजी' में प्रकाशित शोधपत्र के मुताबिक अस्पताल में भर्ती करीब 50 फीसद कोविड-19 मरीजों को सिरदर्द, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, चौकसी में कमी, सूंघने और स्वाद का अनुभव नहीं होना, स्ट्रोक, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द जैसे तंत्रिका तंत्र में विकार के लक्षणों का सामना कर पड़ रहा है। अमेरिका स्थित नार्थवेस्टर्न यूनवर्सिटी के प्रमुख अनुसंधानकर्ता इगोर कोरलनिक ने कहा, ''यह आम लोगों और चिकित्सकों के लिए जानना जरूरी है कि कोविड-19 के संक्रमण का संकेत बुखार, खांसी और सांस संबंधी परेशानियों के लक्षण आने से पहले तंत्रिका तंत्र में विकार के रूप में सामने आते हैं। '' विश्लेषण में वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के मरीजों में तंत्रिका तंत्र की विभिन्न संभावित विकार, इन विकारों का कैसे इलाज किया जाए और संक्रमण की प्रक्रिया की जानकारी दी। कोरलनिक का विश्वास है कि इस समझ से कोविड-19 मरीजों का बेहतर

इंस्टिट्यूशनल क्वारंटीन पर सुप्रीम कोर्ट की नोएडा डीएम को फटकार

-सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्वारंटीन के लिए जो राष्ट्रीय गाइडलाइन तय हैं उससे अलग गाइडलाइन नहीं हो सकतीं

-उत्तर प्रदेश सरकार बताए कि वहां क्वारंटीन के लिए किस नियम का पालन हो रहा है

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में होम क्वारंटीन के बजाय इंस्टिट्यूशनल क्वारंटीन किए जाने के फैसले पर डीएम सुहास एलवाई को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि क्वारंटीन के लिए जो राष्ट्रीय गाइडलाइन तय की गई हैं उससे अलग गाइडलाइन नहीं हो सकतीं।

इससे अराजकता पैदा होगी। कोर्ट ने यूपी सरकार से इस मामले में जवाब भी मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि यूपी सरकार बताए कि क्वारंटीन के लिए किस नियम का पालन हो रहा है। कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और हरियाणा बॉर्डर पर आवागमन को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा है कि वह बताए कि क्वारंटीन को लेकर क्या नियम पालन हो रहा है। इस पर अगली सुनवाई बुधवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यूपी सरकार ये कह रही है कि अगर कोई शख्स बिना लक्षण वाले कोरोना से संक्रमित है तो उसे यूपी सरकार इंस्टिट्यूशनल क्वारंटीन में रखना चाहती है। क्या आप अभी भी इंस्टिट्यूशन क्वारंटीन में लोगों को रख रहे हैं या होम क्वारंटीन में?'

'राष्ट्रीय गाइडलाइन से अलग गाइडलाइन नहीं'

इस पर यूपी सरकार के वकील ने कहा, 'हम केंद्र सरकार की गाइडलाइंस को लागू कर रहे हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'आप चेक करें और पूरी जानकारी दें। जानकारी में कोई विरोधाभास न हो। अगर बिना लक्षण वाले को आप इंस्टिट्यूशनल क्वारंटीन में रख रहे हैं और बाकी सरकार ऐसा नहीं कर रही है तो अराजक स्थिति बनेगी। राष्ट्रीय गाइडलाइंस के विपरीत गाइडलाइंस नहीं होना चाहिए।'

उत्तर प्रदेश सरकार से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूपी सरकार से कहा है कि वह देखे कि नोएडा में बिना लक्षण वाले कोरोना मरीज के लिए क्वारंटीन का क्या नियम अमल हो रहा है। अदालत ने कहा है कि नोएडा के लिए क्वारंटीन का जो नियम बनाया गया है उस पर पुनर्विचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हम इस मामले में आदेश पारित कर सकते हैं कि जो आदेश है वह गलत है और राष्ट्रीय गाइडलाइंस का अनुपालन होना चाहिए।

बॉर्डर पर आवाजाही से छूट पर स्थिति खराब होगी

दिल्ली, यूपी और हरियाणा बॉर्डर पर आवागमन के मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि दिल्ली, यूपी और हरियाणा के गृह सचिव की बैठक हुई है और अभी कोई अंतरराज्यीय बैरियर नहीं है। यूपी सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कोरोना की जो स्थिति है उसके हिसाब से दिल्ली और यूपी के बीच लोगों की आवाजाही में दी जाने वाली छूट से स्थिति खराब होगी।

दिल्ली में संक्रमण 40 गुना अधिक

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यूपी सरकार समझती है कि सिर्फ जरूरी सेवाओं को आने की छूट मिलनी चाहिए। यूपी सरकार ने कहा कि दिल्ली में अकेले 32 हजार केस कोरोना के हो चुके हैं और 1000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है। गाजियाबाद और नोएडा में मौत का आंकड़ा 40 है। दिल्ली की जनसंख्या नोएडा और गाजियाबाद से चार गुना अधिक है और संक्रमण 40 गुना ज्यााद है। सुप्रीम कोर्ट ने गृह सचिवों की मीटिंग के एमओएम पेश करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली और नोएडा-गाजियाबाद के बॉर्डर ओपन करने को लेकर कुछ मुद्दे हैं।

राहुल गांधी ने किया भारत-अमेरिका में असहिष्णुता का सवाल

निकोलस बर्न्स दे दिया चीन का उदाहरण

■ राहुल गांधी ने कोरोना वायरस, लॉकडाउन के मुद्दे पर अमेरिकी एक्सपर्ट से बात की

■ बातचीत में राहुल ने अमेरिकी प्रदर्शनों का जिक्र करके भारत में अहिसष्णुता की बात कही

■ इसपर अमेरिकी एक्सपर्ट निकोलस बर्न्स ने कहा कि वह भारत पर टिप्पणी नहीं करना चाहते

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस महामारी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को देश में एक बार फिर असहिष्णुता का मुद्दा उठाया। राहुल ने अमेरिका में नस्लवाद के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों की तुलना भारत के माहौल से की और कहा कि दोनों देशों में असहिष्णुता बढ़ रही है। राहुल ने शुक्रवार को पूर्व अमेरिकी राजदूत और विदेशी मुद्दों के जानकार प्रफेसर निकोलस बर्न्स से वीडियो कॉन्फ्रेंस में दोनों देशों में असहिष्णुता का मुद्दा उठाया, हालांकि बर्न्स ने इस पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को अधिनायकवादी चीन का उदाहरण दे डाला। राहुल के सवाल पर निकोलस ने कहा कि अमेरिका इस सबसे जल्द बाहर निकल आएगा और भारत पर वह टिप्पणी नहीं करना चाहते। जानिए असहिष्णुता पर जुड़ा राहुल का यह सवाल क्या था और बर्न्स ने इस पर क्या जवाब दिया। आपने बताया कि अमेरिका एक प्रवासी राष्ट्र है। हम बहुत सहिष्णु राष्ट्र हैं। हमारा डीएनए सहनशील माना जाता है। हम नए विचारों को स्वीकार करने वाले हैं। हम खुले विचारों वाले हैं। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि वह अब गायब हो रहा है। यह काफी दुखद है कि मैं उस स्तर की सहिष्णुता को नहीं देखता, जो पहले देखता था। ये दोनों ही देशों में नहीं दिख रही। न मुझे यह भारत में दिखता है और न ही अमेरिका में। जिसके कारण हम आपकी स्थापना के समय से ही भारत से प्यार करते हैं। 1930 का विरोध आंदोलन, नमक सत्याग्रह से 1947-48 तक।

आवश्यक मुद्दे हमारे लोकतंत्र के मूल में हैं

__निकोलस बर्न्स:__ मुझे लगता है कि आपने अमेरिका के एक केंद्रीय मुद्दे की पहचान की है। आशा कि किरण और अच्छी खबर यह है कि हमारे यहां पूरे हफ्ते संयुक्त राज्य अमेरिका के हर प्रमुख शहर में सहिष्णुता, समावेशन, अल्पसंख्यक अधिकारों के आधार पर इस सप्ताह शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने वाले लोग हैं। ये सभी आवश्यक मुद्दे हमारे लोकतंत्र के मूल में हैं। मुझे लगता है कि चीन जैसे अधिनायकवादी देश के मुकाबले लोकतंत्रवादियों के पास फायदा है कि हम खुद को सही कर सकते हैं। स्वयं ही खुद को सही करने का का भाव हमारे डीएनए में है। लोकतंत्र के जरिए हम इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में मतपेटी के जरिए हम करते हैं। हम हिंसा कि ओर नहीं मुड़ते। हम ऐसा शांति से करते हैं।

ग्रामीणों से झड़प के बाद गोलीबारी, नेपाल इलाके में हुई घटना

सीतामढ़ी(ए.)। बिहार से सटे नेपाल बॉर्डर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। सीतामढ़ी जिले के लालबंदी बॉर्डर के पास नेपाल सशस्त्र पुलिस की ताबड़तोड़ फायरिंग में एक भारतीय की मौत हो गई, वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ये घटना शुक्रवार सुबह करीब 8.45 बजे हुई है। सशस्त्र सीमा बल फ्रंटियर हेडक्वार्टर के आईजी संजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इसमें 25 वर्षीय एक युवक की मौत हुई है, जबकि दो अन्य लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। सशस्त्र सीमा बल फ्रंटियर हेडक्वार्टर (पटना) के आईजी संजय कुमार ने कहा कि फायरिंग में घायल उमेश राम और उदय ठाकुर को इलाज के लिए सीतामढ़ी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीतामढ़ी के एसपी ने कहा- नेपाल इलाके में हुई घटना

सीतामढ़ी के एसपी ने कहा कि नेपाल एरिया में ये घटना हुई है। जिले के वरिष्ठ अधिकारी कैंप करके मामले की जांच कर रहे हैं और ज्यादा जानकारी मिलने पर आगे कुछ बताया जाएगा। बॉर्डर पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि फायरिंग में जिस शख्स की जान गई है उसके शव का पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

नेपाल सशस्त्र पुलिस ने की फायरिंग

जानकारी के मुताबिक, घटना सोनबरसा प्रखंड के लालबंदी बॉर्डर स्थित जानकीनगर गांव की है। जानकी नगर बॉर्डर पर कुछ लोग खेत में काम रहे थे। इसी दौरान नेपाल की शस्त्र पुलिस ने इन लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया। घायलों का इलाज सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। फायरिंग की घटना पर एक स्थानीय ने बताया कि करीब 17 राउंड फायरिंग की गई है। वहीं, एक व्यक्ति को नेपाल पुलिस के सीमा से उठाकर नेपाल ले जाने की भी खबर है। हालांकि इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

देश की छवि खराब करने के लिये माफी मांगे राहुल: भाजपा

नई दिल्ली (ए.)। भारत में सहिष्णुता का अभाव होने संबंधी राहुल गांधी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस संकट के समय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, विदेशियों से बातचीत के दौरान जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उससे भारत की छवि खराब हो रही है और उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए । भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने अपने बयान में कहा, '' कांग्रेस नेता राहुल गांधी कब तक भारत को इस तरह से बदनाम करते रहेंगे ? वे कोरोना वायरस संकट के दौरान विदेशियों सहित अन्य लोगों से बात करते हैं और जिस तरह की भाषा का उपयोग करते हैं...वह दुर्भाग्यपूर्ण है ।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका के पूर्व राजनयिक निकोलस बर्न्स से बातचीत के दौरान राहुल ने जिस तरह का संदेश देने का प्रयास किया, उससे भारत की छवि खराब हुई है। हुसैन ने कहा कि उनका (राहुल) यह कहना कि भारत में सहिष्णुता खत्म हो रही है... यह गलत है और इससे दुनिया में गलत संदेश जाता है । भाजपा प्रवक्ता ने कहा, '' आज भी भारत में सर्व धर्म सम भाव है । आज भी भारत में जितनी एकता और एकजुटता है, वह पूरे दुनिया में मिसाल है । '' राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए हुसैन ने कहा कि अमेरिका में गोरे और काले के बीच तनाव की तुलना भारत से करना ... अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।

सियासी संकट के बीच सचिन-गहलोत में मतभेद! भाजपा के नाम पर फैला रहा अफवाह

कांग्रेस विधायकों को प्रलोभन पर सीएम अशोक गहलोत और डिप्टी सीएम सचिन पायलट एक राय नहीं

-पायलट ने कांग्रेस विधायकों को 25 करोड़ के प्रलोभन जैसे दावों को अफवाह करार दिया।

-उधर, सीएम गहलोत ने कहा कि 'मेरे पास जानकारी, मैं सरकार का मुखिया हूं मेरी जवाबदेही'

जयपुर (ए.)। राजस्थान में राज्य सभा चुनाव को लेकर कथित हॉर्स ट्रेडिंग और कांग्रेस विधायकों को बीजेपी की ओर से प्रलोभन देने का मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी पर विधायकों की खरीद फरोख्त के आरोप लगाने वाली खुद कांग्रेस पार्टी में अब इस मसले पर मतभेद सामने आए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और डिप्टी सीएम सचिन पायलट जहां ऐसे प्रलोभन वाले आरोपों को कोरी अफवाह करार दे रहे हैं वहीं सीएम अशोक गहलोत का दावा है कि उनके पास इसकी जानकारी है और वो बतौर सरकार के मुखिया अपनी सरकार को बचाने के लिए विधायकों को आगाह करने का कदम उठा रहे हैं। कांग्रेस विधायकों को पैसों का प्रलोभन देने के आरोपों पर कांग्रेस में अंदरुनी मतभेद के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि पायलट के कहे अनुसार यह सिर्फ अफवाह फैलाई जा रही है तो आखिर बीजेपी के नाम पर ऐसा कौन कर रहा है? सचिन पायलट ने गुरुवार को रिसॉर्ट में बाड़ेबंदी के

बीच पार्टी के विधायकों से मुलाकात के बाद कहा था कि कांग्रेस के पास संख्या है और पार्टी के दोनों उम्मीवार राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने उपचुनावों के बाद विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज की और अब राज्यसभा सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार जीतेंगे। इस पर किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। जो लोग भ्रम फैला रहे हैं, वे किसी भी पार्टी या समूह के हों, वे जानबूझकर ऐसा माहौल बना रहे हैं कि यहां एक बड़ा संघर्ष हो रहा है। पार्टी के विधायक एकजुट हैं। इससे पहले पायलट ने कहा था कि 'मैं साफतौर पर बताना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी के पास पर्याप्त जनादेश है, निर्दलीय विधायकों और अन्य पार्टियों के विधायकों का समर्थन प्राप्त है। हमारे दोनों उम्मीदवार चुनाव में जीतेंगे। चुनाव से पहले कई तरह की बातें होती है लेकिन सबको जमीनी हकीकत पता है,संख्या बल हमारे पास है।'

19 जून को है चुनाव, विधायकों की बाड़ा बंदी भी जारी

राजस्थान में राज्य सभा की 3 सीटों के लिए 19 जून को चुनाव होना है। 200 सीटों वाली राजस्थान विधानसभा से इन तीन सीटों के लिए 4 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चार प्रत्याशियों के मैदान में होने से जीत के लिए एक प्रत्याशी को 51 वोट चाहिए। संख्या बल के अनुसार अब भी सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी का पलड़ा भारी है। लेकिन सैंधमारी के डर से कांग्रेस विधायकों की पिछले 3 दिन से जयपुर-दिल्ली हाईवे पर एक रिसॉर्ट में बाड़ाबंदी की गई है।

गहलोत ने कहा- मैं सरकार का मुखिया, मेरे पास पूरी खबर

पायलट के भ्रम फैलाने और जानबूझकर ऐसे माहौल की बात से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा है कि मेरे पास खबर है। राजस्थान में खेल चल रहा है। बीजेपी के नेता प्रलोभन दे रहे हैं। टेलीफोन कर रहे विधायकों को, कोई 25 करोड़ की बात कर रहा है कोई 30 करोड़ की बात कर रहा है। इससे पहले हम ऐसा ही मध्य प्रदेश में सुन रहे थे अब राजस्थान में।

सचिन-गहलोत के बीच मतभेद पर क्या?

सीएम गहलोत जब एक चैनल पर सचिन पायलट के साथ मतभेद पर सवाल किया गया तो उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'यदि किसी को कोई बात पसंद है या नहीं है तो प्रभारी अविनाश पांडे, संगठन के महामंत्री और राज्य सभा चुनाव में प्रत्याशी केसी वेणुगोपाल, पर्यवेक्षक रणदीप सिंह सुरजेवाला को अपनी बात कह सकते हैं, बजाय वो मीडिया में कहें'। गौरतलब है कि राजस्थान में सत्ता हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर भी इन दोनों नेताओं के बीच खास विवाद हुआ था और केंद्र के दखल के बाद बमुश्किल मामला शांत हुआ।

■ न्यूज गैलरी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपील और शिकायतों की सुनवाई 15 जून से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य के सभी जिले के द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई 15 जून से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी। अपीलार्थी, शिकायतकर्ता, जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी संबंधित जिले के कलेक्टोरेट स्थित राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र, एन.आई.सी. में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों की सुनवाई से सम्बंधित जानकारी दे सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को अपना जवाब ई-मेल sic.cg@nic.in फैक्स नम्बर 0771-2512102, व्हाट्सअप नम्बर 94255-02363 पर भेंज सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की जानकारी और सुनवाई की तिथि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के वेबसाइट www.siccg.gov.in के लिंक में अपीलार्थी, शिकायतकर्ता का अपना नाम, प्रकरण क्रमांक और मोबाइल नम्बर दर्जकर प्रकरण की अद्यतन जानकारी हासिल कर सकते हैं ।

कम्प्यूटरीकृत ई-पंजीयन प्रणाली : अपाईटमेंट बुकिंग सिस्टम हुआ व्यवस्थित

रायपुर। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमण की रोकथाम हेतु राज्य सरकार के पंजीयन विभाग द्वारा पक्षकारों के लिए अपाईटमेंट बुक करते हुए दस्तावेजों को पंजीयन कार्यालय में प्रस्तुत कर, पंजीयन कराए जाने की सुविधा का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत 30 मिनट के एक टाईम स्लाट में 3 दस्तावेजों का पंजीयन किया जा रहा है। अपाईटमेंट बुकिंग सिस्टम को अब और व्यवस्थित किया गया है। इसके तहत पंजीयन की प्रक्रिया में पक्षकारों को एसएमएस और ई-मेल नोटिफिकेशन प्रेषित किया जाएगा। अपाईटमेंट लेने के दौरान, अपाईटमेंट रिशेड्यूल करते समय और पंजीयन के दौरान ओ.टी.पी. आधारित मोबाइल वेरिफिकेशन अनिवार्य किया जाएगा।

सप्रे शाला और दानी गर्ल्स स्कूल मामले की 22 जून को हाईकोर्ट में सुनवाई

बैकफुट में निगम प्रशासन, किसी भी निर्माण कार्य से किया इंकार

■ *याचिका के जवाब में कहा न पेड़ काटा न ही मैदान छोटा किया गया*

■ *स्कूल बिल्डिंग टूटी है उसके लिए शासन से 6 करोड़ मंजूर हुए हैं*

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सप्रे शाला और दानी कन्या शाला मामले में लगी याचिका पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता और निगम प्रशासन का जवाब सुन लिया है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 22 जून को मुकर्रर की है। दो दिन पूर्व सुनवाई में याचिकाकर्ता और निगम प्रशासन दोनों ने ही अपना पक्ष रखा। निगम प्रशासन की ओर से कोर्ट में जवाब में कहा गया है कि किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है। न ही पेड़ काटे गए हैं, न ही मैदान को छोटा किया गया है। हालांकि निगम प्रशासन इस बात को स्वीकार किया है कि दानी स्कूल की बिल्डिंग टूटी है। उसे नए रूप में तैयार किया जाएगा। जिसके लिए सरकार की ओर से 6 करोड़ की स्वीकृति मिली है। दरअसल निगम प्रशासन पर यह आरोप है कि सप्रे शाला और दानी कन्या शाला मैदान को छोटा कर वहां पर चौपाटी बनाई जा रही है। ऐतिहासिक धरोहर को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। आधी रात को पुलिस की मौजूदगी में काम किया जा रहा था। निर्माण के लिए सड़क किनारे पेड़ों को काटने का भी हल्ला मचा था। आरोप यह भी है कि इसके लिए किसी तरह कोई टेंडर भी जारी नहीं किया गया है। इन आरोपों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजित डेंगेकर की ओर से याचिका लगाई है। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता डॉ.डेंगरेकर का पक्ष

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर ने पक्ष रखा। देवर्षि ठाकुर का कहना था कि महापौर ने बीते दिनों एक प्रेसवार्ता की थी। प्रेसवार्ता में उन्होंने बूढ़ा तालाब सौंदर्यीकरण के पूरे प्लान के बारे में जानकारी नहीं दी थी। महापौर ने यह नहीं बताया है कि सप्रे शाला मैदान को छोटा क्यों किया जा रहा है? वहां फोरलेन सड़क बनाई जा रही है? प्रोजेक्ट कब तैयार हुआ? टेंडर कब हुआ? कौन सी कंपनी काम कर रही है? रात को अंधेरे में काम कराने के पीछे मकसद क्या है? लैंड यूज कैसे बदल गया? इन सारे सवाल हमने कोर्ट के समक्ष रखे हैं। देवर्षि ठाकुर ने कहा कि निगम प्रशासन जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। इस मामले में आगे सुनवाई 22 जून को होगी. 22 जून को हम और पुख्ता तरीके से अपनी बात को कोर्ट के समक्ष रखेंगे।

निगम प्रशासन ने रखा कोर्ट में पक्ष

वहीं निगम प्रशासन की ओर पक्ष रखने वाले अधिवक्ता पीयूष भाटिया ने कहा कि आज पहली सुनवाई थी. चीफ जस्टिस के सामने याचिका लगी हुई थी. याचिकाकर्ता के तीन पीटीशन थे. पहला निगम द्वारा सप्रे मैदान के 50 पेड़ काटे जाने, दूसरा व्यावसायिक गतिविधि के लिए सप्रे शाला स्कूल के खेल मैदान को खत्म करने और तीसरा दानी गर्ल्स स्कूल के क्लास रूम को तोड़े जाने को लेकर थी. हमने न्यायालय को बताया कि सप्रे शाला मैदान का एक भी पेड़ नहीं काटा गया है. दूसरा सप्रे शाला मैदान का हिस्सा कहीं से भी छोटा नहीं किया जा रहा है. हम एक मैदान के बतौर डाइमेंशन को मेन्टेन करेंगे और वहां पर एक बहुत अच्छा मैदान तैयार करेंगे।

निगम की निर्माण-योजना के खिलाफ भाजपा

भूमि अधिग्रहण के विरोध में भाजयुमो ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। सौंदर्यीकरण के नाम पर राजधानी के सप्रे शाला खेल मैदान व दानी कन्या शाला के भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता के आगे आ गए हैं। युवा आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा नेता अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय जयसिंघानी ने बताया कोरोना संकटकाल में जिस तरह गोपनीय तरीके से सप्रे शाला खेल मैदान व दानी कन्या शाला की भूमि अधिग्रहित की गई है उसके विरोध में राज्यपाल के नाम उनके अवर सचिव को ज्ञापन सौंपा गया है।

भाजयुमो नेताओं ने कहा कि इस पूरे निर्माण का हम पुरजोर विरोध करते हैं, एवं इसके राज्यपाल के अवर सचिव को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे निर्माण पर तत्काल रोक लगाने मांग की गई है, एवं जांच के पश्चात ही किसी भी तरह का निर्माण कराने की बात कही है। राज्यपाल के अवर सचिव ने उक्त विषय को राज्यपाल को अवगत कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक सप्रे स्कूल खेल मैदान पहले ही काफी छोटा किया जा चुका है, और सौंदर्यीकरण की आड़ में सप्रे स्कूल के साथ ही दानी गर्ल्स स्कूल की भूमि को भी अधिग्रहित किया जा रहा है, उक्त दोनों शैक्षणिक स्थल अपनी विरासत में खेल गतिविधियों व आजादी से पूर्व क्रांतिकारी गतिविधियों का एक लंबा इतिहास समेटे हुए है।

कोरोना संक्रमण के दौरान जब पूरा देश लॉकडाउन की स्थिति में अपने अपने घरों में था, उस दौरान धारा 144 लागू होने के बाद भी अनेकों मजदूरों को एकत्रित कर दिन-रात लगातार काम शुरू करके पचास से अधिक पेडों को काटा गया और दानी स्कूल की दीवार गिराकर एक बड़े हिस्से को अधिग्रहित किया गया व इसके साथ ही सप्रे स्कूल का खेल मैदान जिसमें कुछ समय पहले ही स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च करके ओपन जिम व सार्वजनिक खेल मैदान बनाया गया था, जिसे सौंदर्यीकरण की आड़ में तहस-नहस कर दिया गया है। ऐसी आशंका है कि आज नही तो भविष्य में इसका चौपाटी के रूप व्यवसायिक उपयोग किया जा सकता है। जिस स्थान पर लक्ष्मण झूला बनाना प्रस्तावित है, वह स्थल कन्या विद्यालय व कन्या छात्रावास लगा हुआ है, चूंकि लक्ष्मण झूले का निर्माण वृहद ऊंचाई पर किया जाना है, जिससे कन्या शाला, महाविद्यालय व कन्या छात्रावास का पूरा क्षेत्र लक्ष्मण झूले के ऊपर साफ दिखाई देगा, जिससे निजता भंग होने के साथ ही भविष्य में असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बने रहने की भी संभावना बनी रहेगी।

सप्रे शाला का सार्वजनिक खेल मैदान जिसे राष्ट्रीय फुटबॉल ग्राउंड बनाने की बात कही जा रही है, जबकि पूर्व की डॉ. रमन सिंह सरकार द्वारा लाखे नगर स्थित हिन्द सपोर्टिंग मैदान को राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल मैदान के लिए भूमि पूजन किया जा चुका है, और सप्रे स्कूल का खेल मैदान सार्वजनिक रूप से सभी खेल के लिए है, जिसका उपयोग क्षेत्र के रहवासियों सहित शहर भर लोग उपयोग करते हैं, जिससे रायपुर महापौर व निगम प्रशासन द्वारा वंचित किया जा रहा है।

श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर रोजगार उपलब्ध कराने करें पहल : मंत्री डॉ. डहरिया

श्रमिक कार्ड के लिए 90 दिन की अनिवार्यता खत्म

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर । नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन में उत्पन्न परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ के श्रमिक देश के अन्य राज्यों से वापस लौट रहे हैं। उन्होंने प्रवासी श्रमिक सहित प्रदेश के अन्य श्रमिकों के स्किल मैपिंग कर उन्हें उनके हुनर के अनुरूप रोजगार दिलाने की दिशा में विशेष पहल किया जाए। डॉ. डहरिया ने कहा कि श्रम विभाग के अंतर्गत श्रमिक कार्ड के लिए 90 दिन काम करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अतः अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कर श्रमिकों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। डॉ. डहरिया ने उक्त बाते अपने प्रभार जिले सरगुजा और कोरिया में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रग्रति की समीक्षा के दौरान कही। डॉ. डहरिया ने बैठक में क्वारेंटाईन सेंटर में रह रहे प्रवासी श्रमिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुरूप व्यवस्था सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्वारेंटाईन सेंटर में रह रहे प्रवासी श्रमिकों की कोरोना टेस्ट के बाद जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक उन्हें क्वारेंटाईन सेंटर में ही रखा जाए, ताकि बाहर जाने पर किसी अन्य व्यक्ति में फैलने वाले संक्रमण से बचा जा सके। डॉ. डहरिया ने मनरेगा के तहत प्रवासी श्रमिकों को प्राथमिकता के तौर पर काम दिलाने को कहा। साथ ही ऐसे प्रवासी श्रमिक जिनका पंजीयन कार्ड नही बना है, उन्हें भी मनरेगा के तहत जॉब कार्ड बनाकर काम दिया जाए। उन्होंने जिलों के आश्रम, छात्रावासों और स्कूलों में शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले सेनेटाईज करने सहित व्यवस्था चुस्त दुरूस्थ करने के निर्देश दिए। डॉ. डहरिया ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को दी गई पहली किश्त की राशि के संबंध में जानकारी हासिल की।

अब तक 3.13 लाख प्रवासी श्रमिक और अन्य लोग सकुशल लौटे छत्तीसगढ़

■ **लौटने पर श्रमिकों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जताया आभार**

■ **प्रदेश भर में मनरेगा के तहत 26 लाख श्रमिकों को मिल रहा रोजगार**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर श्रमिक स्पेशल ट्रेनों, बसों एवं अन्य माध्यमों से अब तक 3 लाख 13 हजार प्रवासी श्रमिक और अन्य लोग सकुशल छत्तीसगढ़ लौटे हैं। गृहराज्य लौटने पर प्रवासी श्रमिकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण देश के अन्य राज्यों में छत्तीसगढ़ के लाखों मजदूर एवं अन्य लोग रूके हुए थे। राज्य सरकार द्वारा इन श्रमिकों को सुरक्षित छत्तीसगढ़ लाने के लिए बनायी गई कारगर रणनीति, श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था, बसों की व्यवस्था और अधिकारियों की मुस्तैदी से इन श्रमिकों को सकुशल छत्तीसगढ़ वापस लाया जा रहा है।

श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अन्य राज्यों से वापस लौटे इन प्रवासी श्रमिकों को राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत रोजगार दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ऐसे प्रवासी श्रमिक जिनका मनरेगा के तहत जॉब कार्ड नहीं बना है, उनका भी जॉब कार्ड बनाकर रोजगार देने का प्रावधान किया गया है। उन्हें निःशुल्क राशन भी दिया जा रहा है। डॉ. डहरिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रवासी श्रमिकों और अन्य लोगों की वापसी के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

सिंहदेव का मानना है कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट फिर भी दलबदल की खबरें

कांग्रेस विधायकों के संपर्क में है भाजपा: सिंहदेव

राजस्थान में राज्यसभा की तीनों सीटें जीतने का दावा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव राजस्थान से लौट गये हैं। सिंहदेव ने राजस्थान में राज्यसभा चुनाव को लेकर तीनों सीटें जीतने का दावा किया है। रायपुर लौटने के बाद टीएस सिंहदेव ने कहा कि राजस्थान में स्थिति कांग्रेस के पक्ष में है। 200 एमएलए हैं जिसमें 125 कांग्रेस के पक्ष में है। भाजपा के पास 75 विधायकों का समर्थन है। तीन सांसद चुने जाने हैं। उन्होंने कहा कि 50-50 मत जिनको मिलेंगे वह चुने जाएंगे। इस तरह से कांग्रेस के पक्ष में वहां पर स्थिति बनी हुई है। भाजपा कुछ विधायकों से दलबदल करने के लिए संपर्क कर रही है। कांग्रेस के विधायक एकजुट हैं। ना कोई पार्टी छोड़ने वाला है, ना कोई बाहर जाएगा। कांग्रेस के सांसद चुने जाने में कोई शंका नहीं है। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ में ऑपरेशन लोटस को लेकर कहा यहां तो यह सपना है उनका और सपना ही रह जाएगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार 5 साल तक चलेगी। सरकार बेहतर ढंग से काम करेगी और अगले 5 साल बाद भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रहेगी। सालों तक विपक्ष में रहकर भाजपा के मन में डर की भावना घर कर गई है। सत्ता में आने के लिए वो लोग एन केन प्रकारेण काम करते हैं। उनको सिर्फ सत्ता चाहिए। किसी भी तरह सत्ता में आना उनकी मानसिकता बन गई है। वहीं कोरोना के बढ़ते मामलों पर सिंहदेव ने चिंता जताते हुए कहा कि यह चिंता की बात है कि मामले बढ़ रहे हैं लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि करोना अभी रहेगा। हमें इस को फैलने से कैसे रोकना है यह सुनिश्चित करना होगा। लॉकडाउन की बात आ रही है लेकिन लॉकडाउन ठोस उपाय नहीं है।

यूपी से निकले 80 श्रमिकों बीच रास्ते में छोड़ा, रायपुर में मिली राहत

■ **रायपुर ज़िला प्रशासन ने भोजन कराकर सभी को बसों से भिजवाया उनके गृह ग्राम**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महासमुंद व उड़ीसा राज्य से कमाने-खानेगए 80 मजदूरों और उनके परिवार को उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िले से निकली बस आधे रास्ते मे छोड़कर वापस लौट गई। देर रात तेलीबांधा के समीप उतरे इन भूखे और परेशान श्रमिकों को रायपुर कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन के निर्देश पर सभी के भोजन की समुचित व्यवस्था के साथ ही बसों के जरिए रात में ही महासमुन्द रवाना किया गया। ये सभी मजदूर और उनका परिवार उत्तरप्रदेश रोज़ी-रोटी की तलाश में गए थे। लॉक डाउन के बाद ये उत्तर प्रदेश बस्ती जिले से बस के माध्यम से अपने गृह जिले महासमुंद जाने के लिए निकले थे, लेकिन बस ड्राइवर ने इन्हें इनकी मंजिल तक न पहुंचा कर रायपुर में तेलीबांधा चौक पर ही छोड़ कर वापस लौट गया। भूखे प्यासे ये श्रमिक अपने परिवार के साथ अपने गृह जिले महासमुंद जाने के लिए तेलीबांधा थाने के समीप साधन की तलाश में इंतजार करते बैठे थे। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन तुरंत सक्रिय हुआ। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौरव कुमार सिंह ने ज़िला परिवहन अधिकारी श्री शलभ साहू, रायपुर स्मार्ट सिटी के जनसंपर्क महाप्रबंधक आशीष मिश्रा, तेलीबांधा थाना प्रभारी मोहसिन खान, कोरोना आपदा प्रबंधन की टीम में शामिल श्री शिरीष तिवारी को इन मजदूरों के सहायता के लिए तत्काल मौके पर भेजकर सहायता के लिए लगाया।तेलीबांधा पुलिस के साथ मिलकर इस टीम ने श्रमिक परिवारों को सुरक्षित स्थान पर आश्रय दिया और उनके भोजन, पानी आदि की व्यवस्था की। कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन के निर्देश पर महासमुंद जिले से ज़िला परिवहन अधिकारी श्री मनोज साहू के नेतृत्व में 2 बसें रात में ही रायपुर बुलाई गई और इन सभी श्रमिकों को सुरक्षित उनके गृह जिले के लिए रवाना किया गया। इस कार्य में एनजीओ समर्थ चैरिटेबल और वी द पीपल के कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग प्रदान किया।

फिंच और एस एण्ड पी रेटिंग्स पर छत्तीसगढ़ के ओपिनियन लीडर और आर्थिक विशेषज्ञों की प्रतिक्रियाएं

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संकट का दौर भारत के लिए अवसर के रूप में बदलेगा। अर्थवस्था की रेटिंग के लिए पूरी दुनिया में मशहूर अमेरिकी संस्था फिंच द्वारा जारी हालिया आंकड़ें इसकी तस्दीक करते हैं। फिंच के मुताबिक 2021-22 में भारत की जीडीपी 9.5 फीसदी के करीब रहेगी । इसके पीछे एक बड़ी वजह भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर अभियान पैकेज को भी बताया जा रहा है । बता दें कि अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत करने के लिए पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज जारी किया जिसे आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज के नाम से जाना गया। इस पैकेज में देश के किसान, मजदूर, लघु व मध्यम उद्योग संचालक, सभी के लिए विशेष तरीके के प्रावधान किए गए हैं। फिंच के द्वारा जारी आंकड़े में इसे बड़ी वजह माना जा रहा है । अर्थशास्त्र के जानकार फिंच की रिपोर्ट पर मुहर लगाते हैं।

चेंबर ने जताई आशावादी और भविष्य के लिए अच्छी संभावाएं

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज़ के अध्यक्ष जीतेन्द्र बरलोटा ने फिंच और एस एण्ड पी ने 2021-2022 में भारत की

विकास दर 9.5 प्रतिशत रहने के अनुमान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अनुमान भविष्य दृष्टिकोण से यह आशावादी है और भविष्य के लिए अच्छी संभावनाएं जगाती हैं । उन्होंने कहा कि उद्योग-व्यापार में वृद्धि के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत है । राज्य सरकारों को अपने-अपने गृह राज्य में लौटे श्रमिकों का उपयोग कुशलता के साथ चाहिए तथा उनके स्कील का उपयोग अधिक से अधिक स्थानीय उद्योगों में लेने का प्रयास होना चाहिए।

'फीलगुड' का चित्र निर्माण हो रहा : अग्रवाल

छत्तीसगढ़ आयरन एण्ड स्टील एजेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 9.5 फीसदी की वृद्धि दर के अनुमान से बाजार में एक अच्छा संकेत जा रहा है । एक 'फीलगुड' का चित्र निर्माण हो रहा है । व्यापार खुलने से इसका फायदा हो रहा है । इससे एमएसएमई को भी फायदा होगा । इन्फ्रा प्रोजेक्ट शुरू होने से मांग बढ़ रही है, यह एक उत्तम संकेत है। विवेकानंद कॉलेज, रायपुर में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डा. आशीष दुबे के मुताबिक कोरोना के कारण दुनिया की मंदी से भारत भी अछूता नहीं है पर देश में अधिक युवा जनसंख्या होने के कारण विपरीत परिस्थिति भी भारत के लिए अनुकूल हो जाती है। लघु एवं कुटीर उद्योगों पर ध्यान दिए जाने के कारण अधिक संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही उत्पादन का भी व्यापक विस्तार होगा। जिससे 9.5 फीसद का लक्ष्य मुश्किल नहीं लगता है। यही लक्ष्य आगे देश के उत्तरोत्तर विकास में सहायक सिद्ध होगा।

दुनिया के किसी भी मंदी का प्रभाव भारत पर नहीं पड़ता : शर्मा

अटल बिहारी वापजेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में रजिस्ट्रार व अर्थशास्त्र के प्रोफेसर सुधीर शर्मा के मुताबिक आम भारतीय में बचत की प्रवृत्ति है। इसलिए दुनिया के किसी भी मंदी का प्रभाव बहुत ज्यादा भारत पर नहीं पड़ता है। इसके पीछे की अन्य वजहें भी है। भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है। हमारे पास बुनियादी चीजें उपलब्ध है। ऐसे में सरकार देश के हित में कड़े फैसले ले पाती है। आम भारतीय व्यक्ति में बचत की प्रवृत्ति होती है। बचत ही कोरोना स्लो डाउन में काम आया।

विपरीत परिस्थिति में भी डटे रहने का हौसला : सिन्हा

वहीं भारतीयों में विपरीत परिस्थितियों में मदद करने की प्रवृत्ति होती है। इस कारण भी लोग एक-दूसरे की मदद करते हैं। अटल बिहारी वापजेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में प्रोफेसर मनोज सिन्हा के मुताबिक भारतीय लोगों में विपरीत परिस्थिति में भी डटे रहने का हौसला होता है। यही भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बड़ी वजह है। भारत सरकार द्वारा जारी आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज भी इसमें सहायक सिद्ध हो रहा है। इससे लोग बड़े पैमाने पर खुद का रोजगार शुरू कर पाएंगे। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था बूम करे तो कोई अचरज की बात नहीं होगी।

संपादकीय

चीनी उत्पाद का बहिष्कार जरूरी

सारी दुनिया में कोरोना वायरस का संक्रमण फैलाकर विश्व की अर्थव्यवस्था को आघात पहुंचाने वाले चीन को सबक सिखाने के लिए यह जरूरी है कि सभी भारतीय चीनी उत्पाद का बहिष्कार कर उसे सबक सिखाएं। खासतौर पर हम भारतीयों को तो चीनी उत्पाद के बहिष्कार का प्रण ले लेना चाहिए। चीन लगातार भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर तनाव पैदा कर रहा है। चीन के साथ जंग जब होगी तब होगी लेकिन हम लोगों को उसके खिलाफ अर्थिक जंग तत्काल शुरू कर देनी चाहिए। सरकार तो चीन के साथ हुए अनुबंध के कारण चीनी उत्पाद के आयात को राक नहीं सकती लेकिन देशवासी ऐसे किसी अनुबंध के दायरे में नहीं हैं। भले ही भारतीय बाजार चीनी उत्पाद से अटे पड़े हों लेकिन हमें उन्हें हरगिज नहीं खरीदना चाहिए। जब चीनी सामानों की बिक्री ही नहीं होगी तो चीन से आयात खुद-ब-खुद बंद हो जाएगा। इस बारे में लद्दाख के शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक जिनके जीवन पर आधारित थ्री इडियट फिल्म बन चुकी है उन्होंने चीनी उत्पाद बहिष्कार की नई नए सिरे से मुहिम चलाई है हमें इस मुहिम हो सफल बनाना होगा और यह साबित करना होगा कि चीनी उत्पाद के बिना भी हम रह सकते है। जब तक हम चीन पर निर्भर रहेंगे तब तक आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। चीन पर हमारी निर्भरता का आलम यह रहा है कि मनमोहन सिंह सरकार के दौरान तक भारत चीन से आईसक्रीम खाने के उपयोग में आने वाले प्लास्टिक के चम्मच तक को आयात करता रहा है जबकि यह भारत में आसानी ने बनाया जा सकता है। केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद प्लास्टिक के चम्मचों के आयात पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भी निर्माण कर सकता है और चीन से अच्छी क्वालीटी का सामान बना सकता है लेकिन इस दिशा में भी पिछले कई दशकों तक कोई कारगर पहल नहीं की गई। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्म निर्भर भारत का जो मंत्र दिया है और आपदा को अवसर के रूप में तब्दील करने का जो आव्हान किया है उसे सफल बनाने के लिए हमे स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए बेशक वो चीनी उत्पाद के मुकाबले महंगी की क्यो न हों। जब तक लोकल के लिए वोकल नहीं बनेंगे तक तक भारत अत्मनिर्भर नही बन पाएगा और चीन पर हम आश्रित रहेंगे।

विचार

नेपाल की अनावश्यक आक्रामकता

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

लद्दाख के सीमांत पर भारत और चीन की फौजें अब मुठभेड़ की मुद्रा में नहीं हैं। पिछले दिनों 5-6 मई को दोनों देशों की फौजी टुकड़ियों में जो छोटी-मोटी झड़पें हुई थीं, उन्होंने चीनी और भारतीय मीडिया के कान खड़े कर दिए थे। दोनों तरफ के कुछ सेवा-निवृत्त फौजियों और पत्रकारों ने ऐसा माहौल बना दिया था, जैसे कि भारत और चीन में कोई बड़ी मुठभेड़ होनेवाली है। इस मुठभेड़ के साथ नेपाल को भी जोड़ दिया गया। भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर कई अतिवादी तेवर सामने आ गए। इस तिकोनी लड़ाई को भारत सरकार ने जिस परिपक्वता के साथ सम्हाला, वह सराहनीय है। भारतीय रक्षामंत्री और गृहमंत्री ने दृढ़ता तो दिखाई लेकिन अपनी सीमा-रक्षा को लेकर कोई उत्तेजक बयान नहीं दिया। अब दोनों देशों के फौजी अफसरों की बातचीत से तनाव काफी घट गया है। जिन तीन स्थानों से दोनों देशों ने अपनी फौजें 2-3 कि.मी. पीछे हटा ली हैं, वे हैं- पेट्रोल पाइंट, 14, 15, 17. जिन दो स्थानों पर अभी चर्चा होनी है, वे हैं- पेंगांग त्सो और चुशूल ! इन दो स्थानों पर भी आशा है कि आपसी समझ तैयार हो जाएगी। भारत चाहता है कि अप्रैल माह में जो स्थिति थी, फौजें, उसी पर लौट जाएं। जैसा कि मुझे शुरु से अंदाज था कि दोनों देश इस कोरोना-संकट के दौरान कोई नया सिरदर्द मोल लेने की स्थिति में नहीं है लेकिन नेपाल की स्थिति कुछ अलग ही है। वहां की आतंरिक राजनीति इतनी विकट है कि उसके प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने मजबूर होकर भारत के विरुद्ध कूटनीतिक युद्ध की घोषणा कर दी है। उन्हें अपनी पार्टी में अपने विरोधियों का मुंह बंद करने के लिए भारत-विरोध का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने सुगौली संधि (1816) की पुनर्व्याख्या करते हुए भारत-नेपाल का एक नया नक्शा घड़ लिया है, जिसे वह अपनी संसद से पास करा लेंगे। इस नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा के क्षेत्रों को वह नेपाली सीमा में दिखा रहे हैं।

विचार- श्रम की सार्थकता

डॉ मीरा त्रिपाठी पांडेय

ये मज़दूर हैं साहब, बहुत मजबूर हैं साहब । घरों से दूर हैं साहब, ये श्रम कोहिनूर हैं साहब।

ये खुद धुप में रह कर, आप को छाँव देते हैं। आप को शहर देते हैं, अपने गाँव को छोड़ कर।

ये श्रमपुंज हैं भारी, शहर से इनकी है यारी। अपने श्रम बिंदु से ही, ये आपकी बगिया महकाते हैं ।

इन्हें न खाने की चिंता है, न रहने की फ़िक्र है। सडक ऐसी बनाते हैं, वहीं पर सो भी जाते हैं।

कभी मुंबई सजाते हैं, कभी दिल्ली बसाते हैं। अरे! ये वो फ़रिश्ते हैं, जो खाली हाथ घर लौट जाते हैं।

कहीं भारी न पड़ जाए ये बेपरवाही

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में भारत विश्व में 145वें स्थान पर है। बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका और म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों की स्थितियां हमसे बेहतर हैं। बहरहाल कोरोना बार-बार करवट बदल रहा है। वह बहुत तेजी से फैलने वाला वायरस है। गर्मी, सर्दी, गीलापन, सूखा और मरुस्थल सरीखी जलवायु और मौसम का इस पर प्रभाव नहीं दिखा है, लिहाजा यह विकराल रूप धारण करता जा रहा है। मुंबई के आंकड़े चीन के वुहान शहर को पार कर 97 हजार से अधिक हो गए हैं। क्या अब यह 'कोरोना राजधानी' होगी? भारत में कोरोना का कहर कुछ शहरों तक ज्यादा सिमटा है। अब जून के अंत और जुलाई में क्या होगा, वह यथार्थ भी स्पष्ट हो जाएगा। उसके बाद ही हम कह सकेंगे कि भारत में कोरोना वायरस का समापन किस कदर होगा? बीते सवा दो महीने में बहुत सी अच्छी बातें कोरोना संकट ने हमें सिखाई हैं। संक्रमण न रहने पर भी अपने दैनिक जीवन में उनको ढाल लेना एक तरह से सुरक्षा चक्र जैसा ही होगा। प्रबन्धन का एक महत्वपूर्ण सूत्र गलतियों से सीखना है। कोरोना को लेकर जो असावधानी या

लॉकडाउन का पांचवा चरण जिसे अनलॉक-1 का नाम दिया गया है। इस चरण में काफी सहूलियतें नागरिकों को प्रदान की गई हैं। लेकिन छूट का दायरा बढ़ते ही नागरिकों के आचरण एवं व्यवहार में लाहपरवाही साफतौर पर देखने को मिल रही है। नागरिकों को असंयमित व्यवहार कोरोना संक्रमण को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। मीडिया के मार्फत जो खबरें देशभर से आ रही हैं, उनका सार यह है कि अनलॉक-1 में सामाजिक दूरी से लेकर बीमारी से बचने के तमाम उपायों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दो महीने ज्यादा घरों में कैद लोग खुली हवा में सांस लेने को इस कदर बेताब हैं कि उनके मन से बीमारी का डर शायद काफूर हो गया है। और यही आजादी भरा आचरण बीमारी को खुला न्यौता दे रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से बातचीत के बाद ही छूट की सीमा को बढ़ाया है। और छूट की सीमा बढ़ने का सीधा मतलब है कि जनता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। लेकिन इस छूट की शुरूआत में ही जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, वो किसी बड़े खतरे की ओर संकेत कर रही हैं। फिलवक्त दुनिया में भारत चैथा सबसे प्रभावित देश है।

आंकड़ों की बात करें तो कोरोना वायरस दुनिया भर में फैल गया है। इसने दुनिया की सभी सीमाओं को तोड़ दिया है। दुनिया में केवल एक ही शब्द गूंज रहा है जो है कोरोना। कोरोना ने सारी दुनिया को जीर्ण कर दिया है। यह वायरस मनुष्यों के साथ भेदभाव नहीं करता है। पिछले दस दिनों में देश में एक लाख के करीब नये मामले सामने आये हैं। ये आंकड़े चिन्ता बढ़ाने वाले हैं। लॉकडाउन में ढील दिये जाने के पीछे सरकार की मंशा ये थी कि अर्थव्यवस्था भी ठप न पड़े और आम आदमी भी सामन्य जिन्दगी बसर करे। लेकिन चिंतनीय बात ये है कि जब और जहां लॉक डाउन में ढील दी गयी वहां जनता ने शारीरिक दूरी का धड़ल्ले से उल्लंघन किया। फिर चाहे वह बाजार हो या अन्य स्थान। और यही चिंता का सबसे बड़ा कारण है। अनेक शहरों में जहां कोरोना संक्रमण नियन्त्रण में है, वहां जब बाजार खोले गये तो जनसैलाब उमड़ पड़ा। सम और विषम संख्या में दुकानें खोलने के भी संतोषजनक परिणाम नहीं दिखाई दिए।

अनलॉक-1 में अदालतें भी खुल गई हैं। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें और तस्वीरें प्रसारित हुई जिसमें अदालत में आने-जाने वालों में से न तो किसी में मास्क की फिक्र दिखी न ही कोई सोशल डिस्टेसिंग का पालन करता दिखा। अदालतों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ का रेला संक्रमण की संभावनाओं को बढ़ाने वाला है। ये जान लीजिए कि कोरोना वायरस की अभी तक कोई वैक्सीन नहीं बनी है और निकट भविष्य में इसके बनने के कोई आसार भी नजर नहीं आते। कई डाक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात की आशंका जता चुके हैं कि भारत में जुलाई में कोरोना का सबसे ज्यादा असर दिखाई देगा। लेकिन सड़कों पर उमड़ी भारी भीड़ इस ओर इशारा कर रही है हम सरकार के द्वारा दिशा-निर्देशों के प्रति लाहपरवाह हैं। और विशेषज्ञों की चेतावनी को भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कोरोना की महामारी से भले ही अभी निपटने का तरीका नहीं समझ आ रहा है, लेकिन इसका मूल लॉजिक बेहद आसान है। लोग आपस में मिलजुल रहे हैं और संक्रमण फैला रहे हैं. ऐसा घरों में भी हो रहा है, दफ्तरों में भी और यात्राओं में भी। यह मेलजोल, भीड़भाड़ अगर कम कर दी जाए तो एक शख्स से दूसरे शख्स को वायरस का ट्रांसमिशन रुकेगा और नए मामलों में गिरावट आएगी। ऐसे में तमाम विशेषज्ञ सोशल डिस्टेंसिंग को ही एकमात्र इसका उपाय बता रहे हैं। इसलिए भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में लॉकडाउन हुआ, लेकिन प्रवासी मजदूरों की समस्या और सरकारों द्वारा उसे ठीक से संभाल नहीं पाने के कारण भारत में लॉकडाउन का उतना अधिक प्रभाव नहीं दिखा है। सबसे जरूरी यह है कि लोग अगर कहीं से आ भी रहे हैं तो लॉकडाउन का पालन करें। अगर उन्हें होम क्वारंटाइन किया जाता है, तो वह घर के एक कमरे में ही खुद को समेट लें। अपने घर वालों से भी उचित दूरी बनाए रखें। और अगर उन्हें किसी क्वारंटाइन सेंटर में रखा जाता है तो सरकार द्वारा बनाए गए मानकों और नियमों का पालन करें। सरकार को भी चाहिए कि वह क्वारंटाइन सेंटरों की स्थिति बेहतर करे ताकि वहां पर रहने वाले प्रवासियों को कोई असुविधा नहीं हो। वुहान में जो हुआ उससे हमें सामाजिक दूरी और लॉकडाउन के उपाय अपनाने पड़े जो कि प्रभावी साबित हुए.।

अनलॉक-1 के बाद से विभिन्न शहरों से जो रिपोर्टें आ रही हैं उनके अनुसार घरों के बाहर मास्क का उपयोग नहीं करने के कारण पुलिस द्वारा लोगों का जुर्माना किया जा रहा है। ये एक ऐसी जरूरत है जिससे शायद ही कोई भी इंकार करेगा। और जब चिकित्सक भी कह चुके हैं कि हमें कोरोना के साथ रहने की आदत डाल लेनी चाहिए तब उसका अर्थ ये होता है कि लॉक डाउन के दौरान जिन सावधानियों का पालन किया गया उन्हें दैनिक जीवन में स्थायी रूप से उतारा जाए। मास्क, हाथ धोना, सार्वजनिक स्थल में नहीं थूकना और शारीरिक दूरी बनाये रखने जैसी बातें हमें अपने आचरण में शामिल करनी ही होंगी। वैसे भी थूकने जैसी गन्दी आदत तो कोरोना न आता तब भी असभ्यता का परिचायक है। दिल्ली में तो हजारों लोग सामान्य हालातों में भी मास्क लगाये दिख जाते हैं। इस तरह कोरोना से बचाव हेतु हमें उक्त आदतें डालनी होंगी।

स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में भारत विश्व में 145वें स्थान पर है। बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका और म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों की स्थितियां हमसे बेहतर हैं। बहरहाल कोरोना बार-बार करवट बदल रहा है। वह बहुत तेजी से फैलने वाला वायरस है। गर्मी, सर्दी, गीलापन, सूखा और मरुस्थल सरीखी जलवायु और मौसम का इस पर प्रभाव नहीं दिखा है, लिहाजा यह विकराल रूप धारण करता जा रहा है। मुंबई के आंकड़े चीन के वुहान शहर को पार कर 97 हजार से अधिक हो गए हैं। क्या अब यह 'कोरोना राजधानी' होगी? भारत में कोरोना का कहर कुछ शहरों तक ज्यादा सिमटा है। अब जून के अंत और जुलाई में क्या होगा, वह यथार्थ भी स्पष्ट हो जाएगा। उसके बाद ही हम कह सकेंगे कि भारत में कोरोना वायरस का समापन किस कदर होगा? बीते सवा दो महीने में बहुत सी अच्छी बातें कोरोना संकट ने हमें सिखाई हैं। संक्रमण न रहने पर भी अपने दैनिक जीवन में उनको ढाल लेना एक तरह से सुरक्षा चक्र जैसा ही होगा। प्रबन्धन का एक महत्वपूर्ण सूत्र गलतियों से सीखना है। कोरोना को लेकर जो असावधानी या गलतियां हुईं हों उनसे सबक लेकर यदि हम सतर्क रहे तो इस तरह के हमले का सामना करने के लिए हमारी तैयारी पहले से कहीं बेहतर रहेगी। शारीरिक दूरी बनाये रखकर हम भीड़ और धक्कामुक्की को दूर कर सकते हैं जिससे यूं भी सभी परेशान हैं । बाजारों और धार्मिक स्थलों पर शारीरिक दूरी अब एक अनिवार्यता होगी। ये सब देखते हुए कोरोना के बाद भी हमें उन बंदिशों को अपनी आदत बनाना होगा जो किसी भी भावी संक्रमण से बचने में सहायक होने के साथ ही हमारे निजी और सार्वजनिक जीवन को अनुशासित बनाकर भावी स्वास्थ्य सम्बन्धी चिंताओं को भी दूर करेगा। तभी हम स्वयं बच पाएंगे और दूसरों को भी बचा पाएंगे। दरअसल कोरोना पर विजय केवल सीधे सपाट आदेशों से नहीं होगी, बल्कि हर क्षण के पहरे में कर्मठता बदलेगी। यहां संस्कृति, संस्कार और कार्यसंस्कृति की परीक्षा भी हो रही है। दूसरी ओर एक नया विश्व, नया समाज और नई भूमिका में हर कोई जीने की राह बना रहा है।

मजदूरों की दुर्गती की याद देश में लंबे समय तक बनी रहेगी

अंजन रॉय

> प्रवासी श्रमिकों की विशाल आबादी देश के असमान विकास के लिए एक स्पष्ट गवाही है जो अब सुधार के लिए रोता है, यह इस बिंदु को रेखांकित करता है कि आपके सभी अंडों को एक-चुनिंदा बक्से में रखना सुरक्षित नहीं है। देश में विकास के परिणाम इस तरह के होने चाहिए थे कि कमाई और आजीविका के अवसर पूरे देश में दूर-दूर तक फैले हों, ताकि एक हिस्से में अचानक होने वाली रुकावट समग्र राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को नीचे न खींचे। यह भविष्यवाणी करना काफी आसान है कि महाराष्ट्र में, और विशेष रूप से बॉम्बे औद्योगिक बेल्ट के आसपास की अव्यवस्था, सामान्य रूप से आर्थिक गतिविधियों पर भारी असर छोड़ना चाहिए।

जब तक वायरस के प्रसार से लड़ने के लिए राष्ट्रव्यापी तालाबंदी नहीं की गई, तब तक भारत ने प्रवासी श्रमिकों और अर्थव्यवस्था के इंजन को चलाने में उनकी भूमिका पर कोई ध्यान नहीं दिया। इन असहाय लोगों का संकट अर्थव्यवस्था के कामकाज में गहरी अंतर्दृष्टि देता है। अब भी, यह सभी प्रवासी श्रमिकों को दिखाई नहीं देता है जो आगे बढ़ रहे थे, आखिरकार अपने घरों तक पहुंच गए हैं। उनमें से कई अभी भी अपनी जगह बने हैं - आश्रयों में अपने कोविद की स्थिति या अपने घरों में प्रतीक्षा कर रहे हैं।

अब तक, यह पता लगाने के लिए शायद ही कोई स्थापित और सहमत सर्वेक्षण है कि कितने प्रवासियों ने यात्रा की या प्रवासी श्रमिकों की सही गणना की। अलग-अलग बाते हैं। जबकि रेलवे ने गिनती को साठ लाख के रूप में बताया है, अदालत के बयान दिए गए थे कि उनकी संख्या एक करोड़ प्रवासियों की थी। सामूहिक विफलता के इस दुखद प्रकरण से क्या सबक मिलते हैं। अब भी हम संभवतः यह नहीं जानते हैं कि इन प्रवासियों के लिए नंबर ट्रैक करने की जहमत नहीं उठाई गई है - जो देश के एक छोर से दूसरे छोर पर जा रहे थे और जो अब पुनर्वास और नए रोजगार पाने की अपने गृह राज्यों में कोशिश कर रहे हैं।

इन मजदूरों के प्रवास का दुखद प्रकरण अखिल भारतीय प्रशासन की सामूहिक विफलताओं का प्रतिनिधित्व करता है - केंद्र सरकार से लेकर उनके मेजबान राज्यों के गृह राज्यों तक। उन्हें ऐसी विकट परिस्थितियों में यात्रा करनी पड़ीए जो अभूतपूर्व थी। पूर्वी राज्यों में अकुशल श्रमिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। उनके गृह राज्य इतने अक्षम हैं कि वे इन अकुशल श्रमिकों को रोजगार के न्यूनतम अवसर प्रदान नहीं कर सकते। इसलिए उन्हे पलायन करना पड़ता है। यह सामान्य ज्ञान है कि लोग अपने स्थान या उत्पत्ति के निकट रोजगार की तलाश करेंगे और मजबूरी के रूप में तभी आगे बढ़ेंगे जब वहां उन्हें कुछ नहीं मिलेगा। प्रवासियों के गृह राज्य सबसे कम विकसित हैं। तो फिर, गाड़ियाँ उन्हें यूपी, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, राजस्थान तक ले जा रही हैं। जितनी अधिक ट्रेनें इन राज्यों से दूर जा रही हैं, उतनी बड़ी

> किसी तरह की सामान्य स्थिति में फार्मास्युटिकल उद्योग की वापसी में देरी हो सकती है क्योंकि इस क्षेत्र से भारी मात्रा में संक्रमण और प्रवासियों की हताहत हो सकती है। अफसोस की बात है कि इन प्रवासी श्रमिकों के पलायन के परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था की बेहतरी अनिवार्य रूप से लंबी और विलंबित होगी, संभवतः उचित अवधि से परे भी। निर्माण उद्योग, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक इंजन है, प्रवासी प्रवासियों के चले जाने पर बहुत अधिक संकट महसूस करेगा। एक बार लॉक डाउन पूरी तरह से हटा दिए जाने के बाद इन प्रवासी श्रमिकों को वापस जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उस शून्य को कैसे भरा जाएगा और अर्थव्यवस्था इन श्रमिकों के बिना कैसे वापसी करेगी।

संख्या में राज्य सरकारों पर उनकी विकास की विफलता के लिए अभियोग है। यदि अन्य राज्य प्रगति कर सकते हैं, तो इन राज्य सरकारों को उनके दयनीय विकास का कोई औचित्य नहीं है। मेजबान राज्यों के लिए, उन्होंने कभी भी यह नहीं सोचा कि कहीं और से श्रमिकों का एक ठोस निकाय उनके स्थानीय आर्थिक इंजन के आवश्यक गियर थे। वे उन्हें न्यूनतम सामाजिक लाभ प्रदान करने के लिए परेशान नहीं हुए और उन्होंने सोचा कि ये लोग किसी भी समर्थन के लायक नहीं हैं। इन प्रवासी मजदूरों के पलायन की दिशा यह भी बताती है कि हमारा विकास परिणाम कितना लचर रहा है। मजदूर अपने काम के स्थानों को खोजने के लिए पानी की तरह चले गए हैं, भले ही ये कहीं भी हों। लेकिन तब, उनमें से कई लोगों को अपने घरों के पास कमाई के स्रोत खोजने के बजाय आगे बढ़ते रहना पड़ा।

दूसरी ओर, कुछ अलग-थलग मामलों को छोड़कर, मेजबान राज्य के अधिकारियों ने कभी भी प्रवासी को रखने की जहमत नहीं उठाई। प्रवासियों को जोखिम क्यों लेना चाहिए अगर राज्य के अधिकारियों द्वारा उन्हें कुछ आश्रय, आराम और भोजन के तौर-तरीके उपलब्ध कराए गए। मेजबान राज्य की अर्थव्यवस्थाओं में आगामी विघटन की तुलना में यह लागत प्रदान करने में काफी कम होगी, जो कि प्रवासी मजदूरों के सामूहिक पलायन के बाद अब शुरू होने वाली है। इनमें से कई प्रवासियों ने टीवी चैनलों पर कहा है कि वे अपने मेजबान राज्यों में कभी नहीं लौटेंगे। ये प्रवासी श्रमिक नौकरियों से विभिन्न प्रकार के काम कर रहे थे, जो धातु के काम, वेल्डिंग, बिजली के असाइनमेंट, सेवाओं और कई प्रकार की मरम्मत की नौकरियों जैसे मामूली कुशल नौकरियों के लिए कोई विशेष कौशल नहीं कहते थे। निर्माण जैसी कुछ गतिविधियाँ इन श्रमिकों पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रोहिणी के सेवक है

रोहिणी के सेवक है उनके रक्षार्थ हेतु निर्णय स्वरूप वरदान ले के आ गये तस्करों कसाईयों मे कसने लगाम हेतु धारदार न्याय का विधान ले के आ गये बचने ना पायेगा जी कोई भी कसाई अब न्यायपालिका से फरमान ले के आ गये धेनुओं का सेवक ही मुख्यमंत्री है तो फिर धेनुओं के हित प्रावधान ले के आ गये।

\- नरेन्द्र गुप्ता कवि

अद्भुत! एक रोते हुए

अद्भुत! एक रोते हुए बच्चे के पिता ने नाद किया '?' का,फिर क्या हुआ? वह देखने लायक है। ? केवल एक शब्द नहीं एक मंत्र है, ईश्वर का नाम है, सृष्टि का नाद है ये वो विज्ञान है जो ब्रह्माण्ड में गूंज रहा है। आप कहीं भी शांत मन से बैठो और चाहो तो कानों को भी बंद कर लो, तब भी यही ? का नाद ही सुनाई देगा।

\- मोना सेन गुप्ता

ख़ास पाती | अपनी बांहों में चांद छुपाकर

अपनी बांहों में चांद छुपाकर बादल कब इठलायेगा प्रेम तराने गाने वाला, वो सावन कब आयेगा... कहीं खामोशी है अधरों पर और ज़ेहन में है तृष्णा बन-बन डोलती गोपी के, जैसे हृदय में है कृष्णा प्रेमी सपनों को सरगम देने, मेघ मल्हार कब गायेगा... कब से आस लगा बैठा है, चातक अपनी प्यास बुझाने चंद्र किरण संग चंचल बन, अपने हृदय को हर्षाने विरह वेदना को स्वर देने, कब प्रेमी पपीहरा गायेगा।

\- सुशील भोले

खुश रहे या उदास रहे जिन्दगी

खुश रहे या उदास रहे। ज़िन्दगी तेरे आस पास रहे। चाँद इन बदलो से निकलेगा, तू आयेगा दिल को आस रहे। हम मुहब्बत के फूल हैं शायद, कोई काँटा भी आस पास रहे। मेरे सीने में इस तरह बस जा, मेरी सांसों में तेरी ही बास रहे। हम सब के साथ खूब हँसे, और फिर देर तक उदास रहे। तेरे इबादत मे गुजरा सुबह शाम, तू खुदा है मेरा ये एहसास रहे।

\- अर्पणा संत सिंह

नींद हम रोज तोड़ते और जोड़ते हैं

नींद हम रोज तोड़ते और जोड़ते हैं.नींद एक विस्तार है, रचनात्मक ऊर्जा है. यह हमारे लिए एक अलग ही आयाम खोलती है जहाँ पर न हमारी कोई पहचान है, न कोई अहंकार और न ही इस दुनिया जैसा कुछ भी है. इसलिए नींद ताजगीदायक, स्फूर्तिदायक और सुखदायक है. सुबह जब हम जागते हैं तो हमारे लिए एक नया दिन, एक नया जीवन होता है.

\- शालिनी मोहन

आजकल अश्लील वेब सिरीज

आजकल अश्लील वेब सिरीज बनाने का धंधा बेधड़क हो रहा है,भारत सरकार इन पर रोक लगाए अन्यथा , ङ्क्षक बजरंगदल इसको रोकने के लिए किसी भी हद तक जाएगा, बहुत हो चुका हिन्दू जनता किसी भी हालत में इन अश्लील-अराजक सिरीज को नहीं चलने देगी, इसे केवल धमकी न समझा जाए।

\- कुमार संतोष

व्यक्ति का व्यवहार देखना हो तो

व्यक्ति का व्यवहार देखना हो तो उसे सम्मान दो। आदत देखनी हो तो उसे स्वतंत्र कर दो। नियत देखनी हो तो उसे कर्ज दो। और अगर उसके गुण देखने हों तो उसके साथ कुछ समय बिताओ।

\- कमलकांत डोंगरे

कितना भी समेट लो.. हाथों से

कितना भी समेट लो.. हाथों से फिसलता ज़रूर है.. ये वक्त है साहब.. बदलता ज़रूर है.. इंसान की अच्छाई पर, सब खामोश रहते हैं... चर्चा अगर उसकी बुराई पर हो, तो गूँगे भी बोल पड़ते हैं..!!!

\- कुसम शुक्ला

कभी कुछ बोया थाआज वही काट

कभी कुछ बोया थाआज वही काट रहा हूँ,, अपनी ही आत्मा को हिस्सों में बाँट रहा हूँ,, ये अंतर्मन की पीड़ा है, जो दर्द उठाती है,, जितना लगाऊं मरहम , ये बढ़ती जाती है,, न किसी दवा, संताप , और न विलाप से ,, मिटेगा यह दर्द केवल पश्चाताप से।

\- नम्रता सरन सोना

QUIZ TIME

1) भारतीय प्रायद्वीप....... तक फैला हुआ है? (अरब सागर / हिन्द महासागर)

2) उस पड़ोसी राष्ट्र की पहचान करें जिसके साथ भारत अपनी सबसे लम्बी सीमा साझा करता है?
(क) नेपाल (ख) चीन (ग) म्यांमार (घ) बांग्लादेश

3) भारत के किस राज्य में, भारत में कर्क रेखा के अति समीपस्थ कोई शहर है?

4) ताजमहल के सुलेखक (कैलिग्राफर) .... ने, 1648 ईस्वी में इसकी रचना की और पूरा किया।

5) लोगो का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) हिन्द महासागर (2) बांग्लादेश (3) त्रिपुरा (4) अमानत खान शिराजी (5) पोस्टल लाईफइंश्युरन्स

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1420 - जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा। 1757 - सिराजुद्दौला से युद्ध के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद के लिए कूच किया। 1774 - अमेरिका का रोड आईलैंड दास-प्रथा पर रोक लगाने वाला पहला प्रांत बना। 1879 - क्रांतिकारी गणेश दामोदर सावरकर का जन्म।1886 - कनाडा के वैंकूवर शहर में आग लगने से एक हजार से अधिक इमारत जलकर खाक हो गयीं। 1888 - अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया। 1923- हिंदी सिनेमा जगत के मशहूर गीतकार प्रेम धवन का जन्म । 1927 - अमेरिका में पहली बार स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के दाहिने हाथ में अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया गया। 1932 - ब्रिटेन और फ्रांस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

बापू नगर तालाब की बदल रही है तस्वीर

मरीन ड्राइव जैसा होगा आकर्षक, महापौर ने जल्द कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बापू नगर वार्ड 29 में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र के बापू नगर में यह तालाब आकर्षण का केंद्र होगा। उपअभियंता प्रकृति जगताप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तालाब का कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है केवल 20 प्रतिशत कार्य ही शेष है जो शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने तालाब में हो रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने जोन के अधिकारियों को कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि जल्द ही इसका लुफ्त शहरवासी उठा सकें। राज्य परिवर्तित की राशि 3 करोड़ 33 लाख की लागत से विकसित हो रहे तालाब में बहुत कुछ खास है जिससे यहां पर आने वाले लोगों को मरीन ड्राइव जैसा सुखद एहसास होगा। शहर के पटरी के इस पार के क्षेत्र में भेलवा तालाब में काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं, परंतु अब बापू नगर का तालाब विकसित होने से शहरवासी यहां पर भी सुखद अनुभूति ले सकते हैं। बच्चों के लिए विशेष होगा चिल्ड्रन पार्क पालक के साथ में यहां पर आने वाले बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क एक विशेष आकर्षण का केंद्र होगा जहां पर बच्चे झूला, फिसल पट्टी, हरी.भरी घास का भरपूर आनंद ले पाएंगे और मनोरंजन कर पाएंगे। यह क्षेत्र चिल्ड्रन पार्क के लिए पृथक से विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह, जोन आयुक्त प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, उपअभियंता प्रकृति जगताप आदि उपस्थित रहे।

गृहमंत्री के क्षेत्र में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा

कॉलोनियों निवासी दहशत में, नहीं हो रही हैं कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के नगर स्थित निवास के आसपास गुंडाराज बढ़ रहा है। पूरे बोरसी इलाके में एक ग्रुप का आतंक लगातार बढ़ रहा है। जिला पुलिस ने क्राइम पर कंट्रोल किया है लेकिन पुलिस के काम करने का तरीका ऐसा नहीं है जिससे गुंडागर्दी करने वालों में खौफ पैदा हो। पुलिस की लापरवाही से अब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की छवि को बट्टा लग रहा है। बीती रात विद्युत नगर में नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर मोहनपुरी गोस्वामी के निवास पर हुई तोड़फोड़ से लोग खौफजदा हैं। इस तरह की घटनाएं इस इलाके में कई बार हो चुकी हैं। खौफ के कारण कॉलोनी के संभ्रांत लोग पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से डरते हैं। खौफ और गुंडागर्दी का ये माहौल पिछले 5 साल से ज्यादा समय से पनप रहा है।

रात विद्युत नगर कॉलोनी में हुई घटना को अंजाम देने वाले लोग कॉलोनी से सटे बोरसी कॉलोनी के बाशिंदे हैं। इससे पहले भी कई बार संभ्रांत परिवारों के साथ मारपीट की गई है। इन घटनाओं की खबर पुलिस तक पहुंचती रही है, लेकिन पुलिस ने क्राइम कंट्रोल करने कभी ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां गुंडागर्दी करने वाले लोगों का एक ग्रुप बन चुका है। शराब तस्करी और मारपीट कर लोगों में खौफ पैदा करना इनका मुख्य काम है। यहां से कई बार अवैध शराब पकड़ी गई है। बोरसी के प्रगति मैदान के आसपास लोगों के घर के सामने शराब पीना, हुड़दंग करना और शराब तस्करी के साथ गुंडागर्दी करना इनका मुख्य काम है। पुलिस ने अभी तक असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान नहीं चलाया है।

न्यूज गैलरी

जिले में कोरोना के तीन पॉजीटिव

दुर्ग। जिले में तीन नए कोरोना पॉजीटिव के मामले शुक्रवार को सामने आए। इसमें एक महिला सहित दो पुरुष शामिल है। पाटन के गोड़पेण्ड्री ग्राम में एक महिला कोरोना पॉजीटिव पाई गई। वह दिल्ली से आई थी। एक मामला नंदेली धमधा का है। जहां एक पुरुष कोरोना पॉजीटिव पाया गया। वहीं भिलाई से एक पुरुष कोरोना प्रभावित पाया। यह फ्लाइट से लौटा था। रेड जोन से आने की वजह से वही सेल्फ डिक्लरेशन के आधार पर जांच हुई और उसे कोरोना पॉजीटिव पाया गया। उसे उपचार हेतु मेकाहारा भेजा गया।

33 करोड़ से बन रहे हैं कोर्ट रूम, हॉस्टल : वोरा

स्मार्ट सिटी की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त भवनों का हो रहा है निर्माण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने करोड़ों रुपए स्वीकृत किए हैं। जिला न्यायालय में 6 करोड़ की लागत से 4 मंजिला कोर्ट रूम व मीटिंग हाल, 15 करोड़ की लागत से पॉलिटेक्निक कालेज में 50.50 सीटों वाले सर्वसुविधायुक्त ब्वायज व गर्ल्स हॉस्टल और 12 करोड़ से हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। विधायक अरुण वोरा ने निर्माणाधीन 12 अतिरिक्त कोर्ट रूम, पॉलिटेक्निक कॉलेज हॉस्टल और हेमचंद यादव विवि के प्रशासनिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वोरा ने कहा कि राज्य शासन ने करोड़ों राशि स्वीकृत की है जिससे आने वाले वर्षों में जिला मुख्यालय का स्वरूप बदलेगा। मेट्रो सिटी की तर्ज पर स्वच्छ सुंदर व सुरक्षित सर्वसुविधायुक्त भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पोटिया में 9.6 एकड़ के क्षेत्र में विश्वविद्यालय कैम्पस का निर्माण हो रहा है। छात्र.छात्राओं की सुविधा को देखते हुए डायनिंग हाल, योगा रूम, लायब्रेरी, यूटिलिटी रूम सहित सर्वसुविधायुक्त प्रयास हॉस्टल का निर्माण भी पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में जारी है। जिला न्यायालय में भीड़ के बढ़ते दबाव व न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े लोगों की मांग पर लिफ्ट सुविधा के साथ 4 मंजिला कोर्ट भवन बनाने का कार्य प्रारंभ है। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर न सिर्फ शहर ही नही बल्कि जिले व आसपास के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, पोषण साहू, अंशुल पांडेय व पीडब्लूडी के इंजीनियर आरके राव मौजूद थे।

15 वार्डो के लिये बनाया प्लान

दुर्ग। स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर द्वारा जोन 4 के 15 वार्डो के स्वच्छता निरीक्षक और सुपरवाईजरों की बैठक ली। बैठक में बारिश के पूर्व तैयारियों और कार्यो की जानकारी ली। वार्ड 1 से 7 और 32 से 35 तथा 56 से 58 तक के वार्डो में डेंगू और मलेरिया, पीलिया जैसे महामारी से बचाव के उपाय के निर्देश दिये। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक मेनसिंग मंडावी तथा सभी वार्डो के सुपरवाईजर उपस्थित थे। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा शहर के समस्त वार्डो की व्यापक स्तर पर साफ सफाई के लिए योजना बनाकर कार्य करने कहा गया है।

काम न करने वाले कांट्रेक्टर को किया ब्लैक लिस्टेड

इंडोर स्टेडियम का काम पूरा नहीं किया, अमानत राशि हुआ राजसात

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के तितरडीह वार्ड 21 हनुमान नगर में विकास कार्य का ठेका लेने के बाद समयसीमा समाप्त होने पर भी काम शुरू न करने पर एक कांट्रैक्टर को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन ने मेसर्स रतन ट्रेडर्स को ब्लैक लिस्टेड करने और अमानत राशि राजसात करने के निर्देश दिए हैं। कांट्रैक्टर को आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया है। अफसरों ने बताया कि हनुमान नगर में निगम प्रशासन इंडोर स्टेडियम का निर्माण करा रहा है। यहां फ्लोरिंग का कार्य नहीं किया गया है।

इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने निगम प्रशासन ने वर्क ऑर्डर जारी किया था। समयावधि पूरी होने के बाद भी यह कार्य पूरा नहीं किया गया। इससे शासन स्तर पर निगम की छवि धूमिल हुई। निविदा के नियम.शर्तो का स्पष्ट उल्लंघन करने के कारण ठेकेदार की अमानत राशि को राजसात करते हुये ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की गई है।

रात्रि में अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कोरोना महामारी का जिले में तेजी से फैलाव के बीच व रिसाली निगम क्षेत्रों मौहारी मरोदा एवं नेवईभाठा में कोरोना पॉजिटिव मिलने व जिला प्रशासन द्वारा कंटेन्टमेंट जोन घोषित किये जाने से अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे एवं मातहत अधिकारी रमाकांत साहू के साथ कल रात्रि में उल्लेखित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं उचित दिशा निर्देश दिये। स्वास्थ्य अमला एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा उक्त क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर की जा रही वे सभी उपायों की जानकारी भी प्राप्त की जिससे की कोरोना वायरस के फैलाव को रोका जा सके। निगम आयुक्त द्वारा उडनदस्ता टीम एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों को क्षेत्रों की सभी दुकाने, बाजारों छूट प्राप्त दुकानों को छोड़करद्ध को बंद कराने के साथ साथ आवागमन को भी बाधित करने के सख्त निर्देश मातहतों को दिये है। निगम आयुक्त द्वारा कंटेन्टमेंट जोन में रह रहे पीड़ित परिवार एवं रहवासियों की दैनिक आवश्यकताओं की आपूर्ति हेतु किये जा रहे व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

श्री शंकराचार्य में निबंध प्रतियोगिता का परिणाम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के शिक्षा विभाग द्वारा देश में व्याप्त वैश्विक महामारी कोरोना वायरस पर अन्तर्महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था ''कोविड-19 और देश की अर्थव्यवस्था'' इस प्रतियोगिता में दुर्ग, भिलाई, राजनादगांव एवं रायपुर के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. कल्पना द्विवेदी, प्राचार्या शास. झाडूराम देवांगन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग के अनुसार प्रथम स्थान पर भूमिका तिवारी एमए अर्थशास्त्र चतुथ सेमे. द्वितीय प्रज्ञा सेनापति बीएड द्वितीय से.) श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, अंजु वर्मा बीएड चतुर्थ सेम. एमजे कॉलेज तृतीय स्थान पर रही। प्रतिभागगियों को ई सर्टिफिकेट ई-मेल पर दो दिनो के भीतर प्रेषित किया जाएंगा। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर भूरे ने लिया केन्द्रीय बैंक का जिम्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. भूरे ने पदभार ग्रहण के पश्चात बैंक की समग्र स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने बैंक खातों की संख्या, कर्मचारियों की संख्या, बैंक की वित्तीय स्थिति, बैंक की प्रोग्रेस आदि विविध तथ्यों के संबंध में जानकारी ली। सीईओ अपेक्षा व्यास ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत 3 जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा की शाखाएं आती हैं। किसानों के साढ़े चार लाख एकाउण्ट यहां पर हैं और किसान बैंक संबंधी व्यवहार प्रायः इसी बैंक से करते हैं। इसके अतिरिक्त भी आम नागरिकों की खाते हैं जो बैंक के उपभोक्ता हैं। कलेक्टर ने लोन पॉलिसी भी देखी और इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अन्य वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंक की लोन पॉलिसी के अंतर के संबंध में पूछा। साथ ही यह भी पूछा कि बैंक अपने उपभोक्ताओं की बेहतरी के लिए किस तरह की सुविधाएं प्रदान करता है। सीईओ ने बताया कि लोन प्रकरणों पर पंद्रह दिनों में बैठक होती है। उन्होंने बैंक से जुड़ी हुई सोसायटियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती बाबी पण्डा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400468

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बाबी पण्डा पति देवाशीष पण्डा निवासी म.न. बी/16 सड़क 11 रिसाली आशीषनगर पश्चिम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	667/12	0.018 हें 2008 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202006100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक तामकेश्वर चंद्राकर आ. केजूलाल चंद्राकर निवासी धनोरा द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/16 रकबा 0.005 हें/ अर्थात 600 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जोतकुंवर आ./ पति बिसहत राम साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 674/22 रकबा 1540 वर्गफीट हे. भूमि विक्रेता राजाराम आ. धर्मचंद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.07.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कंचन साहू पति तुकाराम साहू साकिन भाठापारा मोरिद के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 674/22 रकबा 1540 वर्गफीट हे. भूमि विक्रेता राजाराम आ. धर्मचंद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जनता बाई पति जीवधन साहू साकिन मोरिद के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 674/22 रकबा 1673 वर्गफीट हे. भूमि विक्रेता राजाराम आ. धर्मचंद निवासी बिरगांव रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 07.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कौशल्या बाई पति परसराम साकिन रिसाली सेक्टर भिलाई के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 674/22 रकबा 1540 वर्गफीट हे. भूमि विक्रेता राजाराम आ. धर्मचंद से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका राशी देवांगन पति बृजभूषण देवांगन साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 320 रकबा 0.0200 हे. अर्थात 2178 वर्गफीट भूमि विक्रेता तिरिथराम आ. रामाधीन से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती उत्तरा साहू पति शिवकुमार साहू साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 674/22 रकबा 1207 वर्ग. हे. भूमि विक्रेता राजाराम देवांगन आ. धर्मचंद देवांगन से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./11/अ-6 अ/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार पिता बाबूलाल निवासी रसमड़ा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम रसमड़ा प.ह.नं. 05 में अपने नाम पर स्थित भूमि खसरा नबंर 84, 762, 826, 851/1, 851/3 रकबा कुल 0.8300 हे. मे से दर्ज नाबालिग नाम को बालिग दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त को उजर/ दावा पेश करना हो तो दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./204/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदिका दुरुपत बाई/ महेश चंद्राकर पति स्व. मंगलूराम निवासी बैगापारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला बैगापारा नजूल शीट क्रमांक 28 सी भूंखड क्र 20/2 क्षेत्रफल 51.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./205/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदिका दुरुपत बाई/ महेश चंद्राकर पति स्व. मंगलूराम निवासी बैगापारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला बैगापारा नजूल शीट क्रमांक 28 सी भूंखड क्र 16/2 क्षेत्रफल 60.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवलाल आ. आनंद सिंह साकिन थनौद द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 998, 1002, 2591/2 रकबा 0.01, 0.21, 0.15 हे. जो उसके स्व. बृजबाई ध.प. अनंद सिंह के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नारायण प्रसाद कुम्भकार आ. रामखिलावन साकिन थनौद द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 601, 602 रकबा 0.020, 0.010 हे. जो उसके स्व. रामखिलावन आ. मंगला के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनहरण लाल देशमुख आ. अनंद सिंह साकिन थनौद द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 225, 1028, 1037, 1435, 1623, 2591/1, 2683 रकबा कुल 0.67 हे. जो उसके स्व. बृजबाई ध.प. अनंद सिंह के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./999/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभांकर मंडल पिता स्व. मनीन्द्रनाथ मंडल निवासी ग्राम स्मृति नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 572/95 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मनीन्द्रनाथ मंडल आ. जयहरि मंडल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./926/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भारती यादव पति मंगल सिंह यादव अन्य 4 निवासी ग्राम केलाबाड़ी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 763/58 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रुखमणी यदु ध.प. गिरधारीलाल यदु की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कोरोना से निपटने के लिए 16 हजार की सहायता राशि भेंट

बेमेतरा/साजा। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से निपटने के लिए नवागढ़ तहसील के सुदूरवर्ती ग्राम चक्रवाय निवासी पूर्व जनपद सदस्य झम्मन कुमार बघेल ने प्रभारीमंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के समक्ष कलेक्टर शिव अनंत तायल से सौजन्य मुलाकात कर 16 हजार रू का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से भेंट किया। किसान झम्मन ने बताया कि उन्होने यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिले लाभ से जमा की है। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा एवं विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बन्जारे उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने 5 दिव्यांगजनों को वितरित किए मोटराइज्ड ट्रायसिकल

बेमेतरा/साजा। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री एवं बेमेतरा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने गुरुवार को दोपहर बेमेतरा प्रवास के दौरान 05 निःशक्तजनों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल का वितरण किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इनमें रुपउ साहू/बोधीराम बेलतरा, भगवती/हेमसाहू बेलतरा, अपर्णा/विष्णु लोधी ग्राम-गडुवा, बल्लू/बोधीराम लोधी साजा, लक्ष्मी/जगमोहन धोबी देउरगांव शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, नवागढ़ विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर शिव अनंत तायल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने 5 महिलाओं को सिलाई मशीन का किया वितरण

बेमेतरा/साजा। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री एवं बेमेतरा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज गुरुवार को दोपहर बेमेतरा प्रवास के दौरान 05 महिला हितग्राहियों को श्रम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन का वितरण किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इनमें दिनेश्वरी सेन ग्राम मौहाभाठा पोस्ट मोहगांव, देवी बाई वर्मा ग्राम जानो पोस्ट परपोड़ी, सेवती निषाद ग्राम सिंगदेही तह. बेरला, यमुना निषाद ग्राम सिंगदेही पोस्ट सरदा, देवंतीन साहू ग्राम बीजाभाट तह. बेमेतरा शामिल है। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, नवागढ़ विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर शिव अनंत तायल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव उपस्थित थे।

नपं अध्यक्षा और विधायक प्रतिनिधि ने वितरित किए आश्रय योजना के पट्टे

साजा। नगर पंचायत साजा अंतर्गत राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत राजस्व विभाग द्वारा आबादी पट्टा नगर पंचायत साजा क्षेत्र के वार्ड 01, 02, 05, 10, 12, 13 एवं 14 वार्डों के 210 हितग्राहियों को दिया जाना है। जिसमें से वार्ड नं 01 के 20 हितग्राहियों के पट्टे का वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, पार्षद अवधेश गोयल, एल्डरमैन जितेन्द्र जैन, अनुविभागीय अधकारी राजस्व डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार चद्रशेखर चंद्राकर, सीएमओ आरएल सुधाकर, उप अभियंता लोकेश शर्मा, पटवारी टीकम देवांगन, दिनेश साहू, टुकेश देशमुख सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जवान निकला कोरोना पॉजिटिव

कोण्डागांव (नव प्रदेश)। बस्तर संभाग के निकटवर्ती जिलों में कोरोना पोजेटिव के बाद भी लम्बे समय से सेफ जोन में रहे कोंडागॉव में भी अब कोरोना ने दस्तक दी है। अब तक कोरोना संक्रमण से कोंडागॉव अछूता रहा। यहॉ स्थानीय शहीद गुण्डाधूर पीजी कॉलेज भवन को बनाए गए कोरेटीन सेंटर में कोरेन्टीन किए गए आईटीबीपी के एक जवान को आरटीपीसीआर में कोरोना पॉजीटिव आने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद जिले में सतर्कता और बढ़ गई है,वहीं लोगो मे हंडकप मच गया।

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से जिले की 183 गर्भवती महिलाएं हुईं लाभान्वित

8 लाख 17 हजार रूपये उनके खाते में हुये जमा

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी जिले की गर्भवती महिलाओं को किसी समस्या का सामना ना करना पड़े करके महिला बाल विकास की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने घर-घर जाकर टेक होम राशन टीकाकरण एएनसी जांच स्वस्थ्य सुविधाए आदि मुहेया कराने में अपना योगदान दिया है। साथ ही उनके लिए चलायी जा रही योजनाओं का भी उन्हें लाभ दिया है। इन्हीं योजनाओं में से प्रधानमंत्री मातृयोजना अन्तर्गत लॉकडाउन उपरांत जिले में 183 गर्भवती माताओं को प्रथम किश्त की राशि, 186 गर्भवती माताओं को द्वितीय किश्त की राशि एवं 131 गर्भवती माताओं को तृतीय किश्त की राशि के लिए साफ्टवेयर में प्रविष्ट की गई है जिसकी कुल राशि 8,17,000 रू हैं। जिले के महिला बाल विकास अधिकारी श्री ब्रजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना अर्तगत किसी भी महिला को जो कि सवैतनिक प्रसूति अवकाश का लाभ प्राप्त नहीं करती हो प्रथम प्रसव की दशा में 5,000 रू की सहयोग राशि बैंक खाते के माध्यम से उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाता है। जिसमें प्रथम किश्त 1,000 रू गर्भवस्था के पंजीयन पर तथा द्वितीय किश्त 2,000 रू 6 माह में न्यूनतम आईएएनसी जांच पर एवं तृतीय किश्त 2,000 रू प्रसव उपरांत शिशु के प्रथम चक्र के टीकाकरण एवं जन्म प्रमाणपत्र आने के पश्चात् किया जाता है।

पढ़ई तुंहर दुआर के अन्तर्गत 'गुरू तुझे सलाम' का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। राज्य शासन की महती योजना पढ़ई तुंहर दुआर को सफ्ल बनाने के साथ -साथ कार्यक्रम के व्यापक प्रचार एवं शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों द्वारा नियमित उपयोग हेतु संकुल से राज्य स्तर तक गुरू तुझे सलाम कार्यक्रम के आयोजन हेतु कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में जिला, विकासखण्ड एवं संकुल स्तर पर दो मिनट का अहा क्षण आ आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की कड़ी मे दिनॉक 11 जून को संकुल स्तरीय कार्यक्रम गुरू तुझे सलाम समस्त संकुलों में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के लगभग 45 संकुलों में नेटवर्क कनेक्टिविटी कम होने के बावजूद सभी शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षण को याद करके दो मिनट के क्षण अहा मोमेन्ट में अपने-अपने अनुभव साझा किये। जिसमें कुछ शिक्षकों ने अपने जीवन के यादगार पल में से डॉ. तरूणा सिंह, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचेली ने अपने अनुभव इस प्रकार साझा किया कि वह संस्कृत की शिक्षिका है और कक्षा 11 एवं 12 की संस्कृत में कोई भी गाईड उपलब्ध नहीं होता, जिसे आपने शिक्षकों के साथ समस्या बताई तो उनके मार्गदर्शन साथियों ने बताया कि आप स्वयं एक शिक्षक है और शिक्षक हमेशा एक गाईड होता है तो क्यों न आप गाईड का निमार्ण कर लो, तभी उनसे प्रेरणा लेकर डॉ. तरूणा सिंह, ने कक्षा 11 एवं 12 के संस्कृत विषय का गाईड बना डाला और प्राचार्य श्री देवेन्द्र सोनी, के द्वारा विमोचन किया गया। बचेली की ही शिक्षिका अजरा दयाल, ने अपने अनुभव कुछ इस प्रकार साझा किया कि शिक्षिका के रूप में उनकी पदस्थापना जब हुई तो गांव में न स्कूल था, एवं न पढ़ने को बच्चे, तो उन्होने धीरे-धीरे पालकों से संपर्क कर उन्हे बच्चे भेजने हेतु प्रोत्साहित किया।

विद्युत उपभोक्ताओं को देना होगा निरीक्षण शुल्क

अम्बिकापुर। जिले के भीतर स्थापित समस्त प्रकार के विद्युत स्थापनाओं की सुरक्षा जांच विद्युत निरीक्षक एवं सहायक निरीक्षक द्वारा आवर्ती अवधि में निरीक्षण किया जाएगा। इस निरीक्षण सेवाओं हेतु विद्युत उपभोक्ताओं को शासन के पक्ष में निरीक्षण शुल्क देना होगा। निरीक्षण शुल्क 5 वर्ष की आवर्ती अवधि में एक बार जमा करना होगा किन्तु निरीक्षण शुल्क करने के बाद कोई दोष या विद्युत विनिमय का उल्लंघन पाया जाएगा तो पुनः शुल्क की आधी राशि अतिरिक्त वसूल की जाएगी। निरीक्षण शुल्क को निरीक्षक से पावती लेकर या शासन के मद में कोषालय चालान द्वारा भी जमा किया जा सकता है। स्थापना क्षमता 0 से 10 हार्स पावर तक अर्थात 7.35 किलोवाट तक के मध्यम दाब स्थापना के लिए प्रति कनेक्शन 200 रुपये निरीक्षण दर निर्धारित की गई है। इसी प्रकार 0 से 50 हार्स पावर तक के मध्यम दाब विद्युत स्थापना अर्थात 7.35 से 36.75 किलोवाट तक के मध्यम दाब स्थापना के लिए प्रति कनेक्शन 1000 रुपये प्रति कनेक्शन एवं 50 हार्स पावर से अधिक के विद्युत दाब स्थापना के लिए 36.75 किलोवाट से अधिक हेतु 2000 रुपये प्रति कनेक्शन निरीक्षण दर निर्धारित की गई है।

ठेलका सोसायटी में अध्यक्ष ने किया चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन

साजा - सेवा सहकारी समिति ठेलका सोसायटी में मनरेगा के तहत स्वीकृत 6 नग चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन समिति अध्यक्ष परमानंद साहु ने किया। जिसमें ग्राम पंचायत ठेलका के सरपंच सविता महेंद्र साहु, जिला सहकारी बैंक ठेलका के शाखा प्रबन्धक संजय चौबे, सोसायटी प्रबन्धक आशीष राजपूत सहित समस्त संचालक सदस्य, किसान व कर्मचारी गण आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष परमानंद साहु ने चबूतरों की स्वीकृति के लिए सीएम भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के प्रति सभी किसानों की ओर से आभार व्यक्त किए।

प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के जनरल प्रमोशन पर एनएसयूआई ने जताया आभार

साजा। जनरल प्रमोशन एवं बोनस मार्क्स को लेकर प्रदेश एन.एस.यू.आई. ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौपे थे। जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए एवं छात्र हित मे फैसला लेते हुए आदेश जारी किए। इस वर्ष प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रमोशन दिया जाएगा। उनके इस निर्णय पर साजा विधानसभा के एन.एस.यू.आई. उपाध्यक्ष चित्रकुमार प्रजापति ने कहा कि इस निर्णय के लिए मैं हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे एवं एन.एस.यू.आई. के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का दिल से आभार व्यक्त करता हु। जिन्होंने छात्रों की स्वस्थ सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने हमारी माँग को गंभीरता से लेते हुए इस निर्णय से छात्रों के हित में फैसला लिया। साथ ही मैं बताना चाहूंगा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी एक माँग और बाकी है जो इस प्रकार है स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रणाली से अध्यनरत छात्रों को जनरल प्रमोशन, अंतिम वर्ष के छात्रों को परीक्षाओ में बोनस मार्क्स। एन.एस.यू.आई. हमेशा छात्र हित में काम करती है और करती रहेगी।

चोरी की बाइक के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

बचेली (नव प्रदेश)। बचेली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है चोरी की गयी पांच मोटरसाइकिल सहित 2 चोर पुलिस की गिरफ्त में आये है। दरसअल दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जयसवाल द्वारा बचेली एवं दंतेवाड़ा में हो रही लगातार बाइक चोरियों पर लगाम लगाकर आरोपियों की जल्द तलाश करने हेतु निर्देशित किए जाने के पश्चात, एसडीओपी किरंदुल देवांश सिंह राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन में थाना बचेली द्वारा गठित टीम इस दिशा में लगातार कठिन परिश्रम कर रही थी। 10 जून को मुखबिर की सूचना पर शिव मंदिर पुराना बचेली के समीप पुलिस टीम द्वारा

अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, मेडिकल वेस्ट के खुले गड्ढे में गिरी गाय

■ मीडिया कर्मियों ने पहुंच कर नगर पालिका के सहयोग से बचाया गाय को

अस्पताल के पीछे मेडिकल वेस्ट खुले में बिखरा पड़ा है

कोंडागाँव (नव प्रदेश)। जिला अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है, जिसके चलते मेडिकल वेस्ट के लिए खोदे गए गड्ढे में एक गाय 3 दिनों तक गिरी हुई थी, अस्पताल प्रबन्धन को जानकारी होने के बावजूद किसी ने भी गाय को निकालने की कोशिश नही की वही गाय 3 दिनों तक भूखी प्यासी गड्ढे में पड़ी रही जिसे मीडिया कर्मियों को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच नगर पालिका की मदद से गड्ढे से गाय को बाहर निकलवाया।

जिला अस्पताल के पीछे मेडिकल वेस्ट के लिए बने गड्डो में बड़ी लापरवाही नजर आई,जहाँ खुले गड्ढे में मेडिकल वेस्ट लापरवाही से फेका गया है वही खुले में मेडिकल वेस्ट बिखरा पड़ा नजर आया,जिससे इस कोरोना काल मे गम्भीर संक्रमण के फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन लापरवाही पूर्वक खुले में मेडिकल वेस्ट फेंक कर अस्पताल प्रबंधन अपने जिम्मेदारी के प्रति कितनी सतर्क है उजागर कर रही है।

अब कडेनार में ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

विधायक चंदन कश्यप के प्रयासों से ग्राम पंचायत कडेनार में खुदा नलकूप

ग्रामीणों में हर्ष का माहौल, विधायक का जताया आभार

कोंडागांव (नव प्रदेश)। कोंडागांव जिला के सुदूर अंचल ग्राम कडेनार में नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप के प्रयासों से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु लगातार नलकूप खनन का कार्य किया जा रहा है, आज ग्राम पंचायत कडेनार के प्राथमिक शाला के पास नलकूप का खनन कार्य किया गया । इस अवसर पर विधायक चंदन कश्यप ने ग्रामीणों से कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री की मंशा प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के हर मजरे टोले तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की है। और उनकी मंशा के अनुरूप हमारा प्रयास है कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी जगहों पर नलकूप और नलजल योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विधायक चंदन कश्यप के साथ, श्रीमती शामबती नेताम अध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर, देवनाथ उसेण्डी अध्यक्ष जिला कॉग्रेस नारायणपुर, राजेश दीवान पीसीसी सदस्य नारायणपुर, प्रमोद नेलवाल, पंडीराम वड्डे एवं नारायणपुर जिले के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण, राजेश मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव, ग्राम पंचायत कडेनार के सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, कृषि मंत्री ने जिलें में खाद-बीज के भण्डारण एवं उठाव की ली जानकारी

कोरोना महामारी के संक्रमण से निपटने के उपायों पर की चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा/साजा। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री एवं बेमेतरा जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने गुरुवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में कृषि, पशुपालन एवं जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, नवागढ़ विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे, कलेक्टर शिव अनंत तायल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती भेड़िया ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के लिए जिले मे किये जा रहे उपाय एवं प्रयास के संबंध मे जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बेमेतरा के लाइवली हुड कॉलेज मे 50 बिस्तर युक्त एवं शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज बेमेतरा मे 100 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। बेमेतरा के एमसीएच मे 100 बिस्तर युक्त कोविड-19 अस्पताल तैयार किया गया है। ऑक्सीजन पाईप लाईन विस्तार कार्य जारी है। प्रभारीमंत्री ने कहा कि इस महामारी से निपटने के लिए शासन-प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। जिले के अधिकारी भी टीम भावना से अच्छा कार्य कर रहे हैं। अन्य राज्यों के मुकाबले छ.ग. मे कोरोना का संक्रमण कम है। कृषि मंत्री श्री चौबे ने जिले मे खाद, बीज के भण्डारण एवं उठाव की समीक्षा की। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले मे धान बीज का लक्ष्य 22 हजार क्विंटल के विरुद्ध 23 हजार 904 क्विंटल भण्डारण कर 19 हजार 485 क्विंटल का वितरण किया जा चुका है। अरहर का लक्ष्य 235 क्विंटल के विरुद्ध 159 क्विंटल भण्डारण कर लिया गया है। किसानों द्वारा अपने जरुरत के मुताबिक उठाव किये जा रहे है। खरीफ वर्ष 2020 के लिए युरिया, डीएपी, एनपीके, आदि उर्वरक का डबल एवं सिंगल लॉक एवं निजि भण्डारण का लक्ष्य 63200 मीट्रिक टन के विरुद्ध 45558 मीट्रिक टन भण्डारण किया गया है। किसानो द्वारा सिंगल लॉक 26715 मीट्रिक टन एवं निजि व्यवसायियों से 1701 मीट्रिक टन इस प्रकार कुल 28416 मीट्रिक टन उठाव कर लिया गया है। इस तरह जिले मे 61 प्रतिशत खाद का उठाव किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि निकट भविष्य मे रोपा एवं बियासी के समय खाद के उठाव मे तेजी आयेगी। कलेक्टर श्री तायल ने आश्वस्त किया कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी टीम भावना से कार्य करते हुए शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करेंगें। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले मे लाभान्वित किसानों की संख्या एक लाख 10 हजार 935 है। किसानों को 94 करोड़ 60 लाख 56 हजार रु. उनके बैंक खाते मे ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है। प्रभारी मंत्री श्रीमती भेडिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूरक पोषण आहार, रेडी टू ईट की गुणवत्ता एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने गड़बड़ी करने वाले समूहों को तत्काल बर्खाशत करने के निर्देश दिये। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले मे 1079 आंगबाड़ी केन्द्र संचालित है।

पीआईसी की बैठक में महत्वपूर्ण फैसलों पर लगी मुहर

पीआईसी मेंबरों ने 6 एजेंडे को हरी झंडी दी

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल की बैठक में मेंबरों ने कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई है। पीआईसी मेंबरों ने 6 एजेंडे को हरी झंडी दी है। वहीं जून के अंतिम तक नगर पालिका द्वारा संचालित अग्निशमन वाहन सहित पूरे अमले को जिला नगर सेनानी को सौंपने पर सहमति दे दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल की बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले को मंजूरी दी गई है। इसमें अग्निशमन वाहनों सहित पूरा अमला को जिला नगर सेनानी को सौंपा जाएगा। अध्यक्ष एवं पीआईसी मेंबरों ने कहा कि अग्निशमन वाहनों में प्रति माह डीजल में 30 से 35 हजार होने वाले खर्च पालिका को वहन करना पड़ता है। इन वाहनों को सौंपने से पालिका के अतिरिक्त खर्च को अन्य कार्यों में किया जा सकता है। इसी प्रकार शहर के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 14वें वित्त के तहत साढ़े 6 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजने पर सहमति बनी है। करीब 50 लाख की लागत से बीटीआई रोड स्थित गौरव पथ में 110 वाट का एलईडी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 18 वाट के बजाए अब 35 वाट का लाइट लगाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। वहीं नगर पालिका में कार्यरत वाहनों का वर्ष 2020-21 के लिए बीमा नवीनीकरण प्रीमियम की राशि का भुगतान करने की मेंबरों ने ध्वनिमतों से प्रस्ताव मंजूरी दी है। इस तरह पीआईसी सदस्यों ने नगर पालिका के लिए नए अधिवक्ता नियुक्ति पर भी चर्चा की। सहमति के बाद नियुक्ति पर अपनी मुहर लगाई है। वहीं सितली नाला के पास नगर पालिका की 3 दुकानों को किराए पर देने पर चर्चा की गई। इन दुकानों का वैल्यूवेशन करने बाद किराए पर देने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर सभापति एवं उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, देवीचंद राठी, संदीप घोष, मनीष शर्मा, बबलू हरपाल, माधवी सिक्का, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एके हलधर, लोक निर्माण विभाग से अमन चंद्राकर, जल प्रभारी विजय श्रीवास्तव, राजस्व प्रभारी देवकुमार निर्मलकर, वाहन विभाग के खेमराव बंजारी, विघुत से सीताराम तेलक, स्वास्थ्य विभाग के अनिल कुमार झा, खाद्य एवं पेंशन दुर्गेश कुंजेकार, स्थापना करण कुमार यादव सहित तमाम विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

क्वारंटाइन सेंटर से लोगों की मार्मिक अपील

महासमुंद। बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 15 स्थित पब्लिक स्कूल कोरेंटाइन सेंटर में रह रहे लगभग दर्जन भर से अधिक प्रवासी लोगो ने सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल कर शासन प्रशासन से मांग की है कि कोरेंटाइन सेंटर में रह रहे लोगों को सेंटर से छुट्टी दिया जाए । सेंटर में रहते हुए इन लोगो को लगभग 20 से 25 दिन हो गये है । इनका कहना है कि कोरेंटाइन में रहने वाले ये लोग अपने घर के कमाऊ लोग है इनके सेंटर में इतने दिन रहने से इनकी परिवार की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है।

किराना और फल दुकान पर 7 हजार का अर्थदंड

महासमुंद। जिला प्रशासन के दिशानिर्देश जारी करने के बावजूद व्यवसाय कर रहे व्यापारियों के विरुद्ध नगर पालिका द्वारा चालान की कार्यवाही करते हुए उनसे 7 हजार रुपए अर्थदण्ड वसूला गया है। कोरोना (कोविड 19) के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सप्ताह में शुक्रवार को पूर्ण रूप से बंद रखने के निर्देश जारी किया गया। लेकिन बावजूद आदेश की अवहेलना करते हुए दुकानें खोल कर व्यवसाय करने वाले किराना एवं फल ठेला के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऐ. के. हलधर ने तमाम व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी के संक्रमण से सभी की सुरक्षा करनी है। इस लड़ाई में सभी की सहभागिता होगी तभी इस महामारी से जीता जा सकता है। बंद के दिनों में अपना व्यापार न खोले।

प्रभारी मंत्री के खिलाफ टिप्पणी, मामला दर्ज

महासमुंद। जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफफेसबुक में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। कांग्रेसजनों की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री हरदेव सिंह ढिल्लो, राजेन्द्र चंद्राकर, जसविन्दर सिंह ढिल्लो, नानू भाई, निर्मल जैन, हार्दिक सोना एवं जावेद चौहान ने सिटी कोतवाली में शिकायत की थी कि प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफफेसबुक में ओम जैन ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। कांग्रेसजनों ने इस मामले में सबूत के बतौर फेसबुक आईडी व टिप्पणी का स्क्रीनशॉट भी दिया था।

खेत से विद्युत केबल चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। खेत से अज्ञात ने विद्युत केबल पार कर दिया। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार निवासी किसान दीनदयाल दीवान ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। उन्होनें बताया कि खेत में सिचाई पंपों को चलाने के लिए तीन किसानों ने मिलकर विद्युत कनेक्शन लिया था। 5 जून की रात अज्ञात ने उसे पार कर दी। इसकी सूचना उन्होनें विद्युत वितरण कंपनी के इंजीनियर से भी की है। चोरी गई करीब 8 सौ मीटर विद्युत केबल की कीमत 88 हजार 635 रूपए है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 379, 136(1), (ग) विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

जिला चिकित्सालय के कोविड सेक्शन में 28 बिस्तर तैयार

■ पांच स्तरीय डॉनिंग-डॉफिंग के रिस्ट्रिक्टिड क्षेत्र में सब कुछ होगा सुपर सैनिटाइज्ड

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिले में कोविड-19 की बीमारी को रोकने जिला चिकित्सालय में कोविड और नान कोविड उपचार मुहैय्या कराने कार्य युध्द स्तर पर जारी है। उल्लेखनीय है कि इस महामारी से जीतने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर लगातार कड़ी मेहनत करते हुए जीएनएम नर्सिंग सेंटर को सर्व-सुविधायुक्त कोविड केयर सेंटर में बदलाव किया गया है। कोविड चिकित्सालय के प्रवेश एवं निकासी के लिए अलग से सड़क मार्ग एवं आंतरिक गलियारों का निर्माण कर लिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भी शीघ्र परिसर में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए बोर खुदाई का कार्य शीघ्रता से किया, जिससे निर्माण कार्य में जलापूर्ति एवं आगामी समय में मरीजों को चौबीसों घंटे शुद्ध पेय जल उपलब्ध होने लगेगी।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डा आरके परदल ने बताया कि जिला चिकित्सालय को कोविड और नान कोविड भागों में बांटा जा चुका है। 28 बिस्तरों में सेंट्रल ऑक्सीजन की व्यवस्था के लिए पाइप लाइन लगाई जा चुकी है। अगले 48 घंटें के भीतर यहां वैक्यूम सक्शन सहित सुविधाएं उपलब्ध करा लिया जाएगा।

नदियों के नाम पर कमरों का नामकरण

आरएमएनसीएचए सलाहकार संदीप चन्द्राकर एवं डा मुकुन्द राव घोड़ेसवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोविड केयर सेंटर में 72 कमरों में प्रदेश के नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जिनमें 240 बिस्तरों का सेटअप तैयार कर लिया गया है। प्रवेश द्वार से लेकर सभी कमरों के सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल यूनिट से जोड़े जा चुके है। मरीजों की सहूलियत के लिए टू वे यानि द्वि-आयामी माइकिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे स्वास्थ्यकर्मियों के आपसी समन्वय के अतिरिक्त जरूरत पड़ने पर मरीज भी मदद के लिए सीधा संपर्क कर सकेंगे। क्लीनिकल सेवाओं के लिए साफसुथरे किचन में मरीजों और चिकित्सकीय दल के लिए भोजन पकाने की पृथक व्यवस्था की गई है।

महासमुंद पुलिस कप्तान हुए स्पंदन अभियान के तहत जवानों से रूबरू

■ सुनी समस्याए एवं चेहरे की मुस्कान को बताया अनमोल धरोहर

महासमुंद। स्पंदन अभियान का उद्देश्य हमें एक भी पुलिस जवान को खोना नहीं है'' मुख्यमंत्री छ0ग0 शासन एवं पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ के इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दिये गये आवश्यक निर्देश पर पुलिस जवानों को मानसिक तनाव से बचने, उनके समस्याओं का निराकरण करने एवं कर्तव्य स्थल पर खुशनुमा माहौल बनाये रखने के लिए महासमुंद जिला में ''स्पंदन अभियान'' का शुभारंभ किया गया।

शुक्रवार को महासमुन्द जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के द्वारा तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में तथा रक्षित केन्द्र एवं मुख्यालय के निकटतम थाना/चौकियों व यातायात शाखा, साईबर सेल, पुलिस नियंत्रण कक्ष, पुलिस कार्यालयो में तैनात पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों का पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षकों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री छ0ग0 शासन एवं पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ रायपुर के मंशानुरूप ''स्पंदन अभियान'' का शुभारंभ किया गया। रक्षित केन्द्र पुलिस लाईन परसदा में पुलिस अधीक्षक महासमुन्द द्वारा रक्षित निरीक्षक महासमुन्द की अगुवाई में अनुशासन की जड़ कहे जाने वाले जनरल परेड में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों के गणवेश, टर्न आऊट का निरीक्षण कर परेड मार्च पास्ट कराया गया। उसके उपरांत पृथक-पृथक टोलियों में परेड अभ्यास कराया गया।

नपा अध्यक्ष ने किया सीसी निर्माण का भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड क्रमांक 17 में एक लाख की लागत से कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। स्वामी विवेकानंद वार्ड नंबर 17 मूलभूत सुविधाओं को गति देते हुए पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की। वार्ड में निवारत परिवारों ने घरों में नल कनेक्शन की मांग की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने उन्हें पालिका में आवेदन जमा करने को कहा, और जल्द ही कनेक्शन देने का भरोसा दिलाया। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को कार्य में गति लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि बरसात निकट है और ऐसे में काम को जल्द पूरा करना होगा। अध्यक्ष ने निर्माण कार्य के दौरान साथ में झिल्ली की व्यवस्था रखने की सुझाव भी दिए हैं। बाद पालिका अध्यक्ष ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 16 में निर्माणाधीन सड़क एवं नाली का निरीक्षण किया। सड़कों पर जगह जगह गढ्ढे देख मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि जितने भी भवन स्वामियों के घर से निकलने वाली गंदे पानी सड़क से क्रास कर के नालियों में जोड़ा गया है, ऐसे तमाम मकान मालिकों से पाइप मंगवा कर ढ़लाई कराई जाए। उन्होंने मरम्मत कार्य के सप्ताह भर में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर पार्षद मंगेश टांकसाले, रिंकू चंद्राकर, तरूण जलक्षत्री, देवेन्द्र चंद्राकर, पुरूषोत्तम देवांगन, संजीव साहू, जयकांत वर्मा, चंद्रशेखर सेन, मयंक देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

आठ सौ से अधिक कोरोना वारियर्स को खिलाई जा चुकी है हाइड्राक्सीक्लोरोक्वीन की दवा

महासमुंद। जिले के लगभग आठ सौ से अधिक कोरोना वारियर्स को हाइड्राक्सीक्लोरोक्वीन की खुराक दी गई है। यद्यपि यह कोविड-19 की बीमारी या उपचार के लिए पूर्णतः सटीक व कारगर नहीं मानी जाती। लेकिन वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखते हुए शासन की निर्देशिका के अनुसार जिला मलेरिया अधिकारी एवं उनके दल द्वारा चलाए जा रहे इस अभ्यास में हाइड्राक्सी क्लोराक्वीन की दवा का सेवन कोरोना वारियर्स के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के परामर्श एवं उनके देख-रेख में विभिन्न आयु के लोगों एवं शरीरिक क्षमता के अनुरूप दवा सेवन का सेवन निरंतर कराया जा रहा हैं।

कार्यालय जिला अंधत्व नियंत्रण उपसमिति कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
E-mail-npch.knk12345@gmail.com

क्रमांक/अंधत्व/2020/2 — कांकेर, दिनांक 9/6/2020

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

अंधत्व निवारण उपसमिति जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर से अधिकृत निर्माता एवं विक्रेताओं से औषधि, उपकरण, चश्मा, सूचर 8.0, 10.0, शार्प उपकरण एवं लेंस प्रदाय करने हेतु मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन सहित रु. 500.00 (पांच सौ रुपए) नगद भुगतान कर कार्यालयीन अवधि में दिनांक 12.06.2020 से दिनांक 03.07.2020 तक निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निविदा स्थानीय स्तर के चश्मा प्रदायकर्ता फर्मों को ही मान्य किया जायेगा।

1. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 03.07.2020 संध्या 5.00 बजे तक।
2. निविदा की आफर खोलने की तिथि की सूचना अलग से दी जावेगी।

नोडल अधिकारी,
जिला अंधत्व कार्यक्रम उपसमिति, कांकेर

संवाद-25646/3

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजभूषण, पोषण आ. फिरतूराम निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तहसील व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक... में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1085 रकबा 0.0800 हे. भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका बृजभूषण एवं पोषण के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर 0.55 हे. 80.53 हे. सामान हिस्सो में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400292

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक तामकेश्वर चंद्राकर आ. केजूलाल चंद्राकर निवासी धनोरा द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 48/5 रकबा 0.006 हें/ अर्थात 600 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400380

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका उत्तरादेवी चंद्राकर पति देवलाल चंद्राकर निवासी तिल्दा रायपुर द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/17 रकबा 0.006 हें/ अर्थात 600 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400368

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका उत्तरादेवी चंद्राकर पति देवलाल चंद्राकर निवासी तिल्दा रायपुर द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 48/6 रकबा 0.005 हें/ अर्थात 600 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400409

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री विनोद कुमार फिलिप्स आ. स्व. यशवंत राव फिलिप्स निवासी केलाबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/41 रकबा 0.012 हें/ अर्थात 1249.5 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400412

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शीला जगने पति श्री मारोती कुमार जगने निवासी हरीनगर कातुलबोर्ड द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 627/7 रकबा 0.022 हें/ अर्थात 2400 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती भू-भारती रत्नेश पति श्री नेतराम रत्नेश निवासी इस्पात नगर रिसाली द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 330/14 रकबा 0.015 हें/ अर्थात 1680 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400408

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री डेनियल शाजी कुमार आ. पी.एस. डेनियल निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 159/2 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400409

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री डेनियल शाजी कुमार आ. पी.एस. डेनियल निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 159/13 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400395

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लीलावती पति स्व. श्री जितेन्द्र सिंह निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 453/16 रकबा 0.0900 हें/ अर्थात 10300 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
ऑनलाईन पं. 202006100400367

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनीष सिंह भंडारी आ. मनोहर लाल निवासी जुनवानी रोड द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 161/121, 162/104 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D2ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-419 श्रीमती शशिकला साहू पति श्री सुखराम साहू को आफर/स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 11.06.2019 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन/ दुकान को वर्तमान में श्रीमती विक्टोरिया तिर्की पति श्री तैरास तिर्की पता- म.नं. 132/11, सेक्टर 08, हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन/दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 559/2019-20
वार्ड का नाम- भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री परेश धावलिया पिता रमणीकलाल छावलिया के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सफीका बेगम पति शेख शहाबुद्दीन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-04, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गरियाबंद : दोहरे हत्याकाण्ड का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

22 मई को हुई थी प्रेमी युगल की हत्या

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आज इस मामले का खुलासा करते हुए बताया की सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नागाबुड़ा की (दामिनी 19 वर्ष)और भूपेंद्र कुमार (22 वर्ष) आपस में प्यार करते थे, 23 मई की सुबह दामिनी की लाश उसके घर के अंदर एक कमरे से बरामद हुई थी, और अगले दिन भूपेंद्र की लाश ब्यारा में पैरावट के नीचे दबी मिली थी, प्रथम दृष्ट्या दोनों मामले जहरखुरानी के सामने आए थे, लेकिन जब पुलिस ने जांच की तो मामला हत्या का निकला।

मर्ग जांच के दौरान ही ग्राम नागाबुड़ा में 24 मई 2020 को भूपेन्द्र कंवर का शव पैरावट में संदिग्ध अवस्था मे मिला। घटना स्थल को देखने से मृतक की मृत्यु संदिग्ध लग रही थी। पंचनामा कर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। नागाबुड़ा गांव में दो दिन में दो शव मिलने से सनसनी फैल गई थी और दहशत का मौहल था। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि मृतिका दामिनी साहू एवं मृतक भूपेन्द्र कंवर के मध्य प्रेम संबंध था दोनो के प्रेम संबंध होने के कारण ही दोनो आत्म हत्या कर लिये होंगे। गांव में भी ऐसी अफ्वाह फैला दी गई कि दोनो ने आत्महत्या कर लिया होगा । जिला के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मर्ग जांच की डायरी एवं पोस्ट मार्टम रिपोर्ट को जांच परख कर संदिग्ध लगने से अपने मुखबीर सक्रिय कर दिये तथा अति. पुलिस अधीक्षक व

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद के नेतृत्व में टीम गठीत कर हर पहलु को जांच करने का निर्देशित किया और मृतिका के परिजनों से पुछताछ करने अलग से टीम बनाया। घटना दिवस से ही घटना स्थल के आस पास एवं गांव में टीम द्वारा विशेष निगरानी की जा रही थी। मामला संदिग्ध होने से मृतिका के बड़े भाई अमृत साहू से सघन पुछताछ में दोनो की हत्या करना स्वीकर कर घटना को कारित करना बताया। 22 मई 2020 के रात्रि लगभग 11.00 बजे दामिनी साहू के कमरे में उसका प्रेमी भूपेन्द्र कंवर को आने की सूचना मृतिका के घर वालों को हो गई तब मृतिका के चाचा मुन्ना लाल साहू मृतिका के बड़े भाई अमृत साहू एवं मृतिका का फुफेरा भाई सूरज साहू ने मृतिका के कमरे के दरवाजा खोलवाकर कमरे में दबीश दी तो वहां दामिनी साहू एवं भूपेन्द्र कंवर मिले। दोनो को साथ देख कर तीनों ने उनके साथ मरपीट की और भूपेन्द्र कंवर को हांथ मुक्के एवं डण्डे से मारे, जिससे भूपेन्द्र कंवर बेहोश हो गया आरोपियों ने दामिनी साहू को पकड़ कर जबदस्ती जहर पीलाये थोडे देर मे ही दमिनी ने उल्टी कर बेहोश हो गयी, बेहोशी के हालत में दामीनी साहू को उसके बिस्तर में सुला दिये भूपेन्द्र कंवर को बेहोशी की हालत में कमरे से बाहर निकाल कर परछी में रखे। सूरज साहू द्वारा कमरे के अंदर जाकर, अंदर से कीवाड बंद कर दिया और छत के बांस खपरा हटाकर बाहर निकल कर आ गया। तीनों आरोपियों ने भूपेन्द्र कंवर को उठाकर उसी के पैरावट में ले जाकर पैरा से ढक दिये। जहां पर भूपेन्द्र कंवर की दम घुटने से मृत्यु हो गई। रात में आरोपियों ने योजना बनाकर सुनियोजित तरिके से पुलिस में मृतिका दामिनी साहू की मृत्यु की सूचना लिखाने थाना गरियाबंद आये थे। मृतिका दीमिनी साहू के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से स्पस्ट हुआ की उसके गर्भाषय में तीन-चार माह की भ्रुण मिला जिसे प्रिजर्व कर एफएस.एल रिपोर्ट हेतु भेजा गया। मृतक भूपेन्द्र कंवर का पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का क्यूरी कराने से स्पष्ट हुआ की मृतक भूपेन्द्र कंवर की मृत्यु हत्यात्मक प्रवृति की है। आरोपियों से अलग अलग पुछ ताछ करने पर तीनों ने घटना को कारित करना स्वीकर किया और आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हुआ डण्डा और आरोपियों के निशान देही पर जहर का डिब्बा और मृतक का मोबाइल बताये अनुसार मौके पर से जप्त किया गया। थाना सिटीकोतवाली गरियाबंद अपराध क्रमांक 119/2020 धारा 302, 201, 315, 34 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायायिक रिमाण्ड पर लिया गया।

इस अंधे कत्ल को सुलझाने में पुलिस अधीक्षक गरियाबंद भोजराम पटेल ने गठीत टीम कोतवाली थाना प्रभारी आरके साहू, सउनि. मोहन ठाकुर, सउनि. गोपाल राम साहू, प्रआर जीतेन्द्र कंवर, आरक्षक राकेश यादव, आरक्षक संजय सूर्यवंशी, सैनिक राजपाल नेताम ,सैनिक रवि शंकर सोनवानी को 10 हजार रूपये से पुरस्कृत किया और टीम द्वारा अंधे कत्ल सुलझाने की प्रयास की सराहना की। जिले के कप्तान भोजराम पटेल ने बताया की ग्राम नागाबुडा में घटित जघन्य दोहरा हत्याकाण्ड है जिसे छुपाने का भरपुर प्रयास किया गया लेकिन पुलिस की सक्रीयता से अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त हुई है, टीम को 10 हजार रूपये से पुरस्कृत किया गया है ।

डेडिकेडेड कोविड अस्पताल एवं कोविड केयर सेन्टर में सफाई कर्मी की आवश्यकता

गरियाबंद। कोरोना वायरस रोकथाम एवं बचाव हेतु निर्मित डेडिकेडेड कोविड अस्पताल (नया सर्किट हाऊस के आगे, देवभोग रोड) एवं कोविड केयर सेंटर (नया पॉलिटेक्निक कॉलेज, जिला-पंचायत के सामने) हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर सफाई कर्मी की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि परिसर में चैबीसों घण्टे प्रदायित आवास सुविधा में रहकर कार्य किया जाना होगा। परिसर से बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं होगी, गरियाबंद नगरीय क्षेत्र के समीपस्थ निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी, 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के स्वस्थ्य महिला एवं पुरूष ही पात्र होंगे, परिसर के समस्त शौचालय, मरीजों के वार्ड, भवन के बाहरी मैदान एवं भवन के अंदर समस्त प्रकार के सफाई कार्य किया जाना होगा। नियुक्ति पश्चात उन्हें प्रतिमाह 8 हजार 860 रूपये प्रदान किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति/संस्था 13 जून एवं 14 जून 2020 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे के मध्य कार्यालय क्षय नियंत्रण अधिकारी, जिला चिकित्सालय गरियाबंद में संपर्क कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर के साथ ही संपर्क कर सकते है।

16 को राजस्व अधिकारियों की बैठक

गरियाबंद। आगामी मंगलवार 16 जून 2020 को समय-सीमा की बैठक के पश्चात दोपहर 3.00 बजे राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया ने प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को बैठक में अपने अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक एवं तहसील मुख्यालय के पटवारी के साथ निर्धारित समय पर जिला कार्यालय सभाकक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में 7500 वर्गफुट भूमि का बंटन व्यवस्थापन तथा फ्री होल्ड करना, डायवर्सन की वसूली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीयन की जानकारी,वन अधिकार पत्रों का किसान सम्मान निधि में पंजीयन करना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए बैंक, आधार एवं नाम में हुई त्रुटियों को सुधार कर ऑनलाईन करना, सामुदायिक वन अधिकार के लंबित दावों का निराकरण, सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों को 30 जून तक पूर्ण करना, राजस्व प्रकरणों को निराकरण की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर समीक्षा की जायेगी।

राजीव के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट में विकास कार्य कागजों पर

■ **ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबन्द से जांच करने की मांग**

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबन्द। सरकार गांव का विकास एवं निर्माण करने के लिये लाखों की धनराशि भेज रही है, किन्तु सरपंच, सचिव एवं अधिकारी निर्माण कार्य को कागज में बता दिये हैं, इस तरह के कारनामे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत में अनेकों मद से दो करोड़ 6 लाख से अधिक का भ्रष्टाचार होने की शिकायत ग्रामीणों ने 9 जून 2020 को कलेक्टर गरियाबन्द एवं

मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबन्द को समस्त दस्तावेजों के साथ लिखित शिकायत किये हैं, जिसमें धनसाय सोरी, मनोहर बघेल, फूलचंद नेताम, तिहारुराम, श्यामलाल प्रमुख है।

शिकायतकर्ताओं ने अपने लिखित शिकायत में बताया है कि ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी एवं सचिव प्रेमलाल ध्रुव ने मिलकर विकास एवं निर्माण कार्य के लिये 2 करोड़ 6 लाख की धनराशि को फर्जी निर्माण कार्य बताकर राशि को गबन कर लिया है, जबकि निर्माण एवं विकास कार्य शून्य है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कुँआ निर्माण कार्य, नाला बंधान कार्य, संकुल भवन निर्माण कार्य, तालाब निर्माण कार्य, भूमि सुधार कार्य, पुलिया निर्माण कार्य, स्टॉपडेम निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य, डबरी निर्माण कार्य, नाली साफ-सफाई कार्य, हैण्डपम्प सोखता गढ्ढा सफाई कार्य, पंचायत भवन में आहाता निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, स्वसहायता गोदाम निर्माण सहित सात हितग्राहियों का इन्दिरा आवास निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि फर्जी आहरण कर लिया गया है, जबकि सातों हितग्राहियों का आवास का ढेला भी नहीं हुआ है । 20 निर्माण एवं विकास कार्य के 2 करोड़ 6 लाख से अधिक धनराशि का निर्माण कार्य कागजों में बनाकर फर्जी आहरण करके गबन एवं भ्रष्टाचार किया है, ग्राम कुल्हाड़ीघाट के ग्रामीणों ने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ 9 जून 2020 को कलेक्टर गरियाबन्द एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबन्द को लिखित शिकायत किये हैं, अधिकारियों ने ग्रामीणों को कार्यवाही करने का आश्वासन दिये हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए सांसद मोहन मंडावी

नव प्रदेश संवाददाता

बालोद। साँसद मोहन मंडावी वर्चुअल मीटिंग एवम संगठनात्मक चर्चा में शामिल हुए इस दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में धारा 370 एवम 35 ए हटाने,राम मंदिर भूमि,तीन तलाक पर बैन,नागरिकता संसोधन पर कानून, किसान सम्मान योजना,आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 20 लाख करोड़ का पैकेज देने,कोविड 19 के महामारी से बचाव के लिए सशक्त रणनीति बनाने को प्रमुख उपलब्धि बताया।

साँसद मोहन मंडावी ने सभी को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,उज्जवला योजना,जनधन योजना,स्वक्ष भारत मिशन,किसानो के खाते में डाली गई राशि, वन नेशन वन राशन योजना,किसानों के लिए एक देश एक बाजार,मनरेगा अंतर्गत 1 लाख करोड़ का आबंटन ,गरीबो को 5 किलो चावल व 1 किलो दाल देने की जानकारी दी।वही भाजपा पदाधिकारियो एवम कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने हेतु सुझाव भी दिया।

कांग्रेस की विफलताएं गिनाई

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में साँसद मोहन मंडावी ने शराबबंदी,धान के समर्थन मूल्य,बेरोजगारी भत्ता,शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार न देना,कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पदोन्नति एवम क्रमोन्नति में रोक लगाने,तृतीय एवम चतुर्थ वर्ग कर्मचारियो को चार स्तरीय वेतनमान लागू नही करने,संविदा एवम अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित नही करना,बिजली बिल आधा करने ,छेत्रो में हो रहे धर्मांतरण पर चर्चा करने में कांग्रेस की असफलताओं को भी गिनाया।उंस दौरान सांसद मोहन मंडावी द्वारा गो टू मीटिंग ऐप के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र कांकेर के भाजपा जिला अध्यक्ष महामंत्री पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पदाधिकारी प्रकोष्ठ के संयोजक मंडल के पदाधिकारी जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवं संगठनात्मक चर्चा की गई बैठक में जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार कांकेर जिला अध्यक्ष हलदर साहू सुमित्रा मारोकोले धमतरी जिला अध्यक्ष शशि पवार सांसद प्रतिनिधि संदीप लोढा इकबाल अरोरा बृजेश चौहान मुकेश संचेती कमल डागा राजेश दशोडे गोविंद वाधवानी शीतल नायक होरीलाल रावटे अंकित नसीने तारा ठाकुर थान सिंह मंडावी मालती जोशी जीतू गुप्ता आदि मौजूद थे।

वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आवेदन प्रक्रिया ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उपलब्ध

गरियाबंद। नोवोल कोरोना वायरस कोविड-19 के प्रकोप से प्रदेश की जनता को सुरक्षित रखने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा निर्णायक और प्रभावी प्रयास किये जा रहे है। राज्य में अनलॉक-वन में अनेक गतिविधियों के संचालन की अनुमति मिली है। इसके चलते सम्पूर्ण राज्य के तहसील कार्यालयों में प्रतिदिन विवाह की अनुमति के लिए आवेदन करने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन कराने तहसील कार्यालयों में आवश्यक पहल किया जा रहा है। अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया ने बताया कि चिप्स ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से इस सेवा को ऑनलाईन किया गया है। कोई भी नागरिक पंजीयन कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, या लोकसेवा केन्द्र/सामान्य सेवा केन्द्र/चॉइस सेन्टर में जाकर भी आवेदन कर सकते है। जिससे नागरिको द्वारा इस सेवा का लाभ सुगमता से लिया जा सकता है। गरियाबंद जिले में निवास करने वाले कोई भी नगारिक लोक सेवा केन्द्र में आधार कार्ड, वोटर आईडी, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, राशन कार्ड या विवाह आमंत्रण पत्र में से कोई भी एक पहचान पत्र के माध्यम से ऑनलाईन कर सकते है। विवाह अनुमति प्रमाण पत्र ऑनलाईन भी जारी किया जायेगा। जिसे नागरिक प्रिंट निकाल कर प्राप्त सकते है या लोकसेवा केन्द्र/सामान्य सेवा केन्द्र/चॉइस सेन्टर में जाकर भी प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीक पर पहुचना बाकी ....

है। विशेषज्ञों के मुताबिक जुलाई के मध्य में या अगस्त की शुरुआत में देश में देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या चरम पर पहुंच सकती है। अभी से देश में कई राज्य सरकारों की स्वास्थ्य व्यवस्था का दम फूलने लगा है। जब देश में कोरोना के मामले पीक पर होंगे तो क्या स्थिति होगी। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के वाइस चैयरमैन डॉ. एसपी बायोत्रा के मुताबिक कोरोना की कर्व हाल-फिलहाल फ्लैट होती नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा, 'जुलाई के मध्य में या अगस्त में देश में कोरोना के मामले पीक पर पहुंच सकते हैं। मुझे नहीं लगता है कि अगले साल की पहली तिमाही से पहले वैक्सीन आएगी।'

विकराल हो सकती है स्थिति

अगर देश में कोरोना के मामले इसी रफ्तार से बढ़े तो भयावह स्थिति हो सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि 31 जुलाई तक शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 5.5 लाख तक पहुंच सकती है।

जुलाई में स्कूल..

किया गया है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने स्पष्ट किया कि जैसा अभी चल रहा है वैसा ही चलेगा। लॉकडाउन नहीं होगा. वहीं मास्क नहीं लगाने वालों से 100 रुपए जुर्माना लिया जाएगा। बैठक में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री मती अनिला भेंड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने...

की सेनाओं ने गलवान घाटी और हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में गश्ती प्वांइट 14 और 15 पर पीछे हटना शुरू किया है और चीनी पक्ष दो क्षेत्रों में 1.5 किलोमीटर पीछे हटे हैं। भारत और चीनी सेना 5 मई से आमने सामने है।

सीएम योगी के बाद...

कामरान अमीन खान (25) निवासी मुंबई चुना भट्टी थानाक्षेत्र की न्यू महाडा कालोनी को गिरफ्तार किया था। उसने सीएम के नाम धमकी भरा यह संदेश 21 मई की रात 12:35 बजे यूपी पुलिस के 112 हेल्पडेस्क के व्हाट्स एप नंबर पर भेजा था। आरोपी ने ने सीएम योगी आदित्यनाथ को एक विशेष समुदाय की जान का दुश्मन बताते हुए बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इस मामले में लखनऊ के गोमतीनगर थाने में अज्ञात शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

धमकी के बाद बढा दी गई सुरक्षा

शुक्रवार को सीएम आवास सहित यूपी के कई इलाकों में बम धमाके की धमकी के बाद पुलिस ने अलर्ट जारी कर सभी जगह सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री आवास पर डॉग स्क्वाड ने चेकिंग की है और आवास के अगल-बगल के वीआईपी इलाके में भी सघन चेकिंग शुरू कर दी गई।

आदेश, अब सुबह...

द्वारा इन दुकानों को सवेरे 7 से शाम 7 बजे तक ही संचालन की अनुमति दी गई थी जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालन की अनुमति प्राप्त सभी दुकानों, व्यवसायिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों को सवेरे 5 से रात्रि 9 बजे तक खुली रखने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। दुकानों के संचालन के संबंध में पूर्व में जारी अन्य निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

गृहमंत्रालय ने फिर...

बजे से सुबह 5 बजे तक लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित करना लोगों को एकत्र होने से रोकने के लिए है, यह राजमार्गों पर चलने वाली बसों, ट्रकों पर लागू नहीं होता है। केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर लोगों की बसों में आवाजाही, ट्रकों को नहीं रोकने की सलाह दी गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1589/NIT-3/2020-2021/व.ले.लि. 09/06/2020
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 24/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 25/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र.निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	2	3
3 T0017	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य 20520	20.00 20000.00 300000.00
3 T0018	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य 20520	20.00 20000.00 300000.00
3 T0019	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं मुख्य भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य 20520	10.00 10000.00 150000.00
3 T0020	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य 20520	20.00 20000.00 300000.00
3 T0021	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत भवन सामग्री का कार्य 20520 द्वितीय आमंत्रण	10.00 10000.00 150000.00
3 T0022	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत भवन सामग्री का कार्य 20520 द्वितीय आमंत्रण	10.00 10000.00 150000.00
3 T0023	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य 20520 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00
3 T0024	20-21 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य 20520 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00
3 T0025	20-21 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण मरम्मत कार्य 20520 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00
3 T0026	20-21 लो नि वि अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य 20520	20.00 20000.00 300000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग बालोद

जी-81509/4

टीप :- निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रु. 750.00 एवं निविदाकारों की श्रेणी ''द'' से ''अ'' कार्य की अवधि 31.01.2021

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-1-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कालोनी का नाम एवं आवासीय भू खण्ड/भवन क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

क्रं.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	कॉलोनियों का नाम	भवन/भूखण्ड क्रमांक
1	श्रीमती टेमीन साहू	पति श्री ओमप्रकाश साहू	विश्व बैंक कालोनी कुरूद भिलाई	ई.डब्ल्यू.एस.-1476
2	श्रीमती बुलबुल साहा	पति श्री बिमल साहा	आदित्य नगर दुर्ग	ई-I/161
3	श्री सुनील कुमार साहा	आ. स्व. आर.आर. साहा	आदित्य नगर दुर्ग	ई-I/151
4	श्री मनोज चौहान	आ. श्री बलराम चौहान	कुरूद भिलाई	भूखण्ड एल.आई.जी.-I/35
5	श्री आर. सत्यानाथन	आ. स्व. एन. राघवन नाडार	ढांचा भवन कुरूद भिलाई	सी.एच.-911
6	श्री आलोक सौंधी एवं श्रीमती शिखा सौंधी	आ. श्री नरेश सौंधी एवं पति श्री आलोक सौंधी	बोरसी दुर्ग	एच.आई.जी.-डुप्लेक्स/385
7	श्रीमती कामिनी अवधियां	पति श्री रामेश्वर अवधियां	बोरसी दुर्ग	एच.आई.जी.-II/350
8	श्री विजय कुमार सोनी	आ. स्व. बद्री प्रसाद सोनी	आदित्य नगर दुर्ग	एच.आई.जी.-I/21
9	श्रीमती सुमनलता सोनी	पति श्री विजय कुमार सोनी	आदित्य नगर दुर्ग	एच.आई.जी.-I/20
10	श्री गिरीश बंसल	आ. स्व. गुलाबचंद बंसल	पदमूनाभपुर दुर्ग	एच.आई.जी.-10
11	श्री गोपाल तेलंग	आ. श्री लक्ष्मण राव तेलंग	वैशाली नगर भिलाई	ई.डब्ल्यू.एस.-411
12	श्री हेमंत कुमार साहू	आ. श्री लखन लाल साहू	उमदा भिलाई	एल.आई.जी.-90
13	श्री रामनरेश सिंह	आ. श्री मुन्नी सिंह	औद्योगिक क्षेत्र भिलाई	एल.आई.जी-332

सम्पदा अधिकारी के आदेशानुसार
सहायक सम्पदा प्रबंधक
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी)
बोर्ड बीज भवन, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर-492006

फोन-0771-4240501, फैक्स-4094472, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.samb.cg.gov.in

क्र./बी-6/निविदा/13/भाटापारा/19-20/1206 रायपुर, दिनांक 11/06/2020

ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना

Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: http://samb.eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर से छ.ग. शासन राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

(अमानत राशि तथा निविदा की फीस दोनों ही ऑनलाईन ली जावेंगी।)

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा	एस.ओ.आर. विवरण डालने की अंतिम तिथि
1	भाटापारा मण्डी गेट से रामसागर पारा तक बी.टी. एप्रोच रोड नवीनीकरण कार्य	21.08	26.06.2020	लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.
2	भाटापारा मण्डी गेट से रामसागरपारा वार्ड तक मण्डी पहुंच मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण	37.55		लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

contractor can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding for process of Electronic Procurement system Help Fesk at M/s mjunction servies Raipur- 492001 on Toll Free no. 1800 419 9140 or email- helpdesk.eproc.cgswan.gov.in

(अभिनव अग्रवाल)
प्रबंध संचालक

संवाद-25671/1

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

यूपी और बिहार से हैं ये चेहते स्टार्स जो करते हैं बॉलीवुड पर राज

अक्सर बॉलीवुड स्टार्स के फैंस अपने फेवरेट सितारों के बारे में सब कुछ जानने को उत्सुक रहते हैं। चाहे बात उनकी पर्सनल लाइक की हो या प्रोफेशनल। इन बातों के अलावा फैंस को तब और भी खुशी होती हैं जब उन्हें अपने ये बात पता चलता है कि उनके चेहते सितारे उनके ही शहर या राज्य के रहने वाले हैं। फैंस उन सितारों के लिए एक अलग ही फीलिंग रखने लगते हैं। इतना ही नहीं ये सितारे भी कुछ ऐसा ही फीलिंग रखते हैं। आज हम आपको बॉलीवुड की उन सितारों के बारें में बताएंगे जो उत्तर प्रदेश या बिहार से संबंध रखते हैं। ये हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आपने ये भी देखा है कि आजकल बॉलीवुड में भोजपुरी बोली कुछ ज्यादा ही इस्तेमाल होने लगा है। मजेदार बात ये है कि कुछ टीवी सीरियल में भोजपुरी लुक और बोली पर ही बेस्ड है। इसके अलावा भोजपुरी गानों को लेकर लोगों में क्रेज बढ़ता हुआ साफसाफदिखाई दे रहा है। तो चलिए जानें उन सितारों को बारें में जो यूपी-बिहार से आए हैं (बॉलीवुड पर आज राज कर रहे हैं।

सोनाक्षी सिन्हा

दबंग गर्ल के नाम से हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बनाने वाली सोनाक्षी सिन्हा का जन्म 2 जून 1987 को बिहार के पटना में हुआ था। उन्हें एक्टिंग पिता शत्रुघ्न सिन्हा से विरासत में मिली। सोनाक्षी को पटना शहर से इनता लगाव है कि वह हमेशा वहां जाती रहती हैं। खबरों की मानें तो पहली फिल्म ÷दबंग÷ से फिल्म इंडस्ट्री में कामयाबी पाने के बाद सोनाक्षी 2012 में पटना आईं थी। उसके बाद वे अपने को स्टार अजय देवगन के साथ फिल्म ÷सन ऑफ सरदार÷ के प्रमोशन के लिए पटना आईं थी। उस समय हजारों लोग सोनाक्षी को देखने के लिए जुट गए थे। पटना एयरपोर्ट से लेकर उनके घर तक लोगों की भीड़ जुटी थी। इतने लोगों को बड़ी मुश्किल से संभाला गया था।

अनुष्का शर्मा

बॉलीवुड बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। उनका जन्म 1 मई, 1988 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुआ। उन्होंने अपनी पढ़ाई बैंगलुरु के आर्मी स्कूल और माउंट कार्मेल स्कूल से पूरी की है। अनुष्का ने अपने फिल्मी करियर में कई? हिट फिल्में दी हैं। उन्हें उनके बेहतर काम के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

दिशा पाटनी

दिशा पाटनी बॉलीवुड की बहुत ही मशहूर अभिनेत्री है। जब वे पहली बार बड़े पर्दे पर दिखाई दी फ़िल्म एम एस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी में तब वे हिंदुस्तान के हर युवा का प्यार बन गयी। हर किसीकी वे क्रश बन चुकी है। लोगों उनके सादगीपूर्ण रूप और मुस्कुराहट पर अपना दिल हार बैठे है। लोगों को दिशा पाटनी ने अपने सुंदर लुक्स और अभिनय से आकर्षित किया। वे बहुत ही परिश्रम के बाद यह मुकाम हासिल कर पाई है। बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले दिशा तेलगू फिल्म 'लोफर' में नजर आई थीं। बॉलीवुड की नेशनल क्रश दिशा यूपी के बरेली से आती हैं।

प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक खास पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा का जन्म 18 जुलाई, 1982 को झारखंड के जमशेदपुर में हुआ था। प्रियंका चोपड़ा के मिस वर्ल्ड बनने से पहले वर्ष 2000 में, उन्होंने निर्देशक एटली बराड़ द्वारा निर्देशित पहली फिल्म ÷गुड नाइट प्रिंसेस÷ साइन की थी। साल 2003 में उन्होंने फिल्म 'द हीरो' से बॉलीवुड में एंट्री की। इस फिल्म में उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में थे, इसके बावजूद प्रियंका के काम की काफी तारीफकी गई। प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा गया है। आज प्रियंका बॉलीवुड की सबसे चहेती एक्ट्रेस हैं। उन्होंने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में देने के बाद आज हॉलीवुड में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं।

सुष्मिता सेन से 15 साल छोटे हैं रोहमन शॉल

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन वेब सीरीज आर्या से एक बार फिर एक्टिंग की दुनिया में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 19 जून को रिलीज होगी। इसके अलावा सुष्मिता बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के साथ रिलेशन को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। दोनों की उम्र में काफी बड़ा फासला है। रोहमन, सुष्मिता से 15 साल छोटे हैं। वहीं, एक्ट्रेस 44 साल की हैं। अब सुष्मिता ने खुलासा किया है कि रोहमन ने उनसे अपनी उम्र छिपाकर रखी थी। फिल्म कम्पैनियन के साथ इंटरव्यू के दौरान सुष्मिता सेन ने कहा,'' शुरुआत में उन्होंने कुछ कारणों से चलते अपनी उम्र छिपाई थी। मैं उनसे पूछती थी कि आपकी उम्र कितनी है? आप बहुत यंग लगते हो। वह कहते थे गेस करो? बाद में मैंने महसूस किया कि वह मुझसे कितने यंग है, इसलिए वह इन सब बातों में नहीं पड़ना चाहते थे। मुझे ऐसा लगता है कि ऐसे मिलना हमारी किस्मत में था।'' हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुष्मिता ने बताया था कि वह अपनी वेब सीरीज आर्या को लेकर काफी उत्साहित हैं।

रश्मि देसाई ने किया 'कमरिया' गाने पर डांस

नई दिल्ली। रश्मि देसाई इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई हैं। वह अपनी कई फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में रश्मि ने अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह नोरा फतेही के गाने 'कमरिया' पर जमकर थिरकतीं नजर आ रही हैं। रश्मि देसाई का यह डांस काफी हॉट है और वीडियो फैन्स को बहुत पसंद आ रहा है। रश्मि के इस डांस की तारीफ सेलेब्स तक कर रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए रश्मि ने लिखा कि डांस ही एक ऐसी चीज है जो आपके मूड को अच्छा कर सकती है। वीडियो में रश्मि ने व्हाइट कलर का ऑफशोल्डर टॉप पहना हुआ है और ऑरेंज कलर की थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है। इंस्टाग्राम पर रश्मि देसाई के इस वीडियो को आठ लाख से भी ज्यादा लोग देख चुके हैं और यह नंबर लगातार बढ़ रहा है। आपको बता दें कि रश्मि देसाई की वैसे तो काफी अच्छी फैन फॉलोइंग थी, लेकिन 'बिग बॉस 13' में आने के बाद उनकी फैन फॉलोइंग दोगुनी हो चुकी है। रश्मि देसाई ने भोजपुरी इंडस्ट्री में भी हाथ आजमाया है। उन्होंने 25-30 फिल्में की हैं। इसके अलावा रश्मि देसाई का सीरियल 'दिल से दिल तक' भी काफी हिट हुआ था।

इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तान ने घोषित की 29 सदस्यीय टीम

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने प्रस्तावित इंग्लैंड दौरे के लिए 29 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की सीरीज होनी है। हालांकि इसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन पीसीबी को अगस्त में इस सीरीज के होने की उम्मीद है।

पाकिस्तान ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में तेज गेंदबाज सोहेल खान को भी शामिल किया है। सोहेल ने आखिरी बार 2016 में टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफउस साल हुए दौरे में दो बार पांच-पांच विकेट चटकाए थे। सोहेल ने हाल ही में क़ाएद -ए-आजम ट्राफी में नौ मैचों में 22 विकेट लिए थे।

पाकिस्तान ने इसके अलावा युवा क्रिकेटर हैदर अली को भी टीम में जगह दी है जिन्होंने आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के पिछले सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। अली के साथ ही काशिफभाटी को भी शामिल किया गया है। अली और भाटी को ऑस्ट्रेलिया तथा श्रीलंका दौरे में भी टीम में शामिल किया गया था लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी।

इस बीच पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरिस सोहेल ने इंग्लैंड दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था जिसके कारण इन दोनों के टीम में शामिल नहीं किया गया है।

आमिर की पत्नी गर्भवती हैं और वह अगस्त में अपने दूसरे बच्चे को जन्म देंगी जिस कारण आमिर इंग्लैंड दौरे में नहीं जा पाएंगे जबकि सोहेल ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस लिया है। पाकिस्तान की 29 सदस्यीय टीम इस प्रकार हैः आबिद अली, फखर जमान, इमाम उल-हक, शान मसूद, अजहर अली, बाबर आजम (टेस्ट उपकप्तान और टी-20 कप्तान), असद शफीक, फवाद आलम, हैदर अली, इफ्तिखार अहमद, शुखदिल शाह, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद रिजवान, सरफराज अहमद, फहीम अशरफ, हैरिस राउफ, इमरान खान, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह आफरीदी, सोहेल खान, उस्मान शिनवारी, वहाब रियाज, इमाद वसीम, काशिफभाटी, शादाब खान और यासिर शाह।

एफआईएच ने बत्रा के खिलाफ मित्तल की शिकायत खारिज की

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) और एफआईएच के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ध्रुव बत्रा के खिलाफ आईओए के उपाध्यक्ष सुधांशु मित्तल की शिकायत को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया है।

एफआईएच की स्वतंत्र इंटेग्रिटी यूनिट के अध्यक्ष वेन स्नेल ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। स्नेल ने बयान में बताया कि एफआईएच के अनुशासन आयोग के आयुक्त गॉर्डन नर्स को आठ जून को मित्तल की बत्रा के खिलाफशिकायत मिली थी जिसमें उन्होंने एफआईएच अध्यक्ष के लिए डॉ बत्रा की योग्यता पर सवाल उठाया था। स्नेल ने बताया कि एफआईएच की मौजूदा प्रक्रिया के तहत यह शिकायत एफआईएच की स्वतंत्र इंटेग्रिटी यूनिट को भेज दी गयी जिसने आज फैसला किया कि वह एफआईएच के अध्यक्ष बत्रा के खिलाफइस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि मामला आधारहीन है। उन्होंने बताया कि उस समय के एफआईएच संविधान के अनुसार बत्रा को नवम्बर 2016 में एफआईएच का अध्यक्ष चुने जाने के बाद हॉकी इंडिया के साथ अपना सम्बन्ध तोड़ने की कोई जरूरत नहीं थी।

पीसीबी ने श्रीलंका को एशिया कप की मेजबानी का दिया प्रस्ताव

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका क्रिकेट को इस साल होने वाले एशिया कप की मेजबानी का प्रस्ताव दिया है। एशिया कप का आयोजन इस साल सितंबर में होना है और नियमनुसार इस बार इसकी मेजबानी का मौका पाकिस्तान को मिलना चाहिए। लेकिन यहां कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के कारण इस टूर्नामेंट के आयोजन पर खतरे के बादल छा गए हैं। पीसीबी ने इस सप्ताह हुई एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में श्रीलंका को मेजबानी का प्रस्ताव दिया। हालांकि पीसीबी का कहना है कि श्रीलंका 2022 एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दे। कोरोना के अलावा भारत और पाकिस्तान के बीच तल्खी के कारण अगर इस टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान में किया जाता है तो भारत का इस टूर्नामेंट शामिल होना मुश्किल होगा। हालांकि एशिया कप के आयोजन को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं किया गया है। श्रीलंका में कोरोना वायरस का प्रकोप अन्य देशों के तुलना में कम है और यहां खिलाड़ियों ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ ट्रेनिंग भी शुरु कर दी है।

भारत ने श्रीलंका के बाद जिम्बाब्वे दौरा भी किया स्थगित

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल अगस्त में होने वाले जिम्बाब्वे दौरे को कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए स्थगित करने का फैसला किया है।

भारत ने इससे पहले श्रीलंका दौरा भी कोरोना के कारण स्थगित किया था। भारत को इस साल 24 जून से श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी थी जबकि 22 अगस्त से उसे जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी थी। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को इस दौरे के स्थगित होने की जानकारी दी थी जिसके बाद देर रात बीसीसीआई ने बयान जारी कर श्रीलंका और जिम्बाब्वे दौरे को स्थगित करने की पुष्टि की। बीसीसीआई ने कहा, ÷भारतीय टीम कोरोना वायरस के खतरे के कारण श्रीलंका और जिम्बाब्वे का दौरा नहीं करेगी।

लार के इस्तेमाल से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी : इशांत

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा का कहना है कि क्रिकेट दोबारा शुरु होने पर गेंदबाजों को गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। कोरोना वायरस के कारण पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की तकनीकी समिति ने गेंद पर मुंह के लार के इस्तेमाल पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया था।

'रन टू मून' अभियान से जुड़े गोपीचंद, नचप्पा और होला

मुंबई (वार्ता)। भारतीय बैडमिंटन टीम के कोच पुलेला गोपीचंद, अर्जुन अवॉर्डी अश्विनी नचप्पा और मलाथी होला ने आईडीबीआई फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस के 'रन टू मून' अभियान से हाथ मिलाया है जिसका मकसद विभिन्न अकादमियों और खेल संगठनों के कोचों और स्पोर्ट स्टाफ के लिए धन एकत्र करना है।

'रन टू मून' नाम का यह अभियान 21 जुलाई 2020 को चंद्रमा पर मनुष्य के पहुंचने की 51वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इस दौड़ का विचार प्रतिभागियों के लिए पृथ्वी और चंद्रमा के बीच 3,84,400 किलोमीटर की दूरी को सामूहिक रूप से कवर करना है। दौड़ की शुरुआत 20 जून से होगी और इसका समापन 20 जुलाई को होगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पेशेवर और एमेच्योर दोनों वर्गों से करीब हजारों धावक भाग लेते हुए दिखाई देंगे।

द्रोणाचार्य अवॉर्डी गोपीचंद ने कहा, ÷लॉकडाउन में पिछले तीन महीनों के दौरान लगभग कोई आय नहीं होने के कारण कोच और स्पोर्ट्स स्टाफ सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। स्पोटर्स चैन में इस महत्वपूर्ण कड़ी का समर्थन करने और इसे बनाए रखने के लिए हम इस पहल के माध्यम से धन जुटाने की उम्मीद करते हैं।÷

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा खुद मुंबई के पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी विघ्नेश शहाणे ने कहा, ÷मौजूदा महामारी ने कोचों और स्पोर्ट स्टाफके सामने आजीविका की गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है, जो सभी स्तरों पर खेल टूर्नामेंटों को संभव बनाते हैं और भविष्य के लिए चैंपियन पैदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि 'रन टू द मून' के माध्यम से इन सामाजिक दूरियों के दिनों में भी न केवल भारत में खेल के प्रति जुनून को और अधिक बढ़ावा मिलेगा बल्कि भारतीय खेल के योद्धाओं की भी मदद और समर्थन करेंगे।

'रन टू मून' में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और यह 18 जून तक चलेगी। धावकों के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे प्रत्येक 30 दिन दौड़ें बल्कि वे एक महीने की अवधि के दौरान कम से कम 65 किलोमीटर भी दौड़ सकते हैं। सफल फिनिशर्स को एक टी-शर्ट, मास्क और ई सर्टिफिकेट मिलेगा।

धावकों को किसी विशेष दिन न्यूनतम 2.5 किलोमीटर और अधिकतम 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। धावक अपनी पसंद के किसी भी स्थान पर, चाहे पार्क में हों या सड़कों पर, इस विशाल समुदाय का हिस्सा बन सकते हैं। यह रन 10 से लेकर 65 वर्ष की आयु तक के सभी प्रतिभागियों के लिए है।

एनईबी स्पोर्ट्स के सीएमडी नागराज अडिगा ने कहा, ÷वर्चुअल रन अवधारणा के माध्यम से हम कुछ सकारात्मकता लाना चाह रहे हैं। हमारा मानना है कि धावकों को धीरे-धीरे आउटडोर दौड़ में लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। रन को एक तकनीकी प्लेटफ़ॉर्म पर ट्रैक किया जाएगा।

नस्लभेद से पूरी तरह ग्रस्त है क्रिकेट : कैरबेरी

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज माइकल कैरबेरी का कहना है कि क्रिकेट नस्लभेद से पूरी तरह ग्रस्त है और यहां अश्वेत लोगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है। अमेरिका में अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद खेल जगत ने नस्लभेद के खिलाफ आवाज बुलंद की है। कैरबेरी ने कहा, ÷क्रिकेट नस्लभेद से पूरी तरह ग्रसित है। क्रिकेट में दिक्कत यह है कि यहां अश्वेत लोगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इंग्लिश क्रिकेट में भी देखें तो कोई भी अश्वेत व्यक्ति इंग्लिश क्रिकेट में बड़े पद पर नहीं है। उन्होंने कहा, ÷अगर आप इस वक्त इंग्लिश क्रिकेट को देखें तो जो लोग उच्च पदों पर हैं और निर्णय लेते हैं उनमें से क्या कोई भी अश्वेत व्यक्ति है। क्या कभी किसी अश्वेत व्यक्ति को इंग्लिश क्रिकेट में बड़े फैसले लेने का मौका दिया गया है। मेरे ख्याल से तो नहीं। कैरबेरी ने कहा, ÷आप इंग्लैंड के कोचों को देखें। क्या उनमें से कभी कोई अश्वेत मुख्य कोच बना है। कभी भी नहीं। ऐसे ही कभी किसी अश्वेत खिलाड़ी को इंग्लैंड ने अपना कप्तान बनाया।

कोविड सेंटर में लगा 36 सीसीटीवी कैमरा

नव प्रदेश संवाददाता

200 मरीजों पर होगी नजर

कवर्धा। कबीरधाम जिले में कोरोना वायरस के नियंत्रण और रोकथाम के लिए कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग पर संचालित कन्या शिक्षा परिसर को 200 बेड कोविड केयर सेंटर (आइसोलेशन केन्द्र) के रूप तैयार कर लिया गया है। शीघ्र ही कोरोना वायरस के बिना लक्षण पाये जाने वाले मरीजां को यहां आइसोलेशन पर रखा जाएगा। इस कोविड केयर सेंटर में 36 कैमरे लगाएं है। जिसके जरिए 34 कमरो की और कोविड केयर सेंटर की निगरानी की जाएगी। इसके लिए अलग से मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं गए है। कैमरे के साथ-साथ वाइस साउंड बॉक्स भी लगाए गए है। चिकित्सक टीम इसके माध्यम से मरीजों के बीच संवाद भी हो सकेगा और मरीज माइक के जरिए मदद भी मांग सकता है। कोविड केयर सेंटर में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रत्येक बेड में सोशल डिस्टेंस रखा गया है।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने सोमवार को निरीक्षण कर इस कोविड सेंटर को पूरा करने के निर्देश दिए थे। चार दिनों में इस परिसर को आइसोलेशन सेंटर के रूप में तैयार कर लिया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने षुक्रवार को इस आइसोलेशन सेंटर (कोविड केयर सेंटर) का निरीक्षण करते हुए सभी व्यव्स्थाएं देखी। कलेक्टर ने आइसोलेशन कक्ष के सभी खिड़कियों में सुरक्षागत कारणों से नेट (जाली) लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने निरीक्षण करते हुए कहा कि इसके अतिरिक्त जरूरत के आधार पर पॉलिटेक्निक कॉलेज और मत्स्य महाविद्यालय को कोविड केयर सेंटर बनाया जा सकता है इसके लिए आवश्यक तैयारियां करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिशा-निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों के संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिला स्तर पर उपचार की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है। संचालित कन्या शिक्षा परिसर को कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। इस केयर सेंटर में 200 बेड की व्यवस्था रहेगी। इस सेंटर में कोरोना वायरस के बिना लक्षण वाले संक्रमित व्यक्तियों का ईलाज किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा एक निजी अस्पताल का भी कोविड अस्पताल के रूप में चिन्हाकंन कर लिया गया है। इस निजी अस्पताल में 50 बेड और 8 आईसीयू बेड में उपचार की व्यवस्था है। निरीक्षण के अवसर पर एसडीएम विपुल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस. के. तिवारी, डीपीएम श्रीमती नीलू घृतलहरे एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम विशेष रूप से उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री व विधायक ने विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की चर्चा

नपा अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कोरोना रोकथाम की जानकारी दी

विडियो कान्फ्रेसिंग में डॉक्टर, वकील, शिक्षक व व्यापारीगण शामिल

कवर्धा। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधानसभा विधायक मो.अकबर कोरोना संक्रमण न फैले इसके लिए एहतियात बरतने हेतु जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है साथ ही कवर्धा शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, व्यापारी, शिक्षक, वकील सहित जनप्रतिनिधियों से विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा कर शहर की हाल चाल जाना तथा कोरोना संक्रमण रोकथाम हेतु सुझाव मांगे।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कैबिनेट मंत्री व विधायक मो.अकबर से दूरभाष पर चर्चा कर शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से कोरोना संक्रमण लेकर विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा करने हेतु आग्रह किया था। कैबिनेट मंत्री व विधायक मो.अकबर ने कोरोना संक्रमण को लेकर चर्चा की। उन्होनें लॉकडाउन बढ़ाया जाय या नही इस पर सुझाव मांगे तथा शहर की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.नितिन जैन ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सुझाव व टिप्स दिये। उन्होनें सावधानी ही बचाव है तथा दुकानदार, व्यवसायी गण अपने दुकान में मास्क लगाकर कार्य करे तथा सैनेटाईज का भी इस्तेमाल करते रहे। उन्होनें सबसे आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग को बताया। इसी तरह व्यापारी दलजीत पाहुजा ने लॉकडाउन का पालन व निर्धारित समयानुसार दुकान खोलने व शासन के नियमों का पालन किये जाने हेतु सुझाव दिये।

न्यूज गैलरी

तालाब की गंदगी से आ रही बदबू, नपा अधिकारी से की गई शिकायत

कवर्धा (नव प्रदेश)। बरसात के पूर्व उजियार सागर तालाब की साफसफाई तो कर दी गई लेकिन सफाई के बाद निकलने वाली गंदगी को एक जगह डमप कर रख दिया गया। तालाब की सफाई तो हो गई पर डम्प किए गए कचडे से वार्डवासियों के लिए अब सिर दर्द बन गया है। दरासल पानी के साथ निकाली गई गंदगी से अब सडने की बदबू आने लगी है। जिससे परेषान वार्डवासियों ने नगर पालिका के अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए डमप किए गए कचडे को हटाने की मांग की है। वार्डवासियों की माने तो बरसात के पूर्व बरसाती साफ सफाई के नाम पर नया तालाब (उजियार सागर) से दर्जनों ट्राली कचडा मलबे के रूप में तालाब से निकाल कर तालाब पार पर ही रिहायसी क्षेत्र के समीप (लगभग 25 मीटर की दूरी पर) डम्प कर दिया गया है। जिसकी दुर्गंध पहली बरसात से ही वार्डवासियों के लिए परेषानी का कारण बन गया है। ज्ञापन सौंपने वालो में संजू यादव, देवेन्द्र यदु, मनोज धावलकर, अषोक केषरी उपस्थित थे।

सर्पदंश से एक महिला की मौत

कवर्धा (नव प्रदेश)। जिले में सप्ताह भर में सर्पदंष के अलग-अलग क्षेत्रो से कई मामले निकलकर सामने आ रहे है। जिसमें जमीन में सोते समय सर्प के द्वारा काटे जाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी जमीन मे सोए एक ही परिवार के तीन लोगो को सर्प ने काट लिया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। ज्ञात हो कि पंडरिया ब्लॉक के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत कांदावनी के आश्रित गांव छीरपानी मे जमीन में सोई हुई एक महिला को सांप ने काट लिया इसके चलते उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह फगनी पति ननसु 35 वर्ष जाति बैगा अपने घर अंदर जमीन में बच्चे को साथ लेकर सोई थी। गुरूवार की सुबह 4 बजे जहरीला सांप उस महिला के पीठ पीछे को काट लिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कुकदुर पुलिस ने बताया कि महिला को जब सांप ने काटा तो जहर फैलने से महिला के मुंह से झाग निकलने लगा था। तत्पष्चात परिजनों ने कुकदूर पुलिस थाना में सूचना दिया और लाष को पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है। वहीं मर्ग कायम किया गया।

प्रेमचंद बने लायंस क्लब के ऑनरेरी गवर्नर

कवर्धा। नगर के वरिष्ठ लायन एमजेएफ प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल को डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के सत्र 2020-21 के लिए ऑनरेरी गवर्नर (मानद प्रांतपाल) मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी गत 9 मई को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश अग्रवाल ने दी है। यहाँ बताना लाजमी होगा कि लायन प्रेमचंद लायंस क्लब कवर्धा के चार्टर एवं फाउंडर सदस्य हैं और क्लब को इस मुकाम तक पहुंचाने में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लायन प्रेमचंद चार बार क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा वे जोन चेयरमैन, रीजन चेयरपर्सन का पदभार संभाल चुके हैं और लगातार कई वर्षो तक डिस्ट्रिक्ट की अनेक महत्वपूर्ण समितियों में भी मनोनीत किए जा चुके हैं।

बरसात के पूर्व अध्यक्ष ने कराई नालियों की सफाई

पांडातराई। नगर पंचायत पांडातराई के अध्यक्ष फिरोज खान के द्वारा बरसात के पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालियों की सफाई कराया गया। जिससे बरसात के समय नाली का पानी सडको पर न बहे और लोगो को किसी प्रकार की परेषानी झेलनी न पडे। नगर के ऐसे नालियों को विषेष रूप से सफाई कराया गया। जिनसे आम लोगो को ज्यादातर दिक्कतो का सामना करना पडता है। बरसात के पूर्व इन नालियों की सफाई से बरसाती दिनो में लोगो को दिक्कते नही होंगी। इस मुहिम में उपाध्यक्ष संतोष गोयल, वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र डाहीरे, 14 के पार्षद प्रतिनिधि मनोज गोयल, विधायक प्रतिनिधि जुगल पांडेय, एल्डरमैन सौकत अली, आशीष दास साहेब, अतुल राज सोनी, वार्ड पार्षद 2 फूलचंद साहू, 3 के विशनाथ चंद्रवंशी आदि शामिल है।

मारपीट एवं जान से मार देने की धमकी देने वाले दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। खेत में लकडियां बिनने गए मनीषा साहू के साथ दूसरे पक्ष ने विवाद करना षुरू कर दिया। पीडित ने बताया कि खेत में लकडी बीनने के दौरान कुछ लोगो ने उन्हे डंडे से पीटने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आखिरकार पीडित ने इसकी षिकायत संबंधित थाने में की लेकिन मामला दर्ज नही हो पाया। पीडित कवर्धा पहुंचा और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में षिकायत कर ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है। पीडित आवेदक ने अपने आवेदन में बताया कि दिनांक 04.06.2020 को सुबह करीब 6.00 बजे मनीषा, लता देवी, कृषकुंवर, जुगन, दिलेष्वरी सभी निवासी कोयलारी वि.खं. स-लोहारा अपने खेत में कृषि कार्य कांटा खुंटी बिनने के लिये गये थे, तभी अचानक ग्राम के ही सहादुर, बहादुर, बिधन पिता नवल सिंह, सुलक्षण, आदर्ष मिथलेष, राजिम, कुंवरिया सभी एक राय होकर हाथ में डंडा लेकर गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिये। हम सभी उनको अपने खेत की ओर आते देखकर अपनी जान बचाने के लिए भागे तथा घटना की जानकारी अपने अपने परिवार के सदस्यों को बताया कि गांव के सहादुर, बहादुर, बिधन पिता नवल सिंह, सुलक्षण, आदर्ष मिथलेष, राजिम, कुंवरिया गंदी गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे है। तब परिवार के दीपक, हुकुम, आत्मा, राफ्ल, षिषुपाल गांव के सरपंच प्रतिनिधि छबीलाल, उपसरपंच प्रतिनिधि रामसाय, कोटवार मनहरण दास मानिकपुरी गांव के प्रमुख तिजउ साहू, भगवान दास, दषरथ साहू, को लेकर खेत गये जहां पर इन लोगों के द्वारा समझाईष दिया गया कि जमीन संबंधी मामला आयुक्त दुर्ग में चल रहा है, जब तक फैसला नहीं आयेगा तब तक आप लोग इस प्रकार दल बल के साथ जमीन पर कब्जा नहीं कर सकते हो।

25 जून से घर-घर बांटेंगे नि:शुल्क पौधा : दिलराज प्रभाकर

कबीरधाम जिले में 9 लाख 91 हजार 320 पौधा रोपण करने का लक्ष्य

कवर्धा - कबीरधाम जिले में इस वर्ष वृहद पैमाने पर विभिन्न प्रकार के 9 लाख 91 हजार 320 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिले में वृहद पौधा रोपण और बाडी विकास की तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने वन विभाग को वृहद पौधारोपण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए है। वन मंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि वन मंडल कवर्धा द्वारा जिले में बृहद पौधा रोपण वर्षा ऋतु-2020 के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप इस वर्षा ऋतु में सभी योजनाओं में 9 लाख 91 हजार 320 पौधों का रोपण तथा निःशुल्क वितरण किया जाएगा साथ ही बाड़ी योजना के अंतर्गत फलदार पौधों जैसे, आम, बेर, जामुन, बेल, सीताफल के तीन हजार किलोग्राम तथा सब्जियां जैसे, मुनगा, लौकी, बरबट्टी, भिंडी, बैंगन, आदि के 330 किलोग्राम बीज का वितरण संयुक्त वन प्रबंधन समितियां के सदस्य और उनके परिवारों को किया जाएगा। वन मंडलाधिकारी ने बताया कि इस 9 लाख 91 हजार, 320 पौधा के लक्ष्य में से वन क्षेत्र के अंदर 2 लाख 35 हजार 840 वृक्षारोपण विभागीय योजनाओं अंतर्गत करवाया जाएगा। उसी प्रकार वन क्षेत्र के बाहर के क्षेत्र में सात हजार 295 पौधा का रोपण किया जाएगा।

जेसीबी लेकर पहुंचा था मशीन चोरी करने, 112 ने पहुंचाया थाना

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। चोरी के अजीबो गरीब मामले सामने आते है। लेकिन यह मामला जरा हट कर है। दरासल गुण फैक्ट्री में लगे मषीन के चोरी के लिए ये महासय सीधा जेसीबी मषीन ही लेकर पहुंच गए। मषीन की चोरी करता देख ग्राम के युवक ने 112 में फोन कर इसकी जानकारी दी। गरीमत रहा कि मषीन चोरी होने से पहले 112 के टीम मौके पर पहुंची और मषीन चोरी करने वाले को पकडकर थाने तक पहुंचाया।

ज्ञात हो कि षुक्रवार सुबह समय लगभग 08:20 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि जिला कबीरधाम थाना कुंडा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुआं मालगी में गुण फैक्ट्री के मशीन को चोरी कर रहा है। सूचना पर डायल 112 पिपरिया पैंथर 2 को तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया।

घटना स्थल पहुंची डायल 112 टीम को कालर रुपेश पिता राजकुमार चंद्रवंशी उम्र 34 वर्ष ने बताया कि उसके गुण फैक्ट्री के मशीन को मनोज राजपूत पिता विष्णु राजपूत उम्र 32 वर्ष ग्राम भटरूसे द्वारा जेसीबी वाहन से निकालकर चोरी कर रहा था। डायल 112 टीम द्वारा दोनों को अग्रिम कार्यवाही हेतु चैकी दामापुर के सुपुर्द किए। इस कार्यवाही में ईआरव्ही आरक्षक 518 हीरा पांडेय, 750 वीरेंद्र चंद्रवंशी एवं चालक पोषण निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

तेन्दू के पाना, एखर से हे हमर खाना-दाना

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। प्रकृति का अनुपम उपहार तेन्दूपत्ता वनवासियों के आजीविका का साधन बना है। जिले में तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। शासन द्वारा निर्धारित 4 हजार प्रति मानक बोरा की दर से तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि मिलने पर उनमें उत्साह एवं प्रसन्नता है। जिले में सघन वन तेन्दूपत्ता से समृद्ध है और तेन्दूपत्ता संग्रहण में वनवासी सपरिवार संलग्र रहते है। वन विभाग द्वारा उन्हें अच्छी गुणवत्ता की पत्ती लाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया गया। सरईपतेरा की श्रीमती संवरी ने कहा कि तेन्दू के पाना से हमर जिनगी के खाना-दाना चलथे, अऊ एखर से हमन ल रोजी-रोटी मिलथे। श्रीमती हिमानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तेन्दूपत्ता खरीदने से हमें फायदा हुआ है और जीविकोपार्जन में आसानी हुई है। लॉकडाउन के दौरान वन विभाग द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मास्क का भी वितरण किया गया। तेन्दूपत्ता फड़ों में वनवासियों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। संग्रहण केन्द्रों में 100-100 की गड्डी को चट्टे के रूप में बनाया जा रहा है और पत्ते सुखाने का कार्य किया जा रहा है। बोरी में तेन्दूपत्ता भरकर गोदाम में परिवहन का कार्य जारी है। जिले के 75 संग्रहण केन्द्रों में 3 लाख 13 हजार 644 तेन्दूपत्ता संग्राहकों से लगभग 87 हजार 870 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित किया गया। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 10 करोड़ 76 लाख 93 हजार 421 रूपए का भुगतान किया गया।

डीपीएड-बीपीएड में प्रवेश के लिए आवेदन 24 जून तक

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गोरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में शिक्षा सत्र 2020-21 में डीपीएड/ बीपीएड पाठ्यक्रमय में प्रवेश के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में कार्यरत नियमित सहायक शिक्षकों या सहायक शिक्षक पंचायतों का चयन किया जाना है। इस पाठ्यक्रम में चयन के लिए दिशा-निर्देश और आवेदन पत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित प्रारूप के अनुरूप पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र कार्यालय प्रमुख के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 24 जून तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

डॉ. रमन सिंह ने जनसंपर्क अभियान का किया आगाज

■ पंचायत भवन एवं एटीएम का लोकार्पण भी किया

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने एक दिवसीय दौरे पर राजनांदगांव पहुंचे और केंद्रीय योजना अंतर्गत केंद्र सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की और करोना संक्रमण काल के मौजूदा दौर में सुरक्षा बढ़ाने एवं लोगों को और भी जागरूक करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

भाजपा कार्यालय में डॉ. रमन सिंह पत्रकारों से भी रूबरू हुए जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार की करोना संक्रमण काल में जांच व्यवस्था में कमी को दोषी ठहराते हुए लॉकडाउन के दौरान इसमें सुधार न करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। डा. सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित लॉकडाउन में सरकार को करोना से होने वाले संभावित संसाधनों की उपलब्धता पर ध्यान देना था, परंतु सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसका खामियाजा आज यह है कि एम्स के पास ढ़ाई हजार रिपोर्ट लंबित है, जिसे जांच करने में कम से कम 12 दिन लग सकते हैं। डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में लगातार तीन हाथियों की मौत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए।

डा. सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी साझा करते हुए यह दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में करोना से विजय के बाद भारत आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर होगा और विश्व में भारत की एक अलग छवि बनेगी, भारत की आर्थिक समृद्धि तेजी से बढ़ेगी। भाजपा कार्यालय से डॉ. सिंह ग्राम सुरगी पहुंचे, जहां नवनिर्मित पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। सुरगी के पश्चात मोखला एवं आंरला ग्राम पहुंचे, जहां पर मोदी सरकार की उपलब्धियों से भरा ऐतिहासिक कार्यकाल की मुख्य विशेषताओं का वर्णन किया और लोगों से मिलकर उनका हालचाल भी जाना, तत्पश्चात डॉ. रमन सिंह ग्राम भरेगांव पहुंचे, जहां पर एटीएम का लोकार्पण उनके द्वारा किया गया। लोकार्पण के पश्चात डॉ. सिंह ने मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर के निवास स्थान भी गए। भरेगांव से सीधे रायपुर रवाना हो गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, लीलाराम भोजवानी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, पवन मेश्राम, लीलाधर साहू, मुकेश चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, आनंद साहू, मनोज साहू, ओमकेश्वर चंद्राकर, हेमदास साहू, श्रीमती एकता चंद्राकर, अमेरिका बाई साहू, रवि सिन्हा, गगन आईच, बलवंत साहू, दुर्गेश यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता डॉ. रमन सिंह के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मोदी सरकार की उपलब्धियों के जन जागरण अभियान में शामिल हुए।

भाजयुमो की वर्चुअल रैली में शामिल होंगे जिले के नेतागण

राजनादगांव भाजयुमो ने पूरी की तैयारी

राजनांदगाँव। *छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनांदगाँव जिले के वर्चुअल रैली दिनांक 15 जून दोपहर 12 बजे है। इस वर्चुअल रैली में सांसद संतोष पांडे ,वरिष्ठ नेता लीलाराम भोजवानी, अशोक शर्मा , खुबचंद पारख , भाजयुमो के गुजरात प्रभारी व पूर्व सांसद अभिषेक सिंग,भाजपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह,भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा का संबोधन व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया की राजनांदगाँव के इस वर्चुअल रैली को लेकर वर्चुअल रैली राजनांदगाँव के प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी सुशांत शुक्ला व अनुराग जी को बनाया गया हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने रैली को सफल बनाने के लिए विधानसभा वार प्रभारी बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए लक्ष्य दिया गया है, विधानसभा वार लक्ष्य मानपुर-200,खुज्जी-500,डोंगरगाँव-500,डोंगरगढ़-500,राजनांदगाँव-1000,खैरागढ़-500,इस वर्चुअल रैली हेतु प्रभारी इस प्रकार हैं ज़िला प्रभारी-किशुन यदु,आलोक श्रोती,उद्घाटन गीत-मनोज निर्वाणी ज़िला सह प्रभारी-समीर श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी मानपुर-सचिन जैन,राजू तांडिया,खुज्जी-आशीष द्विवेदी,नीरज यादव,मनीष त्रिपाठी,डोंगरगाँव-हेमंत चोपड़ा,डिकेश साहू,मनोज काँडे,डोंगरगढ़-जसमीत बन्नोआना, गोलू सूर्यवंशी,राजनांदगाँव-ऋषिदेव चौधरी,मोनू बहादुर,गगन आइच,नागेश यदु,मनोज साहू ,खैरागढ़-प्रकाश सिंह,विक्की अग्रवाल आदि भाजयुमो नेताओं को रैली को सफल बनाने के लिए इसकी जिम्मेदारी दी गई है।*

न्यूज गैलरी

जियो फाइबर उपभोक्ता अतिरिक्त भुगतान के बिना एमजान प्राइम सदस्य होंगे

नई दिल्ली (वार्ता)। मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने शुक्रवार को जियो फाइबर उपभोक्ताओं को बिना अतिरिक्त भुगतान के एक वर्ष के लिए एमजान प्राइम सदस्यता का आधिकारिक एलान किया।एमजान प्राइम सदस्यता के लिए आमतौर पर एक वर्ष के लिए 999 रुपये का भुगतान करना होता है,लेकिन जियो ने यह लाभ पहले से गोल्ड और इससे ऊपर के ग्राहकों दिया है। जियो के अनुसार नये और पुराने जिन्होंने गोल्ड या इससे ऊपर का प्लान लिया इसका लाभ ले सकेंगे। सिल्वर और ब्रोंज प्लान वाले उपभोक्ता मौजूदा पेशकश का लाभ पाने के लिये आसानी से अपना प्लान गोल्ड और उससे ऊपर अपग्रेड कर सकते हैं। जियो फाइबर उपभोक्ताओं के लिए आज अमिताभ बच्चन की गुलाबो-सिताबो मुफ्त में उपलब्ध होगी। जियो फाइबर गोल्ड प्लान उपभोक्ताओं को हर माह 250 एमबीपीएस तक डाटा स्पीड, 1750 जीबी तक असीमित इंटरनेट, असीमित वायस कालिंग, असीमित वीडियो कालिंग एंड कान्फ्रेंसिग(टी वी वीडियो कालिंग समेत) और असीमित जियो एप्लीकेशन की सुविधा मिलती है।

गुरुवार को 65 हजार लोगों ने की हवाई यात्रा

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या एक दिन पहले 71 हजार के करीब पहुँचने के बाद गुरुवार को घटकर 65 हजार रह गई। नियमित घरेलू यात्री विमान सेवा 25 मई को दुबारा शुरू होने के बाद 18वें दिन 11 जून को देश के विभिन्न हवाई अड्डों से कुल 697 उड़ानें रवाना हुई जिनमें 65 हजार 339 यात्रियों ने सफर किया। इससे पहले बुधवार को 712 उड़ानों में 70,959 यात्रियों ने सफर किया था जो हवाई यात्री परिवहन दुबारा शुरू होने के बाद से सर्वाधिक है।

एचडीएफसी बैंक 1 लाख वीएलई के माध्यम से भारत के गांवों में 'समर ट्रीट' प्रस्तुत करेगा

मुंबई। आज एचडीएफसी बैंक ने देश में दूरदराज के गांवों में समर ऑफर प्रस्तुत करने की अपनी योजनाओं की घोषणा की। बैंक ने अपना ग्रामीण अभियान, 'समर ट्रीट्स' प्रस्तुत किया है, जिसमें व्यापारियों, वेतनभोगी तथा स्वरोजगारी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए आकर्षक ऑफर हैं। कोविड-19 का प्रसार रोकने के प्रयासों ने उपभोक्ताओं की जीवनशैली एवं मांगों को परिवर्तित कर दिया है। वर्क फ्रॉम होम एवं स्कूल फ्रॉम होम के कारण फोन, टैबलेट, कंप्यूटर एवं संबंधित एक्सेसरीज़ की मांग बहुत बढ़ गई है। सुरक्षित डिजिटल पेमेंट्स एवं निजी परिवहन की मांग भी बढ़ रही है। साथ ही दुकानों व व्यवसायों के खुलने के चलते उन्हें व्यवसायिक फाईनेंस की जरूरत पड़ रही है।

गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 243 अंक चढ़ा

घरेलू शेयर बाजारों में आज भारी उतार-चढाव देखा गया। खुलते ही करीब 1,200 अंक लुढ़कने वाला बीएसई का सेंसेक्स आखिरी घंटे में हुई लिवाली के दम पर 242.52 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त में 33,780.89 अंक पर बंद हुआ।

मुंबई (वार्ता)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरुआती गिरावट से उबरकर 70.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,972.90 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली से बाजार हरे निशान में लौटने में कामयाब रहा। यूरोपीय शेयर बाजारों में लौटी तेजी से भी घरेलू स्तर पर निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। महिंद्रा के शेयर सात प्रतिशत और रिलायंस के साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक चढ़े। ओएनजीसी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.96 प्रतिशत की छलाँग लगाकर 12,600.15 अंक पर और स्मॉलकैप 0.13 फीसदी चढ़कर 11,845.27 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी शेयर बाजारों में गुरुवार को छह से सात फीसदी की गिरावट से अन्य एशियाई बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों पर भी सुबह जबरदस्त दबाव देखा गया। चौतरफा बिकवाली के बीच सेंसेक्स 1101.68 अंक लुढ़ककर 32,436.69 अंक पर खुला और खुलते ही 32,348.10 अंक तक टूट गया। हालाँकि इसके बाद इसमें लगातार सुधार देखा गया। आखिरी घंटे में यह हरे निशान में लौट आया। कारोबार की समाप्ति से पहले 33,856.27 अंक तक चढ़ने के बाद अंत में 33,780.89 अंक पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में डेढ़ हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव देखा गया।

निफ्टी 351.05 अंक की गिरावट के साथ 9,544.95 अंक पर खुला और खुलते ही 9,544.35 अंक तक उतर गया। सेंसेक्स की तरह इसका ग्राफ भी लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। अंत में यह 9,972.90 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 2,653 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1,251 कंपनियों के शेयर बढ़त में और इतनों के ही शेयर गिरावट में रहे जबकि 151 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुये। बीएसई में ऑटो समूह का सूचकांक सबसे ज्यादा 2.91 प्रतिशत चढ़ा। ऊर्जा समूह में 2.40 प्रतिशत, दूरसंचार में 2.29, सीडीजीएंडएस में 1.69, बुनियादी वस्तुओं में 1.20, रियलिटी में 1.32, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद में 1.06 और तेल एवं गैस समूह में 1.03 प्रतिशत की तेजी देखी गई।

इनके अलावा वित्त, स्वास्थ्य, धातु, बैंकिंग और इंडस्ट्रियल्स समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे।

जीएसटी काउंसिल की बैठक : अधिकतम 500 जुर्माना, लेट जीएसटी पर बड़ी राहत

राज्यों की मुआवजा की जरूरतों पर विचार के लिए विशेष बैठक जुलाई में होगी

नई दिल्ली। कोरोना संकट के बीच पहली बार जीएसटी काउंसिल की बैठक खत्म हो चुकी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुआई में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में जीएसटी लेट फीस से परेशान कारोबारियों को राहत मिली है। वित्त मंत्री ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा, जुलाई, 2017 से जनवरी, 2020 के दौरान मासिक जीएसटी बिक्री रिटर्न दाखिल नहीं करने पर अधिकतम विलंब शुल्क 500 रुपये तय किया गया। बता दें इस 40वीं बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी भाग ले रहे थे। निर्मला सीतारमण के अलावा इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। वित्त मंत्री ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा, जुलाई, 2017 से जनवरी, 2020 के दौरान मासिक जीएसटी बिक्री रिटर्न दाखिल नहीं करने पर अधिकतम विलंब शुल्क 500 रुपये तय किया गया। यानी

जीएसटी परिषद ने कोरोना वायरस के मद्देनजर पांच करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को रिटर्न भरने में राहत देते हुये जुलाई 207 से जनवरी 2020 तक के लिए कर के साथ जीएसटीआर 3 बी फॉर्म भरने पर लगने वाले जुर्माने को 500 रुपये तक निर्धारित कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज हुयी परिषद की 40वीं बैठक में रिटर्न भरने से जुड़े कई निर्णय लिये गये। बैठक के बाद वित्त मंत्री ने संवाददाताओं से जिन करदाताओं पर करदेयता है उनको जुलाई 2017 से जनवरी 2020 तक (कोविड-19 से पहले तक) के लिए रिटर्न भरने पर अधिकतम 500 रुपये का जुर्माना लगेगा। विलंब शुल्क में जो कमी की गयी है वह सभी जीएसटीबार 3बी के लिए प्रभावी है और यह एक जुलाई से 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच करोड़ रुपये तक के वार्षिक कारोबार वाले करदाताओं को फरवरी 2020 से अप्रैल 2020 तक के लिए 6 जुलाई तक निर्धारित तिथि के बाद 30 सितंबर 2020 तक रिटर्न भरने पर लगने वाले जुर्माने को 18 फीसदी से कम कर नौ फीसदी कर दिया गया है।

कोरोनावायरस संक्रमण शुरू होने से पहले जिन कारोबारियों पर टैक्स की देनदारी थी उनका लेट फीस कम कर दिया गया है। इसका फायदा 1 जुलाई 2020 से लेकर 30 सितंबर 2020 तक रिटर्न फाइल करने वालों को भी मिलेगा। जुलाई, 2017 से जनवरी, 2020 के दौरान शून्य जीसटी रिटर्न वाली पंजीकृत इकाइयों पर कोई विलंब शुल्क नहीं लगेगा। वहीं 5 करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाले कारोबारियों को फरवरी से जून 2020 के बीच रिटर्न फाइल करने पर सिर्फ 9 फीसदी ब्याज चुकाना होगा। बता दें इससे पहले मार्च में हुई जीएसटी काउंसिल की 39वीं बैठक में भी कोरोना वायरस को लेकर अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चर्चा हुई थी। उस दौरान भारत में कोरोना वायरस के मामले बेहद कम थे और लॉकडाउन का भी फैसला नहीं लिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी परिषद फुटवियर, उर्वरक और कपड़ा क्षेत्र में उलट शुल्क ढांचा सुधारने पर गौर कर रही है। पान मसाले पर टैक्स को लेकर संवाददाताओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि पान मसाले पर कर लगाने को लेकर जीएसटी परिषद की अगली नियमित बैठक में विचार होगा। उन्होंने कहा कि राज्यों की मुआवजा की जरूरतों पर विचार के लिए एक विशेष बैठक जुलाई में होगी। उसका केवल यही एक एजेंडा होगा।

घर से काम करने के दौरान फिट रहने में मदद के लिए सोनी ने WI-SP510

वायरलेस स्पोट्स एक्स्ट्रा बास हेडफोन रू 4990 में लांच किए



इंदौर (ए.)। सोनी इंडिया ने आज अपने वायरलेस स्पोर्टस हेडफोन्स WI-SP510 पेश किए। स्पोर्ट्स प्रेमियों को एक्स्ट्रा बास देने के लिए खासतौर से तैयार यह IPX5 रेटिंग वाले नेकबैंड हेडफोन लंबे समय तक तथा सुविधाजनक इस्तेमाल के लिए क्विक चार्ज और आर्क सपोर्ट प्रदान करते हैं और अगर आप घर से काम (WFH) कर रहे हैंए तो बेहतर उत्पादकता के लिए आपको समुचित उपकरण चाहिए। आपके कार्य के अनुसार सही हेडफोनए घर से काम करने को आपके लिए सचमुच कारगर बना सकते हैं। अगर आपकी जॉब ऐसी है कि आपको ज्यादा कॉलें सुननी पड़ती हैंए तो आपको दिन भर कॉलें सुनने के लिए 15 घंटे लंबे बैटरी जीवनकाल वाले एक डेडिकेटेड वायरलेस हेडफोन WI-SP510 पर विचार करना चाहिए और काफी हल्का होने के कारण WI-SP510 को पहनने पर कोई स्ट्रेस नहीं होता। पॉवर खत्म होने की चिंता किए बिना जिम में मनचाहा वक्त बिताएंए जो इसकी बैटरी पूरी चार्ज होने पर 15 घंटे तक जीवनकाल की वजह से बखूबी संभव है। इसके अलावाए स्पोर्ट्स हेडफोन में क्विक चार्ज फंक्शन भी दिया गया है जिससे आप इसे केवल 10 मिनट तक चार्ज करके पूरे 1 घंटे का प्लेबैक पा सकते हैं। अब आप दिन भर अपने पसंदीदा म्यूजिक का आनंद ले सकते हैं। नेकबैंड का हल्का डिजाइन और एक आर्क फिटिंग सपोर्टए आपके इयर.बर्डस को उनकी जगह पर बनाए रखना सुनिश्चित करती है। प्रत्येक इयरबड में बिल्ट.इन मैग्नेट है जिससे इसे बिना किसी उलझाव के ले जाया और रखा जा सकता हैए और इससे यह दैनिक इस्तेमाल के लिए सुविधाजनक है।

महामारी की मार | कोरोना वायरस के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह से

अर्थव्यवस्था के और नीचे जाने का जोखिम : आईएचएस

नई दिल्ली। देश में लंबे समय से जारी लॉकडाउन के चलते चालू वित्त वर्ष में जहां भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी आने की आशंका है वहीं लॉकडाउन में ढील के बाद कोविड-19 के मरीजों की बढ़ती संख्या से देश का आर्थिक परिदृश्य और गिरावट के जोखिम को दिखा रहा है। बता दें 12 जून सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 पॉजिटिव केस 297535 हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से 12 जून सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10956 नए मामले आए और 396 मौतें हुईं। अभी तक कोरोना वायरस के चलते 8498 लोगों की मौत हो चुकी है।

अप्रैल-जून में जीडीपी वृद्धि दर में तीव्र गिरावट का अनुमान

आईएचएस मार्किट ने शुक्रवार को कहा, '' इस लंबे लॉकडाउन का असर देश के औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता व्यय

दोनों पर गहरा है। वर्ष 2020 की दूसरी तिमाही अप्रैल-जून में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर में तीव्र गिरावट का अनुमान है जिससे वित्त वर्ष 2020-21 में देश की आर्थिक वृद्धि दर भारी मंदी का शिकार हो सकती है। कंपनी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर कोविड-19 के प्रभाव को लेकर अपने आकलन में यह बात कही। भारत में 25 मार्च से लॉकडाउन लगा था और अभी कुछ क्षेत्रों में 30 जून तक रहेगा। हालांकि अब देश अनलॉक 1.0 के दौर में है।

लॉकडाउन में ढील से कोविड-19 के मामलों में कमी पर भारत में स्थिति उलट

आईएचएच मार्किट ने कहा कि अन्य देशों की तुलना में लॉकडाउन नियमों में राहत देने के बाद कोविड-19 के मामलों में कमी देखी गई, लेकिन भारत में स्थिति इसके उलट है। ऐसे में लॉकडाउन नियमों का भविष्य बहुत ज्यादा अनिश्चित है और अर्थव्यवस्था के और नीचे जाने का जोखिम बढ़ा है। सर्वेक्षण कंपनी ने कहा कि भारत में कोरोना मामले बढ़ने की वजह शहरों में जनसंख्या घनत्व अधिक होना, देश की ज्यादा आबादी और कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली होना है।

आईएचएस मार्किट का कंपनियों के खरीद प्रबंधकों के बीच किया जाने वाला अप्रैल का सर्वेक्षण 'पीएमआई लॉकडाउन के पूरे असर को दर्शाता है, जिसमें कारोबारी गतिविधियां लगभग ढह जाने के संकेत मिलते हैं। कंपनी का एकीकृत उत्पादन सूचकांक अप्रैल में 7.2 अंक रहा जो सर्वेक्षण शुरू होने के साढ़े चौदह साल के इतिहास में सबसे निचला स्तर है। सर्वेक्षण दिखाता है कि कोविड-19 ने देश के विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे कुल कारोबारी गतिविधियों में तीव्र गिरावट रही है।

जियो फाइबर ग्राहकों को अमेजन प्राइम वीडियो का सब्सक्रिप्शन फ्री

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने अपने सभी जियो फाइबर ग्राहकों को एक साल के लिए फ्री अमेजन प्राइम वीडियो का सब्सक्रिप्शन देने का ऐलान किया है। इसके लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। जियो की प्रेस रिलीज के मुताबिक जियो फाइबर के गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम और टाइटेनियम प्लान के ग्राहकों को अमेजन प्राइम वीडियो का सब्सक्रिप्शन मुफ्त में मिलेगा।

उपयोगकर्ता आज यानी 12 जून से ही अमिताभ बच्चन और आयुष्मान खुराना की फिल्म 'गुलाबो सिताबो' का भी आनंद ले सकेंगे। बता दें आज ही अमेजन प्राइम वीडियो पर 'गुलाबो सिताबो' रिलीज हुई है। इसके बाद कई अन्य फिल्में भी अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने के लिए कतार में हैं। अमेजन प्राइम वीडियो (हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, तमिल, मलयालम, गुजराती, तेलुगु, कन्नड़, पंजाबी और बंगाली) के उपभोक्ताओं को अमेजन उत्पादों पर डिलीवरी चार्ज नहीं लगता और इसकी डिलीवरी भी तेज होती है। जियो के मुताबिक सिल्वर और ब्रॉन्ज प्लान वाले ग्राहक इस रोमांचक ऑफर का लाभ उठाने के लिए JioFiber Gold या उससे ऊपर के प्लान को रिचार्ज और अपग्रेड कर सकते हैं। इस ऑफर का फायदा उठाने के लिए MyJio ऐप या Jio.com पर जाएं और अपने JioFiber खाते में लॉग इन करें।

आज का भविष्यफल

मेष: आज नए कार्यों का आयोजन करने के बारे में विचार कर सकते हैं। लेकिन बेहतर यह होगा कि इसमें किसी वरिष्ठ की राय जरूर ले लें। अन्यथा आपको भारी नुकसान हो सकता है।

वृषभ: आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। अपनों के साथ आज धार्मिक स्थल की यात्रा करना लाभकारी हो सकता है। विदेश में रह रहे किसी मित्र या स्नेहीजनों के समाचार मिलेंगे।

मिथुन: आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें। लेकिन किसी भी नए कार्य की शुरुआत करने से बचें। अन्यथा जल्दबाजी में किया गया निर्णय गलत भी साबित हो सकता है।

कर्क: आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से व्यतीत होगा। अगर व्यवसाय में हैं तो आज आपको लाभ ही लाभ मिलेगा। नौकरी में फिलहाल आपको थोड़ी-बहुत परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

सिंह: आज आपके व्यापार में विस्तार होगा। इससे आप कई बेरोजगारों की मदद करने में सक्षम होंगे। यह आपके लिए प्रसन्नता का कारण बनेगा।

कन्या: आज व्यापार से संबंधित सभी कार्यों के लिए शुभ दिन है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन करने के बारे में विचार कर सकते हैं। शेयर- सट्टे से आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है।

तुला: आज स्थायी संपत्ति, वाहन आदि की खरीद-फरोख्त में विचार-विमर्श अवश्य करें, मां अथवा घर में किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

वृश्चिक: आज नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी एवं नए कार्य प्रारंभ कर पाएंगे। हालांकि आज आपके मन में बार-बार परिवर्तन आएंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

धनु: आज आप हाथ में आया हुआ अवसर सही निर्णय न लेने के कारण गवां सकते हैं। वाणी द्वारा दूसरों को अपने प्रति आकर्षित करना लाभकारी रहेगा।

मकर: आज दिन की शुरुआत प्रसन्न मन और स्वस्थ चित्त से होगी। आर्थिक दृष्टि से भी आज का दिन लाभदायी रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों का साथ मिलेगा।

कुंभ: आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इसके चलते आप आज किसी एक निश्चय पर नहीं पहुंच पाएंगे और आपको मानसिक कष्ट भी हो सकता है। आज परिवार की कुछ जिम्मेदारियों को लेकर भी थोड़ा परेशान हो सकते हैं।

मीन: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा, धनप्राप्ति के भी योग हैं। हाथ में आए अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

सू- दोकू क्र.051

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.50 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

शब्द सामर्थ्य -051

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. विदाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, [illegible] 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. मज़ा, पसंद, स्वाद 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्यूजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो ऊबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 50 का हल

आईजी दीपांशु काबरा ने संकट में फंसे परिवार को पहुंचाई

कठोर कानून व्यवस्था और अनुशासन अच्छे पुलिस अधिकारियों के दिल में होती है मानवीय संवेदनाएँ

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । लॉक डाउन के दौरान जहां अनेक स्थानों में नियमो का पालन कराने पुलिस द्वारा अतिरिक्त सख्ती बरतने और लोगो के बेवजह परेशान होने की खबरें मिलती रही है वही कुछ पुलिस अधिकारियो द्वारा मानवीय दृष्टि से कार्य करते हुए गरीब व मजदूर वर्ग को राहत पहुंचाने कदम उठाए गए वह सुपर से भी ऊपर रहे।

इसी क्रम में बिलासपुर आईजी दीपांशु काबरा का भी कार्य इतना सराहनीय रहा कि वीडियो कांफ्रेसिंग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी प्रसंशा की । अप्रवासी मजदूरों के लिए भोजपुरी टोल नाके में चप्पलों की व्यवस्था और स्वयं की निगरानी में मजदूरों को चप्पल वितरण कराने का काम शायद ही कोई पुलिस का उच्च अधिकारी ने किया हो मगर आईजी दीपांशु काबरा ने यह सब करके बता दिया है कि कठोर अनुशासन प्रिय अधिकारी के दिल मे भी जरूरतमंदों के लिए संवेदना हिलोरे लेती है और वक्त आने पर उसे कार्यरूप में परिणित भी करते है बशर्ते उन्हें ऐसे वास्तविक जरूरत मन्दों की समय पर सूचना मिल जाये। इसी सेवाभावी भावना के तहत श्री काबरा ने एक ऐसी मजदूर महिला की मदद की जो मजदूर पति की मौत हो जाने के बाद पंजाब में फंसी थी ।

खबर मिलते ही आईजी ने टीम के साथ परिवार की जिम्मेदारी उठाई

पति की मौत का गम और लॉक डाउन की दुविधा में फंसी इस दुखियारी महिला की खबर जब श्री काबरा को मिली तो उन्होंने इस महिला व उसके परिवार को उसके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाई और ट्रेन से उन्हें जांजगीर तक पहुंचने में आई तीन मुश्किलों से निजाद दिलवाने के साथ ही चार पहिया वाहन में घर तक पहुंचाने में मदद की । यह परिवार घर पहुंचने के बाद आईजी श्री काबरा की गुणगान करते नही थक रहा । आईजी दीपांशु काबरा की इस मदद का वाकया कुछ इस तरह है कि जांजगीर चाम्पा जिले के सकती तहसील से बहुत से गरीब परिवार पंजाब समेत अन्य राज्यो में रोजगार की तलाश में गए और वहां काम मिलने पर सपरिवार गुजर बसर कर रहे थे इसमें पंजाब गए कैलाश रात्रे का भी परिवार था । पंजाब के ब्यास जिले में यह परिवार मजदूरी कर रहा था । लाक डाउन के दौरान जब पूरे देश मे मजदूरों की घर वापसी के लिए अफरातफरी का माहौल था उसी दौरान कैलाश रात्रे की गम्भीर बीमारी के दौरान हुई मौत ने उसके परिवार के समक्ष गम्भीर संकट ला दिया।उसकी पत्नी उर्मिला रात्रे के समक्ष बड़ी विषम परिस्थिति हो गई ।परिवार के रूप में बेटी सरोजनी 20 साल दामाद पोखर ओगरे 30 साल पुत्र सरजू 10 साल और पुत्री सोनिया 8 साल साथ मे थे । कैलाश का अंतिम संस्कार उन्होंने वही कर दिया मगर विकट और गम्भीर समस्या यह थी कि लाक डाउन में अब वे घर कैसे लौटे।कतिपय अखबारों में इस परिवार की व्यथा जब छपी तो खबर पर आईजी श्री काबरा की नजर पड़ी । उनसे नही रह गया और उन्होंने इस परिवार को उनके घर तक सकुशल पहुंचने में मदद करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने स्तर पर इस मजदूर परिवार ब्यास जिले से लखनऊ होते हुए छतीसगढ़ सीमा और सोनभद्र से जांजगीर तक आने की सम्पूर्ण व्यवस्था करवा दी मगर यह मजदूर परिवार धोखे से दूसरे ट्रेन में पंजाब से बैठकर लखनऊ पहुंच गए। सूचना मलिन पर श्री काबरा ने उप्र की पुलिस से सम्पर्क किया तो वहां की पुलिस ने इस को परिवार को छतीसगढ़ आने वाली एक बस में बिठा दिया। यह परिवार बस से जब सोनभद्र सीमा पर पहुंचा तो आईजी ने बलराम पुर के जिला पुलिस से बात की तो वहां की पुलिस ने जांजगीर तक आने वाली बस में इस परिवार को बिठाकर रवाना कर दिया मगर वह बस इस मजदूर परिवार को कोरबा में उतार कर वापस लौट गया। आई जी श्री काबरा को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने कोरबा एसपी निर्देशित कर उनके लिए व्यवस्था करने को कहा । कोरबा पुलिस ने चार पहिया वाहन की व्यवस्था कर इस परिवार को उनके गृह ग्राम तक पहुंचाया । घर पहुंच कर मजदूर परिवार व दामाद ने कहा यदि आईजी साहब मदद नही करते तो पता नही वे कब घर लौट पाते । उन्होंने श्री काबरा का आभार भी जताया।

यहीं नहीं थमी मदद

आईजी ने ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत उपनिरीक्षक के परिवार को बुलाकर मदद के हाथ बढ़ाया आईजी श्री काबरा ने वर्ष 2007 में ड्यूटी के दौरान जान गवाने वाले एक ए एसआई के बीमार व आर्थिक संकर से जूझ रही पत्नी व परिवार को स्वयं फोन करके बुलाया और उन्हें हर सम्भव मदद का वादा करते हुए पुलिस मुख्यालय में अनुकम्पा नियुकित के लिए विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने एसपी दफ्तर से प्रकरण की फाइल मंगा समुचित मदद के लिए मुख्यमंत्री से भी चर्चा करने की बात कही।

---

26 साल से किसानों की गुहार अब तो सुन लो सरकार

किसानों की खेती की जमीन को निगल रहा महानदी का सैलाब

किसान पिचिंग निर्माण की लगा रहे गुहार, सरंगपाल महानदी में पिचिंग कार्य की प्रक्रिया भी पूरी

- **अगले सत्र में पिचिंग का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाएगा : विधायक**

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। शहर से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर सरंगपाल के त्रिवेणी संगम महानदी के उस पार के ग्राम पंचायत साल्हेटोला के किसान विगत 26 साल से महानदी में पिचिंग की माँग को लेकर अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगा चुके है।लेकिन इस बीच वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में विकसित हो गया है।और मध्यप्रदेश विभाजन के करीब 20 साल बाद इन किसानों की सुध नही लिया गया हैं

साल्हेटोला के पिचिंग की मांग वालों खबर को 8 जुन को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।खबर के बाद 26 साल से गुहार लगा रहे किसानों की अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अफसरों ने कोई सुध नही लेते दिखाई दे रहे है।अब 26 साल से गुहार लगाने वाले किसानों का दर्द खुलकर सामने आने लगा है।किसान अब बड़े आंदोलन करने की रणनीति तैयार करने में जुटे होने की खबर सूत्रों से ज्ञात हो रही है।

साल्हेटोला के प्रभावित किसानों की माने तो बीते 1994 के दौरान जब मध्यप्रदेश की सरकार हुआ करती थी।उस समय की किसानों की प्रमुख माँग को अब तलक पूर्ण नही किया जाना विडंबना है।और वर्ष2000 के बाद मध्यप्रदेश से विभाजन होकर छत्तीसगढ़ का नया राज्य गठन होने के बाद पूरे 26 साल गुजर जाने के बावजूद आज पर्यंत तक किसानों की पिचिंग की समस्या का निराकरण नही किया गया है।सरकार और प्रशासन की लचर व्यवस्था से किसानों में जमकर नाराज़गी देखी जा सकती है।

साल्हेटोला में त्रिवेणी संगम महानदी उफान का असर

दर्जनों किसानों को सता रहा खेत कटाव का बढ़ता खतरा

अफसरों के टालमटोल रवैये से फाइल अटकी

साल्हेटोला के वयोवृद्ध किसानों ने बताया की सरंगपाल के महानदी में पिचिंग निर्माण कार्य तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार के विधायक अघन सिह ठाकुर तत्कालीन सांसद सोहन पोटाई के अथक प्रयास से पिचिंग निर्माण कार्य रोजगार गारंटी योजना से वर्ष 1994 के दौरान शुरू किया गया था।लेकिन जलसंसाधन विभाग के द्वारा उक्त निर्माण कार्य को आधे--अधूरे में छोड़ दिया गया । उसके बाद जलसंसाधन विभाग के उपअभियंता के द्वारा उक्त अधूरे निर्माण कार्य का प्रपोजल बनाकर राज्य शासन को भेजे जाने की जानकारी बताई गई है।

> *मेरी पहली प्राथमिकता साल्हेटोला के प्रभावित किसानों की पिचिंग निर्माण की माँग पर है। पिचिंग निर्माण कार्य के सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चूंकि बारिश लग चुकी है। अगले सत्र में सरंगपाल महानदी के किनारे बसे साल्हेटोला ग्राम पंचायत के किसानों के पिचिंग का कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया जाएगा ।किसानों की समस्या जल्द पूर्ण होंगे।*
>
> ***शिशुपाल शोरी,** विधायक विधानसभा काँकेर*

साल्हेटोला के किसानों ने कहा 26 साल की गुहार सुन लो सरकार

साल्हेटोला के प्रभावित किसान अरुण देवांगन महेंद्र देवांगन सहित अन्य प्रभावित किसानों ने कहा की तत्कालीन मध्यप्रदेश की सरकार से लेकर नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से दोनों राष्ट्रीय पार्टी की सरकार से किसान गुहार लगा चुके है ।लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही नही हुई है।जिससे किसानों का धैर्य जवाब देता दिख रहा है।अब किसान यह कहते नज़र आ रहे हैं।की 26 साल से किसानों की गुहार अब तो सुन लो सरकार की तर्ज़ पर किसानो को छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार से काफी उम्मीद जताई जा रही है।

राज्य में मिले 13 पॉजीटिव मरीज, 8 डिस्चार्ज

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर से शुक्रवार को आठ रोगियों को कोविड-19 वार्ड से डिस्चार्ज किया गया। अभी यहां 132 रोगी कोविड-19 का उपचार प्राप्त कर रहे हैं। एक रोगी अभी भी वेंटीलेटर पर है। एम्स के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर के अनुसार वीआरडी लैब में विगत 24 घंटे (रात्रि 08 बजे तक) में 13 कोविड-19 पॉजीटिव टेस्ट हुए हैं। इसमें राजनंदगांव और रायपुर से चार-चार, जशपुर और बलौदाबाजार के दो-दो और धमतरी का एक सैंपल शामिल हैं। धमतरी का रोगी पहले से ही त्वचा रोग विभाग में एडमिट था।

एमजीएम के खिलाफ एफआईआर रद्द करने याचिका खारिज

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मिकी मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख ट्रस्टी और निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता के पिता जयदेव गुप्ता की याचिका आज हाईकोर्ट ने खारिज कर दी जिसमें उन्होंने तीन करोड़ रुपये के घोटाले के खिलाफ आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग की थी। ईओडब्ल्यू ने ट्रस्टी जयदेव गुप्ता, मुकेश गुप्ता तथा हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा अग्रवाल के खिलाफ धारा 420, 406 और 120 (बी) आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। दर्ज एफआईआर के मुताबिक एमजीएम ट्रस्ट ने गरीबों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने, शासकीय कर्मचारियों को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा का लाभ देने तथा मेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण देने के नाम पर साल 2006 में दो करोड़ और 2007 में एक करोड़ रुपए का अनुदान राज्य शासन से प्राप्त किया। बाद में इस राशि का दुरूपयोग करते हुए ट्रस्ट के बैंक कर्ज अदा किया गया। दर्ज एफआईआर को खारिज करने के लिए मिकी मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के प्रमुख और आईपीएस मुकेश गुप्ता के पिता जयदेव गुप्ता ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर 9 जून को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। जस्टिस गौतम भादुड़ी की अदालत से आज इस पर फैसला आया।

एनटीपीसी प्लांट में बन रहा एफजीडी सिस्टम

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एनटीपीसी अपने विंध्यांचल पावर प्लांट के बाद कोरबा सुपर थर्मल पावर प्लांट की इकाइयों में एफजीडी सिस्टम बना रहा है। इसकी लागत करीब 12 सौ करोड़ रुपए है। इसका निर्माण बीएचईएल द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के किसी पॉवर प्लांट में लगने वाला यह पहला सिस्टम है। फ्यूल गैस डिसल्फराइजेशन अर्थात एफजीडी वह तकनीकी व्यवस्था है। जिसके तहत बिजली बनाने के लिए कोयला उपयोग से निकलने वाली खतरनाक सल्फर डाइऑक्साइड गैस को चिमनी से निकलने के पहले ही अलग कर लिया जाएगा। एनटीपीसी ने अपने विंध्याचल प्लांट में इसे स्थापित किया है। इसके बाद यह कोरबा के प्लांट की 500 मेगावाट की तीन इकाइयों में लगाया जा रहा है। यह ईएसपी के जैसे ही होता है मगर सल्फर डाइऑक्साइड को सोख लेता है। इस संबंध में एनटीपीसी कोरबा के सीजीएम अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बिजली उत्पादन के साथ हम क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी काम कर रहे हैं। अपर महाप्रबंधक ओएंडएम एम रघुराज ने कहा कि सल्फर डाइऑक्साइड वातावरण में जाने से इसका दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, वनस्पति व किसी भी जीव पर पड़ता है।

सल्फर डाइऑक्साइड की अधिकता हो जाने पर जहां वनस्पति व जमीन की उपजाऊ क्षमता कम होती है । वही स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां भी हो सकती हैं।

बारिश में हो जाती है खतरनाक सल्फर डाइऑक्साइड

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे एनजीओ सार्थक के सचिव लक्ष्मी चौहान ने कहा कि कोयला से चलने वाले किसी भी प्लांट में धुएं के साथ सल्फर डाइऑक्साइड होता है। खास करके बारिश में जब यह गैस पानी में घुलती है तो सल्फ्यूरिक एसिड बन कर जमीन पर गिरता है जो जमीन की उर्वरता कम करता है वहीं किसी भी जीव व वनस्पति के लिए भी हानिकारक है। सभी पॉवर प्लांट जो थर्मल है उनमें यह सिस्टम लगनी चाहिए। कोरबा में करीब 10 हजार मेगावाट के प्लांट है।

सीमेंट प्लांट को रैक से फ्लाई एश भेजी जाएगी

सीजीएम त्रिपाठी ने कहा कि बलौदा बाजार भाटापारा स्थित सीमेंट प्लांट में फ्लाईऐश पिछले दिनों रेलवे की रैक से भेजने का हमने सफल प्रयोग किया। अब इसे बड़े पैमाने पर भेजने के लिए सीमेंट उत्पादकों से बातचीत की जा रही है । इसी तरह से बिलासपुर-कटघोरा, उरगा से सीपत बिलासपुर व कटघोरा कोरबा चांपा हाईवे निर्माण में भी फ्लाईऐश उपयोग की जाएगी। हमारा आंकलन है कि प्रतिवर्ष करीब 20 लाख टन से अधिक राख की जरुरत पड़ेगी।

कोडियाघाट में ऐश डाइक बनाने में अब हाथी अभयारण्य की बाधा

एनटीपीसी ने धनरास के बाद कोड़ियाघाट को नए राखड बांध के लिए चिन्हित किया है। वहां 200 एकड़ जमीन निजी व 1000 एकड़ वन व राजस्व जमीन है। सीजीएम त्रिपाठी ने कहा कि इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार हमारी पूरी मदद कर रहा है। हालांकि 15 अगस्त को सरकार ने हाथी अभ्यारण्य बनाने की जो घोषणा की है उसमें हाथियों के आने जाने वाले मार्ग में कोड़ियाघाट के पास का रास्ता भी शामिल है। इस संबंध में कुछ सुझाव मिले हैं।

निजी स्कूल न्यू एडमिशन के साथ ले रहे हैं अप्रैल माह की फीस...!

- **अभिभावकों को भेजा जा रहा मैसेज, जबकि क्वारेंटीन सेंटर भी रहा स्कूल**
- **स्कूल शिक्षा के प्रमुख सचिव के आदेश को भी नहीं मान रहे निजी स्कूल**

यशवंत रजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के दौरान स्कूलों में भी पूरी तरह लॉक डाउन होने के बावजूद कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्तिथ निजी स्कूल सेंट जोसेफ स्कूल से नए सत्र की फीस भरने के लिए एसएमएस किया जा रहा है। स्कूल के सत्र की जो फीस ली जा रही है उसमें अप्रैल माह की फीस भी शामिल की गई। जबकि शासन ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि कोरोना काल तक स्कूल फीस नहीं लेना है। इसके बाद भी अगर स्कूल प्रबंधन जबरदस्ती फीस लेता है तो पालकों की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वही अधिकारी शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कह रहे जो कि जिले में चरचा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार बच्चों के पालकों ने सेंट जोसेफस्कूल के प्रबंधन के दबाव व मोबाइल में मैसेज भेजने से जिले के अधिकारियों के द्वारा शिकायत के पश्चात भी कोई कार्यवाही नही होने के कारण अब निजी स्कूल के दबाव में आकर बैंक ऑफइंडिया जाकर फीस जमा करना भी आरंभ कर दिए हैं वही जिले के अधिकारियों को अब शिकायत का इंतजार है ।

हालांकि कई पालक इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं लेकिन अपने बच्चों के भविष्य की वजह से खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। जहा बच्चो के पालको का कहना है कि जब अप्रैल में स्कूल बच्चे गए ही नही तो यह फीस क्यो लिया जा रहा इस सबंध में स्कूल प्रबंधन भी कोई स्पष्ट कारण नही बता रहा जिस कारण शासन द्वारा जारी निर्देश को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं । वही जब इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य सिस्टर जैसी से फोन पर बात की गई तो उन्होंने इनकार किया कि नए सत्र का एडमिशन चालू कर दिया गया है और फीस भी ली जा रही है लेकिन जैसे ही उनसे पूछा गया की अप्रैल माह की फीस क्यों लिया जा रहा है तो उन्होंने कार्यालय में आकर बात करने को कहा। बाद में स्कूल में प्रिंसिपल ने बताया कि डीईओ ऑफिस लेटर भेज कर ही एडमिशन प्रक्रिया चालू की गई है। कोरोना काल के 3 माह की फीस जो पैरेंट्स स्वेच्छा से दे रहे हैं उनसे ली जा रही है। जो नही दे पा रहे हैं उन्हें दबाव नही दिया जा रहा है।

> ***फीस के लिए दबाव नहीं बना सकता प्रबंधन***
>
> *उपसंचालक से आदेश आया था कि कोरोना काल मे फीस नहीं लेना है, ऐसा आदेश नही है कि इस अवधि का फीस नही लेना है। स्कूल प्रबंधन किसी को फीस के लिए दबाव नही बना सकता। अगर दवाब बनाया जाता है तो पालको की शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी अब तक इस संबंध में शिकायत नही मिला है।*
>
> ***संजय गुप्ता,** डीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया*

अकोली वासियो को अब शीघ्र मिलेगा नया पंचायत भवन : संगीता साहू

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अकोली में बनने वाले नए पंचायत भवन का भूमि पूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोहर साहू ने किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भरत वर्मा भी साथ थे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू के प्रतिनिधि केतुमान साहू ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया की इस अवसर पर उन्होंने नए पंचायत भवन निर्माण के लिए ग्रामवासियों को बधाई दी

कांग्रेस नेता केतुमान साहू ने बताया की ग्राम पंचायत अकोली के लोगो की काफी लम्बे समय से नये पंचायत भवन की मांग थी।जनपद अध्यक्ष संगीता साहू के समक्ष भी गांव के जनप्रतिनिधियों ने मांग रखी थी। ग्रामवासियो की महत्वपूर्ण और जायज मांग को पूर्ण कराने के पश्चात नए पंचायत भवन की स्वीकृति मिलते ही ग्राम के सरपच के अनुरोध पर उसका भूमि पूजन जनपद पंचायत की अध्यक्ष ने किया।भूमि पूजन के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा हमेशा गांव के विकास और गॉव की खुशहाली की रहती है उनकी यहीअच्छी सोंच का परिणाम यहाँ पर होने वाला यह भूमि पूजन है।गांव का विकास के लिये कृतसंकल्पित हमारे नेता लगातार गाँव गरीब और किसानो की समृद्धि के लिए कार्य कर रहे है।उपस्थित लोगो से कहा की आपके गॉव के जनप्रिनिधियो ने उन्हें और भी यहांकी मांगो से अवगत कराया है, वे विस्वास दिलाती है की आपके गाव के विकास के लिए हर सम्भव कार्य किया जायेगा ।